

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 3 अंकः 204 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 08 मई 2025 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


# भारत पर बड़ा हमला करेंगे...

## अभी भी नहीं चेता पाकिस्तान, ऑपरेशन सिंदूर का बदला लेने की दे रहा धमकी

**समाज जागरण**

भारत के हमले के बाद पाकिस्तान को तबाही का सामना करना पड़ा है. मगर, वहां कि सेना प्रोपगेंडा के तहत भारत को बदनाम करने की कोशिश कर रही थी. तभी लश्कर ने अपने हेडक्वार्डर का वीडियो जारी किया, जिसे पाकिस्तानी आर्मी उसे आम लोगों का ठिकाना बता रही थी. भारत के हमले के बाद, नुकसान के बाद भी प्रोपगंडा फैला रही थी. पाकिस्तानी सेना मीडिया में फैला रही थी कि भारत ने हमारे नागरिकों का ठिकाना तबाह किया है. पूरी दुनिया में भारत को बदनाम करने की कोशिश की जा रही थी. मगर, जिस जगह का वीडियो और फोटो वे जारी कर रहे थे, इसी समय लश्कर ने वीडियो जारी किया और उसे अपना हेडक्वार्डर बता रहा था.




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति मुर्मू से मिलने जाने वाले हैं. वह उनको हमले की जानकारी देंगे. साथ ही केंद्रीय सरकार ने गुरुवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है. इस बैठक में विपक्ष को इस हमले की जानकारी दी जाएगी.

सेना की तरफ से कर्नल सोफिया और एयरफोर्स की ओर से व्योमिका सिंह प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि भारतीय सेना ने पीओके और पाकिस्तान में घुसकर कैसे लश्कर-ए-तैयबा, हिजबुल और जैश के ठिकाने को तबाह कर दिया. सेना ने अपने कॉन्फ्रेंस में वीडियो जारी करते हुए ऑपरेशन सिंदूर के हमले का वीडियो भी जारी किया है.

ऑपरेशन सिंदूर के साथ भारत की सेना ने बॉर्डर पर भी खेला कर दिया है.दर-असल,ऑपरेशन सिंदूर के साथ ही बॉर्डर पर 13वें दिन भी पाकिस्तानी सेना ने गोलीबारी की. मगर, भारत ने जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान की कई चौकियों को तबाह कर दिया है.

पहलगाम हमले का बदला लेने में यूं हीं 14 दिन नहीं लगे. दिल्ली में दिन रात तैयारी चल रही थी कि किन जगहों पर हमला करना है. दरअसल, भारत आतंकियों के नर्क भेजने की तैयारी कर रहा था. आज के हमले से कम से कम यही पता चलता है. भारत ने जिन जगहों को तबाह किया था, वह हाफिज सईद और मसूद अजहर के मदरसे थे. यहां पर ही छोटे बालकों का ब्रेन वॉश करके आतंकी बनाया जाता था.

ऑपरेशन सिंदूर का डंका बज चुका है. पूरे देश में सेना को वाहवाही मिल रही है. शुभम द्विवेदी की पत्नी का सवेरे-सवेरे बयान आया है. उनकी पत्नी ने कहा, 'मैं अपने पति की मौत का बदला लेने के लिए पीएम मोदी को धन्यवाद देना चाहती हूं. मेरे पूरे परिवार को उन पर भरोसा था. जिस तरह से उन्होंने (पाकिस्तान को) जवाब दिया, उसने हमारे भरोसे को कायम रखा है. यही मेरे पति को सच्ची श्रद्धांजलि है. मेरे पति आज जहां भी होंगे, उन्हें शांति मिलेगी.'

## जिन्होंने भारत की बहन बेटियों का सिंदूर छीनने की कोशिश की, उन्हें अपना खानदान खोना पड़ा : योगी



लखनऊ, 07 मई : ऑपरेशन सिंदूर आतंकियों को करारा जवाब है। जिन्होंने भारत की बहन बेटियों का सिंदूर छीनने की कोशिश की, उन्हें अपना खानदान खोना पड़ा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी में मॉकड्रिल कार्यक्रम के दौरान नागरिक सुरक्षा की तैयारियों का जायजा लेते हुए ये बातें कहीं। सीएम ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश की सेना की बहन-बेटियों के प्रति संवेदना का प्रतीक है। सेना के पराक्रम को जनता का भी पूरा समर्थन है। उन्होंने पहलगाम हमले पर सेना की कार्रवाई को निर्णायक बताया। सीएम बोले, देश की आन बान और शान के साथ किसी को खिलवाड़ नहीं करने देंगे। देश सर्वप्रथम है। भारत माता के खिलाफ जिन्होंने साजिश रची है उन्हें इसका परिणाम भुगतना होगा।

सर्वप्रथम देश, फिर कुछ और, सीएम योगी ने दिया स्पष्ट संदेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत माता के खिलाफ जो भी साजिश रचेगा, उसे परिणाम भुगतना होगा। सेना की कार्रवाई का पूर्ण समर्थन करते हुए उन्होंने कहा कि गांव, शहर और मोहल्लों में जब भी सुरक्षा से जुड़ा मामला सामने आएगा, तब सबसे पहले देश की चिंता की जाएगी।

## आम सहमति के अभाव में सीबीआई प्रमुख प्रवीण सूद को एक साल का सेवा विस्तार मिला



केंद्र सरकार ने बुधवार को सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया, क्योंकि उनके उत्तराधिकारी पर आम सहमति नहीं बन पाई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस आशय के निर्णय को कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने मंजूरी दे दी है। इस सप्ताह की शुरूआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए सीबीआई निदेशक की नियुक्ति के लिए चयन समिति की बैठक की अध्यक्षता की। पीएमओ में आयोजित इस बैठक में भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ-साथ अन्य सरकारी अधिकारी भी शामिल हुए।

# टैरिफ वॉर से भारत को बड़ा फायदा ! सरकार के बचेंगे 1.80 लाख करोड़ !

**देश के कुल आयात बिल में सबसे ज्यादा हिस्सेदारी कच्चे तेल की होती है. ग्लोबल मार्केट में कच्चा तेल सस्ता होने से अगले एक साल में भारत सरकार के खजाने को 1.80 लाख करोड़ रुपये की बचत होगी.**

**समाज जागरण**

नई दिल्ली. टैरिफ वॉर और व्यापार युद्ध से जहां दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है, वहीं भारत के 1.80 लाख करोड़ रुपये बचने का अनुमान लगाया जा रहा है. ग्लोबल रेटिंग एजेंसी इक्रा ने इस बारे में रिपोर्ट जारी कर बाकायदा जानकारी दी है. एजेंसी का कहना है कि टैरिफ वॉर, रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से कच्चे तेल की कीमतों में नरमी बनी हुई है. ब्रेंट क्रूड का भाव तो 60 डॉलर से भी नीचे चला गया है. इससे पहले कोरोनाकाल में कीमत 30 डॉलर तक चली गई थी, जबकि रूस-यूक्रेन युद्ध के समय भी इसमें काफी उतार-चढ़ाव आया था. अब अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने आगे भी क्रूड की कीमतें नरम रहने का अनुमान लगाया है.

रेटिंग एजेंसी ने बताया कि भारत को अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा दरों में नरमी का रुख जारी रहने पर कच्चे



तेल और एलएनजी के आयात पर 1.8 लाख करोड़ रुपये तक की बचत हो सकती है. भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चे तेल का आयातक और उपभोक्ता है. भारत अपनी जरूरत का 85 फीसदी से अधिक कच्चा तेल आयात करता है. वित्तवर्ष 2024-25 में भारत ने विदेशों से कच्चा तेल खरीदने पर 242.4 अरब डॉलर खर्च किए थे. भारत के आयात बिल में सबसे ज्यादा हिस्सेदारी कच्चे तेल की ही रहती है.

### एलएनजी के लिए भी आयात

भारत में तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की मांग का लगभग आधा हिस्सा घरेलू उत्पादन से पूरा होता है. इस मद में पिछले वित्तवर्ष आयात पर 15.2 अरब डॉलर खर्च किए गए है. मांग के मोर्चे पर अनिश्चितता के बीच वैश्विक आपूर्ति बढ़ने के अनुमान के कारण इस सप्ताह की शुरूआत में अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतें चार साल के निचले स्तर 60.23 डॉलर प्रति बैरल पर आ गईं.

### आगे कितनी रहेगी कीमत

रेटिंग एजेंसी इक्रा का कहना है कि वित्तवर्ष 2025-26 में भी कच्चे तेल की औसत कीमत 60-70 डॉलर प्रति बैरल के दायरे में रहने का अनुमान है. इस स्तर पर कच्चे तेल का उत्पादन करने वाली कंपनियों की कमाई वित्त वर्ष 2025-26 में 25,000 करोड़ रुपये रह सकती है. एजेंसी ने यह अनुमान भी लगाया गया कि चालू वित्तवर्ष में कच्चे तेल के आयात पर 1.8 लाख करोड़ रुपये और एलएनजी के आयात पर 6,000 करोड़ रुपये की बचत संभव है.

### भारत का आयात बिल कितना

भारत के कुल आयात बिल में कच्चे तेल की हिस्सेदारी 25 फीसदी से भी ज्यादा रहती है. वित्तवर्ष 2024-25 के दौरान भारतीय निर्यात (माल और सेवाएं) 820.93 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5.5% की वृद्धि दशार्ता है. इस दौरान कुल अनुमानित आयात 915.19 अरब डॉलर था और इस अवधि के दौरान व्यापार घाटा 94.26 अरब डॉलर था. इस आयात बिल में करीब सवा 200 अरब डॉलर का बिल कच्चे तेल का था.

# पाकिस्तान में आतंक के अड्डों पर भारतीय सेना ने किया विनाशकारी और सटीक हमले

**प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय सशस्त्र बलों को सलाम : भाजपा नेता सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल**

**रघुनंदन पराशर जैतो चीफ ब्यूरो**
**दैनिक समाज जागरण**

जैतो,7 मई : भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साहसी और निर्णायक नेतृत्व में भारतीय सेना द्वारा किए गए साहसिक और सटीक हमलों के समर्थन में कहा, "भारत जाग गया है। ग्रेवाल ने कहा कि पहलगाम में निर्दोष भारतीयों का जो खून बहा, वह व्यर्थ नहीं गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोहे जैसे नेतृत्व और हमारी भारतीय सेना की अतुलनीय वीरता के तहत न्याय को आग और आंधी के साथ पूरा किया गया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' ने भारत के दुश्मनों को एक स्पष्ट संदेश दिया है कि हमारी सहनशीलता हमारी कमजोरी नहीं, और हमारी चुप्पी हमारी हार नहीं है।"उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की यह कार्रवाई मात्र प्रतिशोध नहीं है – यह न्याय हैः उग्र, केंद्रित और देशभक्ति से ओतप्रोत। एक ही रात में पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में नौ आतंकी लॉन्चपैड्स को ध्वस्त कर दिया गया। यह हमला न केवल पहलगाम की बर्बर घटना में 26 निर्दोष नागरिकों की शहादत का बदला है, बल्कि यह आतंक को पनाह देने वाले देशों के लिए नियमों की परिभाषा भी बदल चुका है।ग्रेवाल ने कहा कि "प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया को दिखा दिया है कि सच्चा नेतृत्व क्या होता है – खोखली बातों से नहीं, बल्कि ऐसे कार्यों से जो बिजली से भी तेज गूंजते हैं। अब मोदी जी के नेतृत्व में भारत पर कोई हमला अनुत्तरित नहीं जाएगा, किसी भारतीय की जान सस्ती नहीं मानी जाएगी, और कोई भी दुश्मन अब सुरक्षित नहीं है।"उन्होंने कहा कि "यह सिर्फ सर्जिकल स्ट्राइक नहीं – यह इतिहास लिखने का क्षण है। मुरिदके से लेकर बहावलपुर तक, कोटली से मुजफ़्फराबाद तक, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के दुष्ट अड्डों को सटीकता से नेस्तनाबूद कर दिया गया है। ये सिर्फ आतंकी कैंप नहीं थे – ये मौत की फैक्ट्रियाँ थीं, और आज ये खंडहर बन चुकी हैं।"उन्होंने कहा कि "हमारी सेनाएं रात की छाया की तरह चलीं – सटीक, प्रचंड और अजेय। हमारे वीर सैनिकों की बहादुरी केवल सराहना की नहीं, बल्कि हर भारतीय की चिरस्थायी कृतज्ञता की अधिकारी है। इन भारत माता के वीर पुत्रों ने सैन्य पराक्रम और राष्ट्रीय गर्व का एक नया अध्याय रच दिया है।"पाकिस्तान की सेना और आतंक के समर्थकों पर तीखा हमला करते हुए ग्रेवाल ने कहा कि भारत के दुश्मनों को समझ लेना चाहिए – हमारी क्षमा की सीमा है, लेकिन हमारे साहस की कोई सीमा नहीं। तुम हमारे लोगों को लहूलुहान कर सीमाओं के पीछे नहीं छिप सकते। हम तुम्हें ढूंढ निकालेंगे, हमला करेंगे और समाप्त करेंगे।"उन्होंने कहा कि "न्याय अब पूरा हुआ है – और यह आग की तरह तपता हुआ न्याय है। भारतीय सेना द्वारा किए गए हमलों के बाद 'जय हिंद' के शब्द मात्र एक औपचारिक संदेश नहीं – यह भारत की अडिग शक्ति, संकल्प और अदम्य इच्छा का ऐलान है।ग्रेवाल ने उन राजनीतिक मौकापरस्तों और तथाकथित बुद्धिजीवियों को भी चेताया जो मोदी सरकार के हर कदम पर सवाल उठाते हैं। उन्होंने कहा कि "जो लोग शांति की भाषा बोलते हैं जबकि हमारे नागरिकों की निर्ममता से हत्या हो रही है – वे लोकतंत्र की आवाज नहीं, कायरता की गूंज हैं। आज पूरा भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमारी सेनाओं के साथ एकजुट है। यह राजनीति नहीं है – यह देशभक्ति है। और देशभक्ति हमेशा जीतती है।"ग्रेवाल ने भारतीय सेना को उनके अतुलनीय कौशल और साहस के लिए नमन किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'नए भारत' की मजबूत, संप्रभु और सुरक्षित परिकल्पना की भूरि-भूरि प्रशंसा की।"कश्मीर से कन्याकुमारी तक, अरुणाचल से गुजरात तक – आज एक ही स्वर गूंजता हैः



# लखनऊ में बिजली विभाग का बड़ा प्रदर्शन पूरे उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मचारी मौजूद

**भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम के सम्मान में बिजली कर्मियों ने निकाली तिरंगा रैली**

**0 शक्तिभवन पर क्रमिक अनशन छठे दिन जारी**
**0 अडानी पॉवर से सबसे मंहगी बिजली मिलेगी प्रदेश को**
**0 निजीकरण के बाद बिजली दरें बढ़ाने की तैयारी**

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

बरेली। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के आह्वान पर आज राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम के सम्मान में बिजली कर्मियों ने तिरंगा रैली निकाली। निजीकरण के विरोध में शक्तिभवन पर चल रहा क्रमिक अनशन आज छठे दिन जारी रहा। संघर्ष समिति ने अवैध ढंग से नियुक्त किये गये ट्रांजैक्शन कंसलटेंट ग्रान्ट थॉर्टन की नियुक्ति निरस्त करने और निजीकरण की प्रक्रिया वापस लेने की मांग की है।

आज लखनऊ में शक्तिभवन पर चल रहे क्रमिक अनशन स्थल से बिजली कर्मचारियों और अभियन्ताओं ने तिरंगा रैली निकाली। सैकड़ों बिजली कर्मी हाथों में राष्ट्रध्वज लिये हुए भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम के समर्थन में नारे लगाते हुए जीपीओ स्थित गांधी प्रतिमा तक गये। संघर्ष समिति के आह्वान पर इसी प्रकार सभी जनपदों और परियोजनाओं पर तिरंगा रैली निकाल कर भारतीय सेना के साथ एकजुटता का प्रदर्शन किया गया। क्रमिक अनशन के छठे दिन आज शक्तिभवन पर 200 से अधिक बिजली कर्मचारी और अभियन्ता क्रमिक अनशन पर बैठे। आज बरेली, अयोध्या, देवीपाटन, रायबरेली, सीतापुर, लखनऊ क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले जनपदों से बिजली कर्मी अनशन के लिए आये। लखनऊ नगर के बिजली कर्मी भी बड़ी संख्या में अनशन में सम्मिलित हुए। आज उप्र के बिजली कर्मियों के समर्थन में हरियाणा के बिजली



कर्मियों का दस्ता भी क्रमिक अनशन में सम्मिलित हुआ। हरियाणा के बिजली कर्मियों का नेतृत्व सुरेश राठी और संजय ढांडी कर रहे थे। संघर्ष समिति के प्रमुख पदाधिकारी राजेन्द्र घिल्डियाल, सुरेन्द्र सिंह, निखिल नायक, रणवीर सिंह चन्द्रशेखर, दिनेश कुमार सिंह, सुमित सहगल, रजत श्रीवास्तव मुख्यतया सम्मिलित हुए।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण हेतु अवैध ढंग से नियुक्त किये गये कंसल्टेंट ग्रान्ट थॉर्टन का झूठा शपथ पत्र और फजीर्वाड़ा पहले ही सामने आ चुका है। अब मिजार्पुर में अडानी पॉवर के साथ 1500 मेगा वाट बिजली खरीद के निर्णय के बाद यह सामने आया है कि अडानी पॉवर का कंसलटेंट ग्रान्ट थॉर्टन है। इससे कॉफ्लिक्ट ऑफ इंटरेस्ट (हितो के टकराव) का मामला उजागर होकर सामने आ गया है। इससे स्पष्ट है कि निजीकरण के मामले में बड़ा भ्रष्टाचार होने जा रहा है। संघर्ष समिति ने आरोप लगाया है कि मिजार्पुर में लगने वाले अडानी पॉवर थर्मल प्लांट की फिक्स कॉस्ट रू 3.72 प्रति यूनिट है जो प्रदेश में लगे हुए बिजली घरों में सबसे अधिक है। इस पॉवर हाउस से 4 साल बाद प्रदेश को बिजली मिलेगी। उस समय वैरियबल कॉस्ट भी बढ़ चुकी होगी। इस प्रकार अडानी पॉवर के इस थर्मल प्लांट से प्रदेश को सबसे मंहगी बिजली मिलने जा रही है। यदि पूर्वांचल का निजीकरण होता है तो पूर्वांचल की गरीब जनता पर इस मंहगी बिजली का भार सीधे-सीधे आयेगा और बिजली की दरों में भारी वृद्धि होगी।

निजीकरण के विरोध में क्रमिक अनशन 08 मई को भी जारी रहेगा। 08 मई को मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा, गजरौला, मुरादाबाद, बुलन्दशहर, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले जनपदों के बिजली कर्मी अनशन में सम्मिलित होंगे।

# एक बदला जो बाकी है... आर्मी चीफ ने बना लिया आगे का प्लान, संभल ले पाकिस्तान

'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान बौखलाया हुआ है. पाकिस्तानी सेना लगातार सीमा पार से गोलीबारी कर रही है. पाकिस्तानी मिलिट्री ने भारत पर घातक हमले की धमकी दी. इस बीच खुफिया इनपुट्स मिले हैं कि पाकिस्तान अगले कुछ घंटों में बड़े अटैक की कोशिश कर सकता है. लेकिन इस बार भारत पूरी ताकत और रणनीति के साथ तैयार है. खुद आर्मी चीफ ने आगे का प्लान बना लिया है, जो साफ इशारा करता है कि एक बदला बाकी है... रक्षा सूत्रों के मुताबिक, खुद आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान की हर हरकत पर पैनी नजर रखे हुए हैं. वे स्थानीय एजेंसियों से लगातार संपर्क में हैं ताकि पाकिस्तानी सेना की कार्रवाइयों पर नजर रखी जा सके. जवानों को पूरी ऑपरेशनल फ्रीडम दी गई है ताकि पाकिस्तान की तोपों और गोलाबारी का माकूल जवाब तुरंत दिया जा सके. इंडियन आर्मी तुरंत एक्शन भी ले रही है. पाकिस्तान को इसका अंदाजा हो रहा होगा.

### नागरिकों पर अटैक कर रहा कायर पाकिस्तान

रक्षा सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान नागरिक इलाकों को निशाना बनाकर तोपों से हमला कर रहा है. भारतीय सेना जवाब देने के लिए पूरी तरह सक्षम और स्वतंत्र है. रक्षा सूत्रों के अनुसार, दुश्मन को उसकी हर हिमाकत का ऐसा जवाब दिया जाएगा, जो आने वाले वर्षों तक याद रखा जाएगा. भारत इस बार न सिर्फ जवाब देगा, बल्कि यह सुनिश्चित करेगा कि दुश्मन अगली बार हमला करने से पहले सौ बार सोचे.

# अंततः आपरेशन सिंदूर शुरू, प्रहार का स्वागत

कहते हैं 'देर आयद, दुरुस्त आयद'.आधी रात के बाद, जब आतंकवादी चैन की नींद सो रहे, भारत ने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ल लॉन्च किया. जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर सटीक हमले किए गए. यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम हमलों के जवाब में की गई, जिसमें 26 नागरिकों की मौत हो गई थी.हम युद्ध के समर्थक नहीं हैं किंतु भारत की संप्रभुता पर हुए दुस्साहसिक हमले के प्रतिकार के लिए जबाबी कारार्वाई आवश्यक मानते हैं

हमने बहुत पहले ही कह दिया था कि मुल्क युद्द के मुहाने पर है.भारतीय सेना ने रात 1.44 बजे जारी किए गए एक बयान में कहा कि ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ल के तहत सैन्य हमले किए गए. जिसमें आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया. इसमें पीओके और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में आतंकवादियों के लॉन्चिंग पैड को टारगेट कर हमला किया, जिसमें 70 से ज्यादा आतंकवादियों के मारे जाने की खबर है.

भारत की ओर से लक्ष्यवेधी प्रहार किया गया है.भारत ने पाकिस्तान और पीओके में उन ठिकानों पर हमला किया है जहां से आतंकवादी हमलों की योजना बनाई जा रही थी और उन्हें निर्देशित किया जा रहा था. ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ल के तहत रातभर चले सटीक हमलों में कुल नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिनमें लश्कर के 3 और जैश के 4 लॉन्चिंग पैड भी हैं.

इस युद्ध की नौबत ही न आती यदि पाकिस्तान आतंकवाद को पालता, पोषता नहीं.अच्छी बात ये है कि पाकिस्तान को हर समय इमदाद देने वाले अमेरिका ने भी भारतीय सेना की कार्रवाई का समर्थन किया है.अमेरिकी के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि- ह्यमैं भारत और पाकिस्तान के बीच स्थिति पर करीबी नजर रख रहा हू. मैं आज पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणियों से सहमत हूं. उम्मीद है कि यह जल्द ही समाप्त हो जाएगा. शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारतीय और पाकिस्तानी नेतृत्व दोनों के साथ बातचीत जारी रहेगी.

आधी रात को पाकिस्तान पर हमले के बाद भारतीय विमानन प्राधिकरण ने पाकिस्तान सीमा से लगे एयरपोर्ट को बंद कर दिया है. श्रीनगर, जम्मू, अमृतसर, लेह, चंडीगढ़, बीकानेर और धर्मशाला से ऑपरेट होने वाली सारी फ्लाइट्स रद्द कर दी गई हैं. विमान कंपनियों ने यात्रियों से स्टेट्स चेक करके ही घर से निकलने को कहा है.

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की सोची-समझी सैन्य प्रतिक्रिया माना जा रहा है. पाकिस्तान



के पंजाब के मुरीदके पर हमला शामिल था. यह लश्कर-ए-तैयबा के मुख्यालय का घर है. इसे पाकिस्तान की ह्लआतंक नर्सरीह्व के रूप में जाना जाता है. मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा और उसके प्रमुख संगठन जमात-उद-दावा का मुख्यालय लगभग 200 एकड़ में फैला हुआ है. यहां मस्जिदें, स्कूल, अस्पताल, खेत और एक आतंकी प्रशिक्षण शिविर शामिल हैं. पाकिस्तानी सेना ने बयान जारी किया है. उन्होंने माना है कि भारत ने उनके 6 जगहों पर हमला किया है. 24 मिसाइल दागे गए हैं. बता दें कि पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया गया है. इसमें ज्यादातर मस्जिद हैं, जहां से जैश-ए-मोहम्मद आतंकी पैदा करता था.

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के चलते, बुधवार को श्रीनगर हवाई अड्डे से सभी उड़ानें रद्द रहेंगी. इसके अलावा, जम्मू, धर्मशाला लेह और अमृतसर के एयरपोर्ट्स भी बंद किए गए हैं जिसके चलते फ़्लाइट ऑपरेशंस पर असर पडेगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरी रात ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ल पर नजर बनाए रखी. देर रात करीब 1 बजकर 44 मिनट पर भारत की तीनों सेनाओं ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादियों के 9 ठिकाने तबाह कर दिए. सेना के ऑपरेशन के दौरान रक्षा मंत्रालय में सारी रात अफसर मौजूद रहे. शायद इसी वजह से पिछले दो दिन से आर्मी का स्ट्रेट कॉम मीडिया के लिए बंद रखा गया था.

जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में एक पाकिस्तानी फाइटर जेट जेएफ-17 गिरा है. जिसका वीडियो स्थानीय युवक ने बनाया. हालांकि फाइटर में पायलट नहीं हैं. स्थानीय लोग उस फाइटर जेट को देखने के लिए वहां पहुंच रहे है.

सूत्रों ने बताया कि वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों ने कई देशों के अपने समकक्षों से बात की है और पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी कैम्पस पर भारत के मिसाइल हमलों के बारे में जानकारी दी है. इनमें अमेरिका, यूके, सऊदी अरब, यूएई और रूस शामिल हैं. अभी तक जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक भारत के हमले में 12 आतंकवादी मारे गए.

भारत के मिसाइल हमलों पर पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने कहा, ह्लभारत ने पाकिस्तान के पांच स्थानों पर हमला किया है. पाकिस्तान को इस युद्ध जैसे कृत्य का जोरदार जवाब देने का पूरा अधिकार है, और एक मजबूत प्रतिक्रिया दी जा रही है. पूरा देश पाकिस्तान सशस्त्र बलों के साथ खड़ा है, और पूरे पाकिस्तानी राष्ट्र का मनोबल और उत्साह ऊंचा है. पाकिस्तानी राष्ट्र और पाकिस्तान सशस्त्र बल अच्छी तरह जानते हैं कि दुश्मन से कैसे निपटना है. हम कभी भी दुश्मन को अपने नापाक इरादों में सफल नहीं देंगे.

भारत द्वारा आतंकवादी ठिकानों पर हमले के बाद पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में आपातकाल घोषित कर दिया गया है. इतना ही नहीं, सभी स्कूल-कॉलेज भी अगले आदेश तक बंद रहेंगे.

पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादियों के ठिकाने पर भारत की तरफ से बरसाए गए मिसाइल हमलों के बाद पड़ोसी देश में डर का माहौल है. इसी के मद्देनजर उन्होंने लाहौर और सियालकोट एयरपोर्ट को अगले 48 घंटे के लिए बंद कर दिया है.

भारत इस मुद्दे पर एकजुट है, लेकिन जरुरत इस बात की है कि ये युद्ध लंबा न खिंचे. सरकारी पार्टी इस युद्ध का लाभ बिहार विधानसभा चुनाव में लेने की कोशिश न करे. युद्धकाल में एकता, समरसता सबसे महत्वपूर्ण कारक है. आपरेशन सिंदूर के जबाब में हताश पाकिस्तान आपरेशन लोवान चालू कर सकता है. इसलिए सतर्क रहिये क्योंकि हमारे पास युद्धकाल में सुरक्षा के समुचित इंतजाम नहीं हैं. खासतौर पर बंकर. हमें उम्मीद है कि पाकिस्तान बहुत जल्द भारत के सामने घुटने टेक देगा. क्योंकि पाकिस्तान के पास भारत का लंबे समय तक मुकाबला करने की कूबत नहीं है.याद रखिये युद्ध छोटा हो या बडा होता रक्तरंजित ही है.

@राकेश अचल

## *मिशन सिंदूर*

मिशन सिंदूर हुआ कामयाब
मेरे हिन्द की सेना जिंदाबाद
पाक से बोलो मियाँ आदाब
अब कहो तो कैसे हो जनाब

खामोशी हमारी कमजोरी नहीं
ये बात तुमने समझी क्यों नहीं
ये सिंदूर पड़ गया तुम पर भारी
अब अक्ल ठिकाने आई या नहीं

तुम क्या समझे हम चुप बैठेंगे
क्या पहलगाम का मंजर भूलेंगे
था सिंदूर उजाड़ा जिनका तुमने
उनकी आहों को कैसे हम भूलेंगे

अब जान ले पाक अच्छी तरह से
गर नजर उठाई फिर देश पर मेरे
कुछ आगा पीछा न हम सोचेंगे
तुझको तहस नहस कर डालेंगे



डॉ सुमन मोहिनी सलोनी

## बहुत हुआ आतंक-आतंकी

बहुत हुआ आतंक-आतंकी, इनको नंगा करवा दो।
जो देता है पनाह इनको, उनसे भी ये फरमा दो।
रखकर तोप के आगे इनको,बम से इनको उड़वा दो।
धड़ से शीश अलग कर इनका, हर चौराहे पर टंगवा दो।
नजर उठाई जिसने हम पर, उसको सूली चढ़वा दो।
खत्म हो आतंक-आतंकी खाल में भूसा भरवा दो।।१।।

किसी की बीवी बच्चे मारे, बेगुनाहों का किया शिकार।
कब तक तेरा हम सहेंगे, क्रूर धोखा अत्याचार।
अस्मत भी ना बचा पाएगा, देखेगा सारा संसार।
एक के बदले सौ मारेंगे, सुन लो आतंकी जल्लादों।
नजर उठाई जिसने हम पर, उनको सूली चढ़वा दो।
खत्म हो आतंक- आतंकी खाल में भूसा भरवा दो।।२।।

हम डरे नहीं गीदड़ भभकी से, तू सुन ले पाकिस्तान।
मानवता के लिए बना है, तू जग में शैतान।
नक्शे में ना जगह मिलेगी, शांत स्वर में समझा दो।
जो पीठ पीछे छुपकर वार करे, औकात उसकी दिखला दो।
नजर उठाई जिसने हम पर, उनको सूली चढ़वा दो।
खत्म हो आतंक-आतंकी खाल में भूसा भरवा दो।।३।।

बहुत हो गईं घिनौनी हरकत, कान खोलकर सुन ले तू।
बाप हमेशा बाप होता है, ये दिमाग में धर ले तू।
जाहिल गंवार सी करतूतों हैं, इनमें सुधार कर ले तू।
दुष्यन्त कुमार कहता खुलकर है, सुनो नामर्द की औलादो।
नजर उठाई जिसने हम पर, उसको सूली चढ़वा दो।
खत्म हो आतंक-आतंकी खाल में भूसा भरवा दो।।4।।




डॉ. दुष्यन्त कुमार

# 'सिंदूर' की जय!

# भारतीय रणबांकुरों की वीरता से पाक पस्त ।

22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा बहाए गए खून और मारे गए पर्यटकों के सगे संबंधियों के आंसुओं का जवाब सात मई प्रातः 1:05 से 1:30 के बीच पाकिस्तान स्थित नौ आतंकवादी ठिकानों को जिस तरह भारतीय सेनाओं ने ध्वस्त करके दिया वह भारतीय सेवा के पराक्रम का एक अद्भुत उदाहरण बनकर सामने आया है। इससे पहले भी भारतीय सेना ने उड़ी में हुए हमले का जवाब बालाकोट पर सर्जिकल स्ट्राइक करके दिया था तब ऐसा लगा था कि वहां आतंकवाद की कमर टूट चुकी है लेकिन जब उसे वहां से ऑक्सीजन, संरक्षण एवं संसाधन मिलते गए तो वह किसी दैत्य की तरह एक बार फिर से खड़ा हो गया मैं केवल खड़ा हो गया अपितु भेड़िए की तरह गुरार्ने लगा, उसे अपनी ताकत का कुछ ज्यादा ही घमंड हो गया, और भारत की संपन्नता, ताकत, समृद्धि और विश्व भर में उसके रसूख और लगातार प्रगति के रास्ते पर बढ़ने से डाह का मारा आतंकवाद पहलगाम में एक बार फिर 26 लोगों की जान लेकर गया । जब ये निर्दोष लोग मारे गए सभी तय हो गया था कि आतंकवाद को मिट्टी में मिलाने वाला ऑपरेशन जरूरी है । उसी दिन प्रधानमंत्री मोदी ने दो लाइन के वक्तव्य में साफ कर दिया था कि धरती के आखिरी छोर तक भी उसे नहीं छोड़ेंगे और यह घृणित कृत्य करने वाले तथा उनके आकाओं को मिट्टी में मिलाकर दम लेंगे। उन्हें ऐसी सजा मिलेगी जिसकी भी कल्पना भी नहीं कर पाएंगे। तब इस वक्तव्य को एक बार बोला पान समझ गया था खासतौर पर मोदी एवं उनकी सरकार के आलोचकों का मानना था कि यह एक प्रकार का इज्जत फेस सेविंग स्टेटमेंट है और जल्दी ही लोग इसको भूल जाएंगे इस पर भी जब भी बजाएं सर्व दलीय बैठक में शामिल होने के बिहार गए और वहां से उन्होंने तब कड़ी आलोचना की गई और कहा गया कि यह केवल चुनाव के मद्दे नजर किया गया ड्रामा है।




लेकिन मोदी को जानने एवं समझने वाले लोग जानते हैं कि वह भले ही राजनीति करते हुए अतिशयोक्ति भरे भाषण देते हों मंचों पर दहाड़ते हों और विपक्षियों पर तीखे प्रहार करते हों यानी प्रधानमंत्री रहते हुए भी खुलकर खुलकर राजनीति करते हैं लेकिन जब बात देश की आती है तब वह ना चूकते हैं और न टूटते हैं इसका प्रमाण पिछले दो सर्जिकल स्ट्राइक एवं एयर स्ट्राइक से मिल भी चुका था मगर उनके इस वक्तव्य को पाकिस्तान ने हल्के से लिया ।

जब उन्होंने पाकिस्तान पर सिंधु नदी संधि स्थगित की , व्यापार के सारे रास्ते बंद कर दिए, हवाई रास्ते बंद करके एवं वहां के दूतावास में रक्षा विशेषज्ञ सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारत से विदा किए और बाघा बॉर्डर एवं दूसरी सीमाओं को सील करने के कदम उठाए तब उसकी बौखलाहट बढ़ गई और वहां के आतंकी सरगने तथा सेना के जनरल और शाहबाज शरीफ के प्यादे मंत्री परमाणु बम की धमकियां देने लगे बिना यह सोचे हुए कि यदि उन्होंने भूले से भी परमाणु बम का उपयोग कर लिया तो फिर दुनिया से उसका अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा।

मोदी सरकार यहीं पर नहीं रुकी और उसने ताबड़तोड़ एक के बाद एक उच्च स्तरीय बैठकें की और 7 मई को युद्ध की तैयारी के लिए देशभर के 300 जिलों में युद्ध की मॉक ड्रिल एवं ब्लैक आउट के अभ्यास के भी आदेश दे दिए तब शायद पाकिस्तान के फौजी और सरकार यह सोच रहे होंगे कि अभी तो हमले की कोई संभावना ही नहीं बनती ।लेकिन ह्यमोदी है तो मुमकिन हैह्ल के नारे को सिद्ध करते हुए 6 मई की रात और 7 मई की प्रातः पूर्व की बेला में 1:05 से 1:30 के बीच केवल 25 मिनट की स्ट्राइक में भारतीय जांबाजों ने वहां के आतंकी ठिकानों पर जो तांडव मचाया वह उसे वर्षों तक याद रहेगा।

इस हमले की सबसे खास बात यह रही कि इसमें किसी भी नागरिक ठिकाने को कोई क्षति नहीं पहुंचाई गई और जिस तरह कूटनीतिक व रणनीतिक तरीके से इस ऑपरेशन को अंजाम दिया गया वह उसकी काट पाकिस्तान के पास नहीं है । वह इसे न तो युद्ध घोषित कर सकता है और न ही कह सकता है कि बिना उकसावे व अवसर दिए भारत ने यह कार्यवाही की।

दुनिया भर के देशों का समर्थन भारत को ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी मिला है तो इसके निहितार्थ स्पष्ट हैं कि तुर्किया चीन और मलेशिया तथा एक अजरबेजान जैसे गिने-चुने देशों को छोड़कर सारी दुनिया यह जानती और मानती है कि पाकिस्तान दहशतगर्दी का केवल अड्डा ही नहीं बल्कि उसकी प्राणवायु का स्रोत भी है।

पहले ही इस बात की संभावना थी कि भारत सीधे युद्ध में जाने की बजाय पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को निशाना बनाएगा और उसने ऐसा किया भी । न केवल हाफिज सईद और मसूद अजहर के ठिकाने ध्वस्त किए गए बल्कि पाक अधिकृत कश्मीर से कहीं आगे जाकर पंजाब के सियालकोट एवं बहावलपुर तक तक बिना सीमा पार किए अपनी अचूक मिसाइलों से दुनिया को यह बताया कि यदि भारत को निरर्थक कोई चढ़ेगा तो फिर भारत भी उसे नहीं छोड़ेगा।

होना तो यह चाहिए था कि पाकिस्तान को इस प्रहार से सीख लेनी चाहिए थी और उसे खुद आगे बढ़कर आतंकी ठिकानों को नष्ट करना था, आतंकवादियों को दंड देना था ताकि उसकी अपनी प्रतिष्ठा बच सके लेकिन बजाय इसके उसने कश्मीर और आसपास के इलाकों पर जिस तरीके से गोलीबारी एवं गोलाबारी की उससे लगता नहीं कि एक ऑपरेशन सिंदूर से यह देश मानने वाला है। हालांकि भारत एक शांति प्रिय देश है और परमाणु ताकत होने के बावजूद उसने कभी किसी देश पर न आक्रमण किया है और न ही कभी आतंकवाद को प्रश्रय दिया है लेकिन जब बात राष्ट्रीय संप्रभुता एवं आत्मसम्मान की आए तब आगे बढ़कर कदम उठाने से वह कभी पीछे हटा भी नहीं है और ऑपरेशन सिंदूर इसका ताजा नमूना है।

अस्तु, ऑपरेशन सिंदूर सफल रहा । ऑपरेशन सिंदूर की जय । लेकिन अभी लापरवाह होने यह यह यह मानकर बैठने का वक्त नहीं है कि पाकिस्तान अपना चेहरा बचाने के लिए कुछ नहीं करेगा । यदि सामने से नहीं तो वह पीछे से वार जरूर करेगा । इसलिए पूरे देश को जागरुक एवं दृढ़ रहने की जरूरत है और इससे भी बढ़कर हमारे देश में जो सांप्रदायिक सौहार्द्र एवं संकट के समय कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहने की परंपरा रही है उसको बनाए रखने एवं आगे बढ़ाए जाने की जरूरत है।

डॉ घनश्याम बादल

# बाजार से निकल रहे कौन से संदेश ?

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने 2अप्रैल को टैरिफ बढ़ाने का धमाका किया तो वैश्विक बाजार कांप उठे। उन्होंने 9 अप्रैल से जो टैरिफ या शुल्क लागू करने की घोषणा की थी उसके तहत सभी देशों पर 10 फीसदी का बुनियादी टैरिफ लागू किया जाना था जबकि चीन पर 145 फीसदी का दंडात्मक टैरिफ लगाने की बात कही गई। इसके बाद चार दिन तक शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली क्योंकि निवेशकों में अफरातफरी का माहौल था। कुछ दिन बाद ट्रंप ने चीन के अलावा बाकी देशों के टैरिफ पर 90 दिन का स्थगन लागू करने की घोषणा की।

उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों को इससे बाहर कर दिया जिससे बाजारों में राहत की तेजी का माहौल बनने लगा। दिलचस्प बात यह है कि यह ह्यराहत की तेजीह्ल ने अब दुनिया के कई देशों में पूरी तरह से तेजी का बाजार बन गई है। जर्मनी के बाजार अब तक के अपने उच्चतम स्तर पर हैं। हालांकि अमेरिका में हालात ठीक नहीं हैं और कुछ दिनों में वहां चीजों की भारी कमी हो सकती है लेकिन एसऐंडपी 500 लगातार 9 दिनों तक बढ़त के साथ बंद हुआ। यह 20 साल में उसका सबसे अच्छा प्रदर्शन है। गत शुक्रवार को यह 5,686 पर बंद हुआ यानी टैरिफ लागू होने के पहले से भी ऊंचे स्तर पर। भारतीय बाजारों में भी अप्रैल में 3.5 फीसदी की तेजी देखने को मिली।

यह उत्साह चकित करने वाला है। आखिरकार टैरिफ एक तरह का कर ही है जिसकी बदौलत आयात की लागत बढ़ती है। येल विश्वविद्यालय के बजट लैब का अनुमान है कि 2025 में टैरिफ के कारण अमेरिकी उपभोक्ता कीमतों में 2.3 फीसदी का इजाफा होगा यानी आम परिवारों को सालाना 3,800 डॉलर की अधिक कीमत चुकानी होगी। कारों की कीमतों में 2,000 से 10,000 डॉलर का इजाफा हो सकता है और आईफोन 40 फीसदी तक महंगे हो सकते हैं। यहां तक कि किराना भी इससे सुरक्षित नहीं रहेगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने टैरिफ को देखते हुए 2025 में अमेरिकी वृद्धि के अनुमान को 2.7 फीसदी से घटा कर 1.8 फीसदी कर दिया है। उसने वैश्विक स्तर पर मंदी की 60 फीसदी आशंका जताई है जो पहले 40 फीसदी थी। अमेरिकी जीडीपी वृद्धि में 2025 में 90 आधार अंकों की कमी आ सकती है। व्यवसायों को कच्चे माल की उच्च लागत का सामना करना पड़ेगा, मार्जिन में कमी आएगी और छंटनी होने के भी आसार हैं। वैश्विक आपूर्ति शृंखलाएं पहले ही मुश्किल दौर से जूझ रही हैं, उनमें और अधिक उथल-पुथल की आशंका है। उधर, जवाबी कार्रवाई के रूप में जो कदम उठाए गए हैं वे अमेरिकी निर्यातकों को प्रभावित कर सकते हैं। इसमें किसानों से लेकर ग्रामीण इलाकों के विनिमार्ता सबसे अधिक नुकसान उठा सकते हैं। 2019 की कारोबारी जंग में भी ऐसा ही हुआ था।

उपभोक्ता अनुमान सूचकांक में कमजोर पड़ती संभावनाओं को देखा जा सकता है। ये अनुमान आय, कारोबार और श्रम बाजार हालात को लेकर उपभोक्ताओं के अल्पकालिक दृष्टिकोण पर आधारित होते हैं। इसमें 12.5 अंकों की कमी आई और यह घटकर 54.4 के स्तर पर आ गया जो अक्टूबर 2011 के बाद से अब तक का न्यूनतम स्तर है। ध्यान रहे कि यह आंकड़ा 80 की सीमा से काफी कम है जिसे संभावित मंदी का संकेत भी माना जाता है। संक्षेप में कहें तो टैरिफ को लेकर ट्रंप ने जो भी कदम उठाए हैं उनमें कुछ भी सकारात्मक नहीं नजर आ रहा है और इसके केवल नकारात्मक प्रभाव नजर आ रहे हैं। उच्च उपभोक्ता कीमतें, धीमी वृद्धि, संभावित मंदी, बाधित आपूर्ति शृंखला, जवाबी व्यापारिक अवरोध, बाजार की अस्थिरता और साझेदारों के साथ तनाव इसके संभावित परिणाम के रूप में सामने आए हैं।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# कर्मों की अभिव्यक्ति ही भाग्य है

पंडित राजेश अग्निहोत्री भागवताचार्य।



बिना रुके , बिना थके हमें कर्म निरन्तर करते रहना चाहिए।चलते रहने से ही व्यक्ति मंजिल तक पहुंचता है। भाग्य के भरोसे बैठे रहने से मंजिल तक पहुंचना असम्भव है। इसलिए भाग्य को नहीं कर्म को प्रधान कहा गया है।करम प्रधान बिस्व करि राखा, जो जस करइ सो तस फल चाखा। कठोर परिश्रम और पुरुषार्थ के द्वारा ही हम जीवन में सफल और सुखी रह सकते हैं। हमें हमेशा सच्चाई और पुरुषार्थ के पथ पर सक्रिय रहना चाहिए। मंजिल प्राप्त करने के लिए कर्म रूपी पथ पर चलना आवश्यक है। हमें आलस,प्रमाद, से दूर रहना चाहिए। जैसे विद्यार्थी को अच्छे अंकों से पास होना है तो उसे आलस का त्याग करना पड़ेगा क्योंकि अलसस्य कुत्तों विद्या,अविद्यस्य कुतो धनम्। अधनस्य कुतो मित्रम्,अमित्रस्य कुतो सुखम्।। आलस होगा तो विद्या का संग्रह नहीं कर पायेगा, विद्या नहीं होगी तो धन नहीं कमा पायेगा,धन नहीं होगा तो मित्र नहीं होगा और मित्र नहीं तो सुख कैसे हो सकता है।जो अकर्मण्य और निष्क्रिय रहता है जीवन में निराशा ही मिलती है। समस्त शास्त्रों में कर्म को ही महानता दी गई है,कर्म करना ही महत्वपूर्ण माना गया है। नीति शास्त्र में कहा गया है कि न हि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखे मृगाः। सिंह शिकार करने नहीं जाए सोता रहे तो क्या सोते हुए सिंह के मुख में हिरन स्वयं आ जाएगा? नहीं। उसे शिकार करने जाना ही पड़ेगा।यहां एक बात सदैव याद रखना चाहिए कि कर्म भाग्य के अधीन नहीं है अपितु भाग्य कर्म के अधीन है। सफलता के लिए पूर्ण प्रयास करना ही पड़ेगा। इसके साथ-साथ महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारा प्रयास सही दिशा में होना चाहिए, विपरीत दिशा नहीं। सही दिशा में प्रयास करने से कम समय में और कम परिश्रम में मंजिल तक पहुंच जाएंगे। जैसे नदी का बहाव पश्चिम से पूर्व की ओर है और हम नदी में पूर्व से पश्चिम अर्थात विपरीत दिशा में तैरेंगे तो समय भी अधिक लगेगा और परिश्रम भी। सफलता रूपी साध्य की प्राप्ति के लिए साधन भी पवित्र होना चाहिये। हमेशा शुभ कर्म करो परन्तु शुभ कर्म का जन्म तभी होगा जब आपके विचार शुभ होंगे।एक बात गांठ बांध लो कि हमारे सुख और दुःख का आधार कर्म ही हैं।शुभ कर्म करोगे तो मन संतुष्टि होगी, शान्ति होगी,सुख अनुभव करोगे।अशुभ कर्म करने से उसका फल ठीक विपरीत होगा। अंततः हमारे कर्मों का परिणाम ही प्रारब्ध अर्थात भाग्य के रूप में हमारे जीवन में प्रकट होता है। इसलिए उतिष्ठत, जाग्रत,प्राप्य वरान्निबोधत।उठो,जागो,और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।

सम्पर्क सूत्र- 9760478742

*श्रीमदभगवद कथा करवाने के लिए संपर्क करे।*

# राज्य आपदा मोचन बल केंद्र लखनऊ द्वारा आपदा मित्रों को दिया जाएगा 12 दिवसीय आपदा प्रशिक्षण

## जिलाधिकारी ने आपदा मित्रों की बस को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर प्रशिक्षण हेतु किया रवाना

दैनिक समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर 07 मई 2025ः उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लखनऊ द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली के मानक एवं अनिवार्य अहताओं के अनुसार प्रदेश के अवशेष 48 जनपदों में दो चरणों में 100-100 स्वयंसेवक/वॉलिंटियर का चयन करते हुए कुल 4800 आपदा मित्रों को 12 दिवसीय आवश्यक प्रशिक्षण राज्य आपदा मोचन बल केंद्र लखनऊ द्वारा दिया जाना है। जिसके क्रम में जनपद गौतम बुद्ध नगर से आपदा मित्रों को 12 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण हेतु कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसमें एनसीसी, पीआरडी मंगल दल आदि के युवक-युवतियां सम्मिलित रहे।



अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार के मार्गदर्शन में जिला आपदा विशेषज्ञ ओमकार चतुर्वेदी द्वारा आपदा मित्र परियोजना का संचालन किया गया। जिला आपदा विशेषज्ञ ने बताया कि यह 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 8 मई 2025 से 20 मई 2025 तक चलेगा, जिसमें राज्य आपदा मोचन बल द्वारा आपदा मित्रों को तैराकी,बचाव के तरीके, फर्स्ट एड, सीपीआर आदि चीज सिखाई जाएंगी। प्रशिक्षण के उपरांत 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण करने की सर्टिफिकेट एवं आपदा मित्र की आइडेंटिटी कार्ड भी दी जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक स्वयंसेवक वालंटियर को शासन द्वारा निर्गत निदेशों के अनुसार एक इमरजेंसी रिस्पांडर किट प्रदान करते हुए बीमा पॉलिसी भी निर्गत की जाएगी। आपदा मित्रों की प्रशिक्षण में ठहरने भोजन प्रशिक्षण संबंधी सामग्री आवागमन हेतु वह इत्यादि राज्य आपदा मोचन बाल लखनऊ द्वारा की गई है। उन्होंने बताया कि आपदा मित्र अपने-अपने गांव और शहरों में किसी आपदा की स्थिति में फर्स्ट रिस्पांडर के रूप में आपदा से बचाव का कार्य करेंगे। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# डिप्लोमैसी, ताकत और टाइमिंग... भारत ने पहले घेरा, फिर मारा, और फिर दबोच लिया!

नई दिल्ली. भारत ने पहलगाम हमले के जवाब में आज पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ जगहों पर हमला किया. पहलगाम पर आतंकी हमले के जवाब में 26 लोग मारे गए थे. लेकिन भारत ने पाकिस्तान को घेर लिया है. आतंकी हमले के बाद भारत ने तुरंत देशों से संपर्क करना शुरू कर दिया. भारत सरकार ने अमेरिका, ब्रिटेन, सऊदी अरब, यूएई और रूस सहित लगभग आधा दर्जन देशों को आतंकी हमले की जानकारी दी. इन देशों के नेता पिछले कुछ हफ्तों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संपर्क में हैं. भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के स्थायी और अस्थायी दोनों सदस्यों से बात की.

# गृह मंत्रालय के निर्देश पर जनपद के प्रमुख उपक्रमों में हवाई हमले से बचाव हेतु किया गया मॉकड्रिल

## मॉकड्रिल में पुलिस, प्रशासन, सुरक्षा एजेंसियों, फायर ब्रिगेड, मेडिकल टीम तथा अन्य विभागों ने किया प्रतिभाग

गौतम बुद्ध नगर, 07 मई 2025ः भारत और पाकिस्तान के बीच उत्पन्न तनाव की स्थिति को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देश पर आम जनमानस को हवाई हमले के प्रति जागरूक करने हेतु पुलिस, प्रशासन, सुरक्षा एजेंसियों, मेडिकल टीम तथा अन्य विभाग द्वारा जनपद में स्कूलों, विश्वविद्यालयों, अस्पतालों, एल जी कंपनी, हेयर कंपनी, गौर सिटी मॉल, मेट्रो स्टेशन बोटैनिकल गार्डन तथा एनटीपीसी दादरी में मॉकड्रिल कराया गया। इसी क्रम में पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन एवं सुरक्षा एजेंसियों द्वारा नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन (एनटीपीसी) दादरी में हवाई हमले से बचाव हेतु मॉकड्रिल किया गया।



जिलाधिकारी ने प्रशासन, पुलिस, फायर ब्रिगेड, मेडिकल टीम एवं सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों से कहा कि यह मॉकड्रिल इस उद्देश्य से की गई है कि हमला होने की स्थिति में समस्त संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए इस प्रकार कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे की कोई भी जनहानि या संसाधन इससे प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि हवाई हमले की स्थिति में सूझबूझ के साथ स्थिति को संभालना है व सुरक्षित रहने का हर संभव प्रयास करना है। घबराहट, भगदड़ आदि परिस्थितियां उत्पन्न न होने दें। मॉक ड्रिल, टीवी, रेडियो, समाचार पत्रों, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से ऐसी परिस्थितियों से बचाव के उपाय देखें।

जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से कहा कि हवाई हमले की आशंका को ध्यान में रखते हुए आज यह मॉकड्रिल कराया गया है तथा आप लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय द्वारा हवाई हमले से बचाव हेतु जारी की गई गाइडलाइन का अध्ययन करते हुए उसका पालन करें।

इसी कड़ी में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह के कुशल नेतृत्व में जनपद के दिल्ली पब्लिक स्कूल नोएडा, कोठारी इंटरनेशनल स्कूल नोएडा, इंडस वैली पब्लिक स्कूल नोएडा, मिहिर भोज इंटर कॉलेज दादरी, एमिटी इंटरनेशनल स्कूल नोएडा तथा अन्य स्कूलों में भी हवाई हमले से बचाव हेतु मॉक ड्रिल करते हुए छात्र-छात्राओं को हवाई हमले के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां के विषय में विस्तार से बताया गया।

मॉक ड्रिल के दौरान एनटीपीसी दादरी में अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, डीसीपी शादी मियां खान, मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार, सीआइएसएफ सिक्योरिटी विंग आर पी सिंह, सीआईएसफ फायरिंग एस के मिश्रा, स्टेट फायर विंग, बीडीडीएस व डॉग स्क्वाट, एनटीपीसी मेडिकल स्टाफ, एनटीपीसी जीएम गुरु प्रसाद सिंह तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# बिल्डर ने महिला के साथ किया धोखाधड़ी पुलिस से शिकायत करने पर हत्या करवा देने की दी धमकी।

## सूत्र उपरोक्त बिल्डर द्वारा पूर्व में भी तमाम लोगों के साथ कर चुका है धोखाधड़ी अमानत में खयानत।

दैनिक समाज जागरण

कानपुर विशेष संवाददाता। जानकारी के अनुसार बाबू पुरवा थाना क्षेत्र के मकान नंबर 130/332 सी बाबू पुरवा कानपुर नगर की रहने वाली पीड़ित महिला ने मीडिया को वीडियो बयान देते हुए बताया कि श्याम नगर का रहने वाला बिल्डर मोहम्मद सैफ ने एग्रीमेंट के मुताबिक कार्य न करके सामने के भाग को बनाकर बेच डाला पीड़िता रेहाना के मकान को खाली छोड़कर भाग गया एग्रीमेंट के मुताबिक कोई काम नहीं किया पीड़िता ने संबंधित थाना पुलिस से शिकायत किया परंतु कोई कार्रवाई नहीं की गई बल्कि उल्टा बिल्डर मोहम्मद सैफ पीड़ित महिला रेहाना को हत्या करवा देने की धमकी दे रहा है, अज्ञात लोगों को घर भेज कर हत्या की धमकी दी जा रही है। पीड़िता ने शासन प्रशासन को प्रार्थना पत्र भेजकर फ्रॉड धोखाधड़ी अमानत में खयानत और हत्या कर देने की धमकी के संबंध में बिल्डर मोहम्मद सैफ के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है।



# उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष आगामी 13 मई को महिलाओं से संबंधित समस्याओं की करेगी जनसुनवाई

## महिलाओं के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं से संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ करेगी समीक्षा बैठक

गौतम बुद्ध नगर 07 मई 2025ः जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की मा0 अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान 13 मई 2025 को सुबह 11:00 से कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के हितार्थ संचालित की जा रही योजनाओं से संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक तथा महिलाओं की समस्याओं के निस्तारण हेतु जनसुनवाई करेंगी। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई के उपरांत मा0 अध्यक्ष द्वारा अपना घर आश्रम एवं जिला महिला चिकित्सालय का स्थलीय निरीक्षण भी किया जाएगा।
जिला प्रोबेशन अधिकारी ने सर्वसाधारण से कहा कि आगामी 13 मई 2025 को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में महिलाओं से संबंधित समस्याओं के निवारण हेतु अवश्य प्रतिभाग करें। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।




# डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण पर बाढ़ से होने वाली क्षति के निर्माण करता स्वयं होंगे जिम्मेदार

गौतम बुद्ध नगर 07 मई 2025ः अधिशासी अभियंता सिंचाई निर्माण खंड गाजियाबाद ने जानकारी देते हुए बताया कि गौतम बुद्ध नगर में इस खंड के नियंत्रण अधीन हिडन तटवर्ती एवं रिंग बंध के निकट हिंडन नदी के डूब क्षेत्र में ग्राम छजारसी, चोटपुर, यूसुफपुर, चकशाहबेरी, बहलोलपुर गढीचीखंडी, हैबतपुर, परथला, खंजरपुर, सोरखा जहीदाबाद, ककराला, अलीवर्दीपुर, जलपुरा, हल्द्वानी, कुलेसरा एवं हिंडन यमुना दोआब बंध के निकट ग्राम इलाहाबास, सूथियाना, शहदरा, लखनावली, बेगमपुर, मुबारकपुर, गुर्जरपुर, झट्टा बादोली बांगर, सफीपुर, चुहडपुर एवं मोमनाथल तक हिंडन नदी के डूब क्षेत्र की परिधि के अंतर्गत आते हैं एवं इसी बंध पर यमुना नदी बायें किनारे पर ग्राम मोतीपुर, तिलवाडा, गढ़ी समस्तीपुर, बादौली खादर, कोंडली खादर, कामबक्शपुर, गुलावली, दोस्तपुर मंगरौली, छपरौली, असदुल्लापुर तथा (हरियाणा साईड) दायें किनारे पर औरंगाबाद, दलेलपुर, याकूतपुर की भूमि डूब क्षेत्र की परिधि में आती है।

उन्होंने बताया कि इस खूब क्षेत्र में स्थित भूमि में निर्मित एवं निमार्णाधीन भवन स्कूल, फार्म हाउस, क्रेशर प्लांट, होट मिक्स प्लांट, कंक्रीट रेडी मिक्स प्लांट एवं बदरपुर सैन्ड की धुलाई की होदियां आदि अवैध निर्माण स्थित हैं। बाढ़ के कारण इन अवैध निमार्णों के क्षतिग्रस्त होने से भारी जन-धन की हानि हो सकती है। यह निर्माण /बस्ती अवैध होने के कारण बाढ़ के समय सिंचाई विभाग, जिला प्रशासन एवं शासन द्वारा सुरक्षा प्रदान किया जाना सम्भव नहीं हो सकेगा। शासनादेश, सं0-1417वी सत्ताईस -सिं-2-181/बाढ/09 सिं अनु.-2, दिनांक 16.03.2010 एवं मा० एन.जी.टी. नई दिल्ली में प्रस्तुत एप्लीकेशन सं0-89/2013 आकाश वशिष्ठ एवं अन्य बनाम यूनियन ऑफ इंडिया एवं अन्य में पारित आदेश दिनांक 20.05.2013 द्वारा ये निर्माण प्रतिबंधित कर रखे है तथा ये भी निर्देशित किया गया है कि इस प्रकार के अवैध निर्माण के कारण बाढ से होने वाली क्षति की कोई प्रतिपूर्ति शासन द्वारा नहीं की जायेगी तथा बाढ सुरक्षा कार्य नहीं कराये जायेंगे। साथ ही अवैध निर्माण से होने वाली क्षति की वसूली अवैध निर्माणकारियों से की जायेगी।

अतः सर्वसाधारण से उपरोक्त तथ्यों से अवगत हो, तथा उपरोक्तानुसार हो रहे अवैध निमार्णों को तत्काल हटा लें या तोड दे, अन्य कोई नया निर्माण न करें अन्यथा इन अवैध निमार्णों के विरूद्ध किसी भी प्रकार की कार्यवाही एवं अप्रत्याशित जन-धन की हानि के लिये आप निर्माणकर्ता स्वयं उत्तरदायी होंगे। सिंचाई विभाग/प्रशासन किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# मुनिश्री ने टीएमयू के कुलाधिपति को वात्सल्य में दिया सहज पथगामी ग्रंथ

## अंतर्मना आचार्यश्री 108 प्रसन्न सागर जी महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य, प्रवर्तक मुनिश्री 108 सहज सागर जी मुनिराज ने तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन को संत भवन में दिया मंगल आशीर्वाद

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के संत भवन से लेकर जिनालय तक आस्था की सुगंध से महक रहे हैं। अंतर्मना आचार्यश्री 108 प्रसन्न सागर जी महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य, प्रवर्तक मुनिश्री 108 सहज सागर जी मुनिराज और निर्यापक मुनि श्री 108 नवपदम सागर जी महाराज का इन दिनों कैंपस में प्रवास पर हैं। जिनालय से लेकर संत भवन तक का माहौल आस्थामय है। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन ने संत भवन में सहज सागर जी मुनिराज का मंगल आशीर्वाद लिया। इस वात्सल्य के सैकड़ों श्रावक और श्राविकाएं साक्षी बने। मुनिश्री ने कुलाधिपति श्री सुरेश जैन को अपने जीवनवृत पर आधारित ग्रंथ सहज पथगामी सप्रेम प्रदान किया। उल्लेखनीय है, इसी साल 02 मार्च को मैनपुरी में आचार्य प्रसन्न सागर महाराज की दिव्य उपस्थिति में यूपी के पर्यटन मंत्री श्री जयवीर सिंह ने सहज सागर जी के जीवनवृत पर आधारित ग्रंथ सहज पथगामी का भव्य समारोह में विमोचन किया था। सहज पथगामी ग्रंथ में मुनिश्री के मैनपुरी में बिताए जीवन के बहुमूल्य पलों के अनेक संस्मरण हैं। दीक्षा लेने से पूर्व मैनपुरी मुनिश्री की जन्म और कर्मस्थली दोनों रही है। लखनऊ से एमबीबीएस करने के बाद मुनिश्री ने करीब 48 बरस मैनपुरी में बतौर डॉक्टर सेवाएं दी हैं। पंडित सुशील कुमार जैन अपने गुरू अंतर्मना आचार्यश्री 108 प्रसन्न सागर जी से दिसंबर 2023 में दीक्षा लेने के बाद मुनिश्री सहज सागर हो गए।



### महावीर स्वामी का मना कैवल्य ज्ञान कल्याणक दिवस

जिनालय में भगवान महावीर के कैवल्य ज्ञान कल्याणक दिवस पर प्रवर्तक मुनिश्री सहज सागर जी और निर्यापक मुनिश्री नवपदम सागर जी के दिव्य सानिध्य में विधि-विधान से स्वामी महावीर की आरती और पूजन हुआ, जबकि प्रो. आरके जैन ने अभिषेक और शांतिधारा की। इस मौके पर श्रीमती ऋचा जैन, प्रो. विपिन जैन, श्रीमती नीलिमा जैन, डॉ. विनोद जैन, डॉ अर्चना जैन, श्रीमती अहिंसा जैन की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। दूसरी ओर संत भवन में प्रवर्तक मुनि श्री 108 सहज सागर जी मुनिराज श्रावक-श्राविकाओं को अपने आशीर्वचन में बोले, दान देना पुण्य अर्जित करने का एक सरल और महत्वपूर्ण तरीका है। इसमें धन, वस्तु, या समय देना शामिल है। सेवा करना परोपकार का एक और महत्वपूर्ण रूप है। धर्मार्थ कार्य करना पुण्य अर्जित करने का एक और तरीका है। 12 व्रतों का पालन करना तीसरा पुण्य है। दूसरों के लिए अच्छी भावना रखना जैसे कि सभी प्राणियों के लिए प्रेम और करुणा रखना पुण्य है। यह मन की शुद्धता को बढ़ावा देता है और शांति और खुशी को लाता है। अष्टमी चतुर्दशी के दिन उपवास करना चौथा पुण्य है। मुनिश्री बोले, आधा घंटा या एक घंटा जैन धर्म के शास्त्रों को रोजना पढ़ना चाहिए। इस मौके पर फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, श्रीमती ऋचा जैन, वीसी प्रो. वीके जैन, प्रो. एसके जैन, डॉ. अक्षय जैन आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही।

### संत भवन साक्षी बना वैराग्य का

केश लोंचन जैन मुनियों की तपस्या की अद्वितीय परंपरा में शामिल है। प्रवर्तक मुनि श्री 108 सहज सागर जी मुनिराज ने भी टीएमयू के संत भवन में अपने केश लौंच करके इसी परम्परा का निर्वाहन किया। इस अवसर पर संत भवन में आस्था की बयार बही। राजस्थान की कुमारी दिशी जैन ने केश लोंच के दौरान सुमधुर आवाज में भक्ति गीत जैसे आज से अपना एक वादा रहा, जिंदगी के इस मोड पर, मेरे गुरुवर के बिना आदि प्रस्तुत करके श्रावक और श्राविकाओं का मन मोह लिया। उल्लेखनीय है, केश लोंचन में बाल बिना किसी औजार के हाथों से ही खींचकर निकाले जाते हैं। यह प्रक्रिया केवल शारीरिक पीड़ा नहीं, बल्कि सांसारिक मोह और भौतिक आकर्षणों से पूर्णतः विरक्ति का प्रतीक है। केश लोंचन आत्म-नियंत्रण, सहिष्णुता और वैराग्य की चरम अभिव्यक्ति है।

# कराटे वेलफेयर सोसाइटी ने निभाया राष्ट्र धर्म, छात्रों को सिखाए आत्मरक्षा के दावपेच

गाजियाबाद। आज जहां युद्ध के खतरे को लेकर देश भर में नागरिकों को मार्कड्रिल के माध्यम से आपातकाल में खुद की सुरक्षा करना सिखाया जा रहा है। उस समय में कराटे वेलफेयर सोसाइटी देश और सेना के साथ मजबूती से खड़ी है देश के जवान बॉर्डर पर अपना कार्य कर रहे है वहीं देश के अंदर कराटे वेलफेयर सोसाइटी जैसी संस्थाओं ने अपना कार्य भी शुरू कर दिया है। संस्था के अध्यक्ष विजय कौशिक एवं संरक्षक बी एल बत्रा ने बताया कि संस्था ने आज अपने कोचों के साथ शहर के कई स्कूलों में छात्रों को आत्मरक्षा के दावपेच तो सिखाए ही साथ ही युद्ध होने की स्थिति में कैसे खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित रख सकते है कि जानकारी दी। इस कड़ी में लाल कुआ स्थित ईश्वर चंद इंटर कॉलेज एवं अमनदीप इंटरनेशनल कॉलेज में सेल्फ डिफेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें ईश्वर चंद्र इंटर कॉलेज के मैनेजर पवन त्यागी जी एवं अमनदीप इंटरनेशनल कॉलेज के डायरेक्टर संदीप त्यागी जी ने संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग किया और सभी छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए उत्साहित किया
ट्रैनिंग देने वालों में संस्था के महासचिव एवं मुख्य प्रशिक्षक राजीव मुंडेलवाल, ज्वाइंट सेक्टरी तुषार ठाकुर एवं प्रगति सिंह सिसोदिया मुख्य रूप से मौजूद थे। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा समय समय पर महिलाओं के लिए आत्मरक्षा शिविर लगाते रहे हैं। जिनके तत्वाधान में अब तक हजारों लड़कियों एवं महिलाओं को आत्मरक्षा के दावपेच सिखाए जा चुके हैं।।



# युवा पीढ़ी को संस्कारित करेंगे-अनिल आर्य

दैनिक समाज जागरण

दिल्ली,सोमवार 5 मई 2025, आर्य समाज के 150 वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में आर्य समाज मयूर विहार फेज 1 एवं 2 में विशेष समारोह का आयोजन किया गया।
केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि युवा पीढ़ी को संस्कारित करने के लिए शिविर आयोजित किए जाएंगे आज चरित्र निर्माण सबसे बड़ी आवश्यकता है।युवा मातृ पितृ भक्त हों,देश भक्त हों यह आवश्यक है।आर्य समाज ने गत 150 वर्ष में अनेको उल्लेखनीय कार्य किए हैं फिर उस धार को तीव्र करना होगा क्योंकि बढ़ता पाखंड अन्धविश्वास आर्य समाज के लिए चुनौती है।





केन्द्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि महर्षि दयानन्द सरस्वती ने वेदों की पुनर्स्थापना की उन्होंने कहा कि वेदों की और लौटो। विधायक नेगी,वैदिक विद्वान डॉ. महेश विद्यालंकार,सुदेश आर्या,श्रुति सेतिया,आचार्य भू देव शास्त्री,अर्चना मोहन ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का कुशल संचालन आर्य नेता ओम प्रकाश पांडेय व बृज मोहन ने किया।
प्रमुख रूप से अमीर चन्द्र रखेजा, ओम प्रकाश शास्त्री,संगीता गौतम, राजेश सपरा, हरबस लाल शर्मा, एन के चोपड़ा,अशोक गुप्ता,अजय आर्य, डी पी एस वर्मा, अभिमन्यु चावला, उषा कथूरिया, अरुण विनायक आदि उपस्थित थे।

# आर्य समाज ने भारतीय सेना को दी बधाई भारतीय सेना पर हमें गर्व है-अनिल आर्य

दैनिक समाज जागरण

गाजियाबाद,बुधवार 7 मई 2025, आर्य समाज ने पहल गांव नरसंहार का बदला लेने के लिए भारतीय सेना को बधाई दी है।किन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि हमें भारतीय सेना पर गर्व है।विपरित परिस्थितियों में भी भारतीय सेना हर काम को सफल अंजाम देती है।उन्होंने कहा कि देश की आजादी में आर्य समाज का अत्यधिक योगदान रहा आज फिर आर्य जगत प्रधानमंत्री जी के साथ है और कंधे से कंधा मिलाकर साथ रहेगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश स्वाभिमान से आगे बढ़ रहा है।
राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने बताया कि आज "राष्ट्र रक्षा यज्ञ" करके देश की सुख-समृद्धि की प्रभु से प्रार्थना की गई।



# गुन्नौर विवाहिता ने देवर पति समेत ससुराल जनों पर प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

**दैनिक समाज जागरण**

जनपद अलीगढ़ क्षेत्र के थाना पाली मुकीमपुर गांव हरनोट भोजपुर निवासी रामौतार की बेटी सुमन की शादी 18 फरवरी 2017 को जनपद संभल गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव रूकनाबाद निवासी रामवीर के बेटे रजनीश के साथ हिंदू रीति रिवाज के हिसाब से दान दहेज देकर शादी की थी कुछ महीने बाद ही पति समेत ससुरालजन दहेज की मांग करने लगे जब मेरे पिता ने दहेज देने से मना किया तो मेरे पति ने 2 साल बाद मुझसे नाराजी के चलते वह किसी अन्य लड़की के साथ दिल्ली जाकर रहने लगा इसके बाद पुलिस कचहरी उसे समेत शिकायत दर्ज हुई तो ससुराल जनो यह तय किया कि तुम अपने देवर बिजनेस पुत्र रामवीर के साथ रहोगी इसके बाद देवर बिजनेस 6 महीने तक शारीरिक संबंध बनाता रहा। जिसके बिजनेस ने भी ससुरालजनों के साथ मिलकर व दिमाग में गलत सोच रखते हुए पीड़िता की मारपीट कर घर से निकाल दिया और दूसरी शादी करने का देवर ने भी मन बना लिया जिसकी 7 मई को बरात जायेंगी पीड़ित बोली की अगर देवर बिजनेस की भी शादी हो गई तो वह और ज्यादा ससुरालजन उत्पीड़न करेंगी पीड़ित बोली कि मैंने संबंधित अधिकारी व गुन्नौर कोतवाली समेत कई शिकायती पत्र दे चुका हूं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही ।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रत्येक भारतीय गौरवान्वित=हिंदू जागृति मंच

**हिंदू जागृति मंच के सदस्यों ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर जताई प्रसन्नता**



**दैनिक समाज जागरण /पंकज राघव**

संभल ।कश्मीर घाटी के पहलगाम में 26 तीर्थ यात्रियों की निर्मम हत्या करने के 15 दिन बाद आतंकी ठिकानों और आतंकियों को घर में घुसकर नेस्तानाबूद करने वाले ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर हिंदू जागृति मंच के सदस्यों ने परस्पर एक दूसरे को लड्डू खिलाए। आने-जाने वालों को मिठाइयां वितरित कर गर्व और गौरव का प्रदर्शन किया। हिंदू जागृति मंच के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार अग्रवाल ने कहा कि धर्म को पूछ कर निर्मम हत्या करना कायरता है और ऐलान करके आतंकियों को नेस्तानाबूद करना शौर्य और पराक्रम है। भारतीय सेना ने जो गजब का जज्बा सत्साहस पराक्रम दिखाया है उससे प्रत्येक भारतवासी गदगद है और अपनी सेना पर गर्व का अनुभव करता है। अधिवक्ता उमेश कुमार शर्मा ने मोदी सरकार को 56 इंची सीने वाली सरकार बताकर कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की पूर्ण सफलता पर 140 करोड़ देशवासी प्रसन्नता व्यक्त करते हैं। हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने पाकिस्तान के पी ओ के को भारत में समाहित करने की भारत सरकार से अपील की और आर पार की सैन्य कार्रवाई करने का आह्वान किया। हिंदू जागृति मंच के राजेंद्र सिंह गुर्जर, सुबोध कुमार गुप्ता, विनोद कुमार अग्रवाल, उमेश सैनी, हेमंत वार्ष्णेय, रवि शंकर लाठे, जसपाल सिंह, ध्रुव अग्रवाल, मंजू रावत, गौरव रावत, अजय कुमार शुक्ला, आदि ने पुराना टेलीफोन एक्सचेंज रोड पर आने जाने वालों को लड्डू खिलाए। परस्पर एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर भारत माता की जय जयकार के साथ झूमे। वंदे मातरम और भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाकर भारतीय सेना के कौशल और पराक्रम पर आभार व्यक्त किया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं निर्देशन हिंदू जागृति मंच के प्रदेश महामंत्री सुबोध कुमार गुप्ता ने किया।

# जनपद में सफलतापूर्वक हुआ मॉक ड्रिल का आयोजन

**नेशन फर्स्ट की भावना से कार्य करें जनमानस - अवनीश राय**



**आई एम खान/ दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बदायूं। शासन के निदेशों के क्रम में जिलाधिकारी अवनीश राय के मार्गदर्शन में बुधवार को रात्रि 8:00 बजे से रात्रि 8:10 तक ब्लैकआउट मॉक ड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन जनपद में किया गया। यह आयोजन शहरी व ग्रामीण क्षेत्र दोनों में किया गया। डीएम ने जनपद वासियो से कहा कि वह नेशन फर्स्ट की भावना को ध्यान में रखकर कार्य करें। पुलिस लाइन में आयोजित मॉक ड्रिल के दौरान परिसर में स्थित बहु मंजिला इमारत में प्रतीकात्मक रूप से आग लगाकर दमकल कर्मियों द्वारा तुरंत बुझाई गई तथा घायल लोगों को प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल में बेहतर उपचार हेतु एंबुलेंस के माध्यम से भिजवाया गया। इस दौरान दमकल कर्मियों ने आग के विभिन्न स्वरूपों को कैसे बुझाया जाए इसका भी प्रदर्शन किया।जिलाधिकारी ने कहा कि पहलगाम में हुये हमले को दृष्टिगत रखते हेतु सुरक्षात्मक उपाय अपनाने हेतु मॉक ड्रिल किया गया। जिसमें रात्रि 08.00 बजे से 08.10 बजे तक निजी भवन, शासकीय भवनों, पेट्रोल पम्प, सड़क पर चल रहे वाहनों, फैक्ट्ररी में प्रकाश बिन्दुओ को बंद रखने की अपील की गयी। ब्लैक आउट के दौरान सभी प्रकार की बाहरी लाइटें बंद रखने की अपील की गई। इस दौरान फैक्ट्ररी, मशीनरी इत्यादि संचालित रही। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल के दौरान कोई भी पैनिक स्थिति उत्पन्न ना हो, इस हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे।उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल को सफल बनाने के लिए अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, पंचायती राज विभाग व सभी उप जिलाधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यकता निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि बदायूं एक अमन पसंद जनपद है और यहां के वासी हमेशा भाईचारे के साथ रहते आए हैं। उन्होंने बताया कि कलेक्ट्रेट स्थित कक्ष संख्या 221 में संचालित एकीकृत कमांड कन्ट्रोल रूम 247 कियाशील रहेगा। जिसमें मोबाइल नम्बर 7505389289, 7505395940 तथा दूरभाष संख्या 05832-266049, 05832 - 266050 संचालित रहेगें। आपात स्थिति की सूचना हेतु कन्ट्रोल रूम के नम्बरों पर सम्पर्क किया जा सकता है। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी, स्काउट गाइड व अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने मे पुलिस ने पास्को एक्ट समेत गंभीर धाराओं मे किया केस दर्ज

**दैनिक समाज जागरण**
**मुस्कान खान जनपद बिजनौर**



मंडावर (बिजनौर) थाना मंडावर क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। घटना के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो अन्य की तलाश की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम रसूलपुर पितका उर्फ बवनपुरा निवासी आदित्य पुत्र कोमल सिंह, सौरव पुत्र कोमल सिंह एवं ग्राम गंधोर निवासी उदयवीर पुत्र हुक्म सिंह पर आरोप है कि उन्होंने एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू करते हुए मुख्य आरोपी आदित्य को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक आदित्य ग्राम रसूलपुर पितका उर्फ बवनपुरा, थाना कोतवाली शहर, जनपद बिजनौर का निवासी है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज, उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह व कांस्टेबल उपेन्द्र मलिक शामिल रहे। टीम ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, वहीं अन्य आरोपियों की धरपकड़ के लिए दबिश दी जा रही है।पुलिस ने बताया कि मामले में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। साथ ही पॉक्सो एक्ट की गंभीर धाराएं भी जोड़ी गई हैं। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# हादसे को न्योता दे रहा सड़क पर बना गड्ढा, जिम्मेदारों को नहीं है कोई सरोकार

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

नजीबाबाद। नगर के हृदय स्थल कहे जाने वाले कृष्णा टाकिज चौराहे पर एक गहरा गड्ढा हादसों को दावत दे रहा हैं। इस व्यस्ततम मार्ग में दिन-रात आवागमन का दबाव बना रहता है। भीड़भाड़ के कारण यहां से गुजरना खतरे से खाली नहीं है। क्योंकि यह गहरा गड्ढा बिल्कुल चौराहे पर है। उक्त चौराहे से नगर के प्रशासनिक अधिकारीयों एवं जनप्रतिनिधियों का आवागमन बना रहता है। उसके बावजूद उक्त सड़क पर बना गड्ढा भरा नहीं गया। इस संबंध में स्थानीय लोगों द्वारा पूर्व में भी आवाज उठाई गई थी। परंतु शासन प्रशासन की कान पर जू नहीं रेंगी, अब तक शासन प्रशासन द्वारा उक्त गड्ढे को भरवाने के लिए कोई संज्ञान नहीं लिया गया है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि गड्ढे से कई लोग चोटिल हो चुके हैं। व्यापारियों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से सड़क पर बने गहरे गड्ढे को भरवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही गड्ढे को नहीं भरा गया तो गड्ढे का आकार बढ़ता जा रहा है और वह गड्ढा किसी बड़े हादसे को भी दावत दे सकता है। इस अवसर पर अभिनव अग्रवाल, आशु, राशिद, सुरेश वशिष्ठ, सुहेल, नदीम, अनिल कुमार, शारिक, शाहिद, सलीम, सरताज, वजाद, तशरीफ आदि रहे।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा युद्ध आपदाओं से संबंधित तैयारियों को लेकर जूम मीटिंग के माध्यम से जनपद के संबंधित अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**जनपद बुलंदशहर के नरौरा में नागरिक सुरक्षा के अन्तर्गत हवाई हमले से संबंधित मॉक ड्रिल में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई हुए सम्मिलित**

**बबराला नगर में सायं 7:30 बजे से 8 बजे तक रहा ब्लैक आउट सभी लोगों द्वारा बंद किये गये प्रकाश से जुड़े उपकरण**

**मंडी समिति बहजोई स्थित पुलिस लाइन में भी किया गया मॉक ड्रिल**



**दैनिक समाज जागरण**

बहजोई। कार्यालय पर जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई द्वारा युद्ध आपदाओं की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ एक जूम बैठक की। साइबर सिक्योरिटी को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गेल यारा के एंट्री प्वाइंट को चेक करने तथा तेल एवं गैस की पाइपलाइन को लेकर भी पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साइबर सेल के प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि इस समय के माहौल को देखते हुए अगर कोई गलत ट्वीट करता है तो उस पर त्वरित प्रभाव से कार्यवाही की जानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति भारतीय सेना आदि पर सोशलमीडिया के माध्यम से गलत कमेंट करता है तो उनपर निगरानी रखी जाए तथा उनको पुछताछ के लिए भी बुलाया जाए। स्वास्थ्य विभाग को भी एम्बुलेंस एवं आवश्यक चिकित्सा किट को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि अफवाहों के बारे में अलर्ट रहें। यारा तथा गेल जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर विशेष ध्यान दिया जाए। जनपद के 49 गाँव जोकि संवेदनशीलता की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं उनको लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा आपदा विशेषज्ञ अच्युत यादव को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम कुल से संबंधित अधिकारी, खंड विकास अधिकारी तथा एडीओ पंचायत उन गांवों में वॉलंटियर्स, नेहरू युवा केन्द्र से जुड़े लोगों तथा रिटायर्ड आर्मी के लोगों की सूची तैयार करें तथा गायत्री परिवार को जागरूकता के लिए लगाएं। इसके उपरांत जनपद बुलंदशहर के नरौरा में नागरिक सुरक्षा के अन्तर्गत युद्ध आपदाओं से संबंधित मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया जिसमें जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। मॉक ड्रिल के अन्तर्गत नागरिक सुरक्षा से जुड़े विशेषज्ञों द्वारा बताया गया कि हवाई हमले के समय हम किस तरह से कार्य कर सकते हैं तथा सीमित व्यवस्थाओं में घायल हुए लोगों एवं अन्य लोगों की मदद कर सकते हैं। हवाई हमले के समय बजने वाले सायरन को कैसे पहचाने उसको लेकर भी जानकारी दी गयी। उन्होंने सायरन की अविधि के विषय में भी बताया हवाई हमले के समय दो मिनट का सायरन अविधि होती है। हवाई हमले के समय क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए उसके विषय में भी जानकारी दी। हवाई हमले के समय शैलटर लेने तथा पेट के बल लेट कर सीने को ऊपर उठाते हुए कानों पर हाथ रख लेने चाहिए ताकि बम धमाके की आवाज न सुनाई दे या धीमे सुनाई दे। हवाई हमला खत्म होने पर पुनः दो मिनट का सायरन बजता है तथा इसकी आवाज एक समान होती है।हवाई हमले के समय लगने वाली आग को कैसे बुझाया जाए तथा घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए कैसे ले जाया जाए तथा सीपीआर कैसे दें। घरों की छत्तों पर कोई कोई कबाड़ न रखा हो इसको भी ध्यान रखने के लिए कहा गया। हवाई हमले के समय नालों के उपयोग को लेकर भी जानकारी दी गयी बताया गया कि इसके द्वारा भी अपने को सुरक्षित रखा जा सकता है। एनडीआरएफ तथा सीआई एसएफ की टीम द्वारा भी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं गयी। उन्होंने ब्लैक आउट के विषय में भी बताया गया तथा ब्लैक आउट के समय क्या करना चाहिए तथा क्या नहीं करना चाहिए उसके विषय में भी बताया गया। उन्होंने बताया कि इस समय प्रकाश बिल्कुल बंद रखना चाहिए, कोई भी रौशनी न जलाएं तथा बाहर न निकले एवं वाहन न चलाएं तथा वाहन की लाइट भी न जलाएं। इसके उपरांत बबराला में सांय 7:30 बजे से 8 बजे तक ब्लैक आउट कराया गया तथा नगर की सभी लाइटों को बंद कराया गया, जनसामान्य ने अपनी इन्वर्टर सहित सभी लाइट एवं प्रकाश के उपकरणों को बंद रखा। बहजोई के मंडी समिति स्थित पुलिस लाइन में भी हवाई हमले से संबंधित मॉक ड्रिल किया गया जिसमें हवाई हमले के समय क्या करना चाहिए तथा क्या नहीं करना चाहिए उसके विषय में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा तथा अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा ,सहायक पुलिस अधीक्षक / क्षेत्राधिकारी सम्भल आलोक भाटी तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक एवं आपदा विशेषज्ञ अच्युत यादव एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। यारा फर्टिलाइजर एवं गेल बबराला में भी मॉक ड्रिल किया गया। जिसमें उप जिलाधिकारी गुन्नौर दीपक चौधरी तथा क्षेत्राधिकारी गुन्नौर दीपक तिवारी एवं यारा एवं गेल से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# आज शाम 08 बजे होगी मॉकड्रिल - अवनीश राय

**अपीलः सभी आर्टिफिशियल लाइट्स 10 मिनट के लिए रखें बंद**



**आई एम खान**
**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बदायूं। जिलाधिकारी अवनीश राय ने बुधवार को मॉक ड्रिल के संबंध में बैठक कर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए कि मॉक ड्रिल के दौरान सांय 8:00 बजे से 10 मिनट के लिए 08:10 बजे तक ब्लैकआउट किया जाएगा तथा अन्य उपकरण यथावत चलते रहेंगे। इस दौरान आमजन घरों एवं प्रतिष्ठानों आदि की आर्टिफिशियल लाइट बंद कर दें और 10 मिनट बाद पुनः चालू कर दें। उन्होंने कहा कि इस दौरान किसी भी तरह का पैनिक नहीं होना चाहिए और इस मॉक ड्रिल में सभी आमजन का सहयोग अपेक्षित है। कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आहूत बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क पर चल रहे वाहन चालक भी गाड़ी साइड में लगा कर 10 मिनट के लिए वाहन की लाइट बंद कर सहयोग करें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सायरन की आवाज पर सभी आर्टिफिशियल लाइट बंद की जाए। उन्होंने बताया कि बुधवार को सांय 8:00 बजे पुलिस लाइन ग्राउंड में मॉक ड्रिल की जाएगी जिसमें स्काउट गाइड आदि का सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह मॉक ड्रिल शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों दोनों में होगी। जिलाधिकारी ने मॉक ड्रिल के संबंध में फायर सर्विस, स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग व पुलिस विभाग सहित संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि किसी भी तरह की सूचना देने या मदद के लिए जनपद के कलेक्ट्रेट स्थित एकीकृत कमांड कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 05832-266054 एवं मोबाइल नंबर 7505389289 पर सम्पर्क कर सकते है। जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बैठक के उपरांत सभागार में ही मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता कर जनमानस को जागरूक करने व सहयोग प्रदान करने की अपील की। बैठक के दौरान पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी जसजीत कौर ने प्रेमधाम मे लिफ्ट का फिता काटकर किया उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण**
**मुस्कान खान जनपद बिजनौर**



नजीबाबाद प्रेम धाम में लिफ्ट का फीता काटकर किया उद्घाटन बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत तहसील नजीबाबाद में हरिद्वार रोड स्थित प्रेमधाम आश्रम का भ्रमण किया गया। जिलाधिकारी जसजीत कौर का दिव्यांग बच्चों ने बैंड और सलामी देकर स्वागत किया तथा आश्रम के मुख्य संचालक पादरी श्री शिब्बू एवं श्री बिन्नी द्वारा बुके देकर उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रेम धाम आश्रम में जिस प्रकार मानवीय मूल्यों पर आधारित आत्मिकता, करूणा और दया भाव से दिव्यांग जनों की निःस्वार्थ रूप से सेवा की जा रही है, वह प्रशंसनीय, सराहनीय एवं अनुकरणीय है। उन्होंने आश्रम के प्रबंधन तंत्र को आश्वस्त करते हुए कहा कि उक्त संबंध में किसी भी समस्या के समाधान और सहयोग के लिए जिला प्रशासन सदैव तत्पर रहेगा। उन्होंने आश्रम में हर स्थान पर पाई जाने वाली स्वच्छता, प्रबंधन एवं व्यवस्था की खुले दिल से प्रशंसा करते हुए संचालकों को बधाई दी। जिलाधिकारी ने प्रेम धाम आश्रम की तीन मंजिला इमारत में दिव्यांग जनों की सुविधा के लिए स्थापित की गई नई लिफ्ट का फीता काट कर उद्घाटन किया और लिफ्ट द्वारा प्रथम तल पर अति दिव्यांग जनों को फल, कोल्ड ड्रिंक, बिस्कुट आदि पौष्टिक सामग्री पर आधारित किट का वितरण किया। आश्रम के संचालकों द्वारा इस अवसर पर जिलाधिकारी को दिव्यांग जनों के लिए बनाए गए आईसीयू यूनिट, किचन, मैस, बेड रूम्स की भ्रमण कराते हुए स्कूल कक्षाओं में दिव्यांग जनों को दी जाने वाली शिक्षा पद्धति तथा दिव्यांग जनों द्वारा उत्पादित फुटवियर, मेट्स, सजावट सामग्री का भी अवलोकन कराया गया। उन्होंने दिव्यांग जनों द्वारा उत्पादित सुंदर और आकर्षक उत्पादों की प्रशंसा की। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा प्रेम धाम आश्रम की स्थापना और उसके आय स्रोतों के बारे में पूछे जाने पर पादरी श्री शिबू ने बताया कि आश्रम का भवन सेंट मेरी स्कूलों द्वारा बनवाया गया है तथा आश्रम का खर्च दान प्रक्रिया पर आधारित है। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग जनों द्वारा बहुत ही सुंदर गीत और आकर्षक नृत्य पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी द्वारा प्रेम धाम आश्रम में 16 वर्ष पूर्व जिला समस्तीपुर बिहार के श्री नवीन कुमार, जिन्होंने आश्रम में रहकर एम ए हिंदी,,ी तथा शिक्षक प्रवेश परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की, का सिलेक्शन पीजी टीचर के तौर पर होने पर उनको शासन द्वारा उपलब्ध कराया गया नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया और उन्हें बधाई भी दी गई। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नजीबाबाद विजय शंकर, आश्रम के संचालक एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# गुन्नौर रास्ते में घेरकर अधिवक्ता की लाठी डंडो से जमकर की पिटाई

**दैनिक समाज जागरण**

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव नूरपुर निवासी अधिवक्ता सुरेंद्र कुमार पुत्र धर्मपाल सिंह ने तहरीर देकर बताया कि वह गांव निवासी कुंवरपाल पुत्र घमंडी के पास निजी काम से उसके घर जा रहा था। तभी रास्ते में पालू पुत्र लाखन,प्रेमपाल पुत्र पालू, सोमवीर ,कालू पुत्रगण पालू दबंग लोग मिल गए ।और गाली गलौज करने लगे जब विरोध किया तो वह लाठी डंडे लेकर मारपीट करने लगे। जब उसको बचाने उसका भाई जयप्रकाश आया तो उसके साथ भी मारपीट की हालांकि अधिवक्ता सुरेंद्र ने गुन्नौर कोतवाली में शिकायत पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाए जा रहे यातायात जागरूकता डिजिटल सेफ्टी अभियान

**दैनिक समाज जागरण**

संभल। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन में चलाए जा रहे यातायात जागरूकता डिजिटल सेफ्टी अभियान (परवाह ) के क्रम में यातायात पुलिस टीम द्वारा कस्बा चन्दौसी में वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में विस्तार से समझाया गया । जिसमें दो पहिया वाहन पर दोनों सवारी हेलमेट पहने एवं दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठे । वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें। शराब पीकर वाहन न चलाएं। चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट धारण करें। सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के उद्देश्य का महत्व समझाया एवं यातायात नियमो का पालन करके आप अपनी यात्रा को सुरक्षित एवं बिना जोखिम के पूर्ण कर सकते है । आपका जीवन अनमोल है, सुरक्षित चले सुरक्षित रहें।




# चारा लेने गए किसान पर गुलदार का जानलेवा हमला फुलसंदा गांव के जंगल में मची अफरा-तफरी

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

नहटौर फुलसंदा गांव के जंगल में चारा लेने गए एक किसान पर गुलदार ने अचानक हमला कर दिया। हमले में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए गुलदार को खदेड़ा और घायल किसान की जान बचाई घायल किसान की पहचान गांव फुलसंदा निवासी 50 वर्षीय खुर्शीद अहमद के रूप में हुई है। वह रोज की तरह पशुओं के लिए चारा लेने जंगल गया था। इसी दौरान बाजरे के खेत से अचानक एक गुलदार निकलकर उस पर टूट पड़ा। हमले में वह बुरी तरह जख्मी हो गया किसान की चीख सुनकर पास के खेतों में काम कर रहे लोग दौड़े और लाठी-डंडों से गुलदार को भगाकर खुर्शीद को जंगल से बाहर निकाला। आनन-फानन में घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और गुलदार को पकड़ने के लिए मौके पर पिंजरा लगवाया। टीम ने ग्रामीणों को गुलदार की गतिविधियों के प्रति सतर्क रहने और अकेले जंगल में न जाने की सलाह दी है। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि गुलदार को जल्द से जल्द पकड़ा जाए, ताकि किसी और बड़ी घटना को टाला जा सके।



# नजीबाबाद मे चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी के कैम्प कार्यालय का सांसद चन्द्रशेखर आजाद ने फीता काट कर उदघाटन किया। व स्टूडेंट को सम्मानित किया

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**



नजीबाबाद। आजाद समाज पार्टी काशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना लोकसभा से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने नजीबाबाद पहुचकर पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी के कार्यालय का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय और खुर्शीद मंसूरी के कार्यों की सराहना की। वहीं खुर्शीद मंसूरी द्वारा मुस्कान मैरिज हॉल में आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह में पहुचकर सांसद चंद्रशेखर आजाद ने क्षेत्र के मेधावी छात्र छात्राओं का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष नईम सिद्दीकी ने भी नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के साथ मेघावी बच्चों को सम्मानित किया।मीडिया से वार्ता करते हुए सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि पार्टी ने आगामी जिला पंचायत और स्थानीय चुनाव को लेकर कमर कस ली है, 2027 के विधानसभा चुनाव के सत्ता की चाबी आजाद समाज पार्टी के पास होगी, हमारी पार्टी के बिना किसी की सरकार नहीं बनेगी। कश्मीर के पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा की गई जवाबी कार्यवाही को सही ठहराया, उन्होंने आगे कहा कि नगीना की जनता ने मुझे देश संसद में पहुंचाया इसके लिए वह यहां की जनता के कर्जदार है। इस अवसर पर मौलाना अतिकुर्रहमान, सरदार हरप्रीत सिंह, इंजीनियर मनोहर लाल, साहिल मेहरा, हाशिम जलाल, जगमीत सिंह जीत, शादमान, शाहबुद्दीन पूर्व प्रधान, प्रशांत महासागर, फहीम अंसारी,शाहिद अंसारी, जर्मन, शराफात, नदीम सलमानी, नौशाद सरवरी, जाफर सलमानी, इस्माईल ,आदिल अब्बासी, इमरान, शानू, फैजान, महताब राईन, सरताज राईन, अच्छन राईन, नसीम एडवोकेट, मुन्ने हाफीजी, जुबैर आदि मौजूद रहे।

# दलित अभियुक्तों के साथ हुई मारपीट में पुलिस जाँच में अभियुक्त दोषी

## जातिगत रूप देने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाही

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**




अलीगढ़ : लोधा थाना क्षेत्र में नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ के आरोपी जिन यू-ट्यूबरों की ग्रामीणों ने पिटाई की थी, वह रोज छात्रा का पीछा करते थे। छात्रा जब स्कूल से घर और घर से स्कूल आती-जाती थी तो आरोपी उसके पीछे बाइक लगा देते थे। रास्ते में आरोपी उसके साथ छींटाकशी भी करते थे। पुलिस की जॉच में सामने आया है कि आरोपी पिछले एक सप्ताह से लगातार छात्रा को परेशान कर रहे थे। इसके बाद ही ग्रामीणों ने उनकी पिटाई करके उन्हें पुलिस के हवाले किया था। पुलिस ने इस सारी घटना के सीसीटीवी फुटेज भी जारी कर दिए हैं, छह दिन की फुटेज में आरोपी लगातार छात्रा का पीछा करते नजर आ रहे हैं। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में साफ नजर आरहा है कि आरोपी एक हफ्ते से लगातार छात्रा का पीछा कर रहे थे। इससे परेशान होकर छात्रा ने 26 अप्रैल को शोर मचा दिया था, जिसके बाद ग्रामीण एकत्रित हो गए थे। इसी गुस्से में उन्होंने आरोपियों के साथ मारपीट की थी। मारपीट करने वालों पर भी कानूनी कार्रवाई की गई। लेकिन इस घटना को गलत तरीके से समाज में प्रसारित किया जा रहा है। इसे जातिगत रूप दिया जा रहा है, जिससे समाज में अशांति और वैमनस्यता फैले। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने जो किया, वह जघन्य अपराध है।

एसपी सिटी मृगांग शेखर पाठक ने बताया कि आरोपी नाबालिग छात्रा के साथ लगातार छेड़छाड़ कर रहे थे। यह जघन्य अपराध है और पीड़ित पिता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की हरकत के पुलिस के पास सीसीटीवी हैं और सारे डिजिटल साक्ष्य संकलित कर लिए गए हैं। लेकिन कुछ लोग इसे जातिगत और धार्मिक रूप देकर प्रसारित कर रहे हैं और समाज में द्वेष फैलाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जो भी सोशल मीडिया या अन्य माध्यम से समाज में जातिगत द्वेष फैलाने की कोशिश करेगा, उसके खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# लिंक लॉक ग्रुप के निदेशक जफर आलम ने मेडिकल कालेज को 25 लाख के मशीन व इंस्ट्रूमेंट दान किए

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**



अलीगढ़ : पूर्व विधायक जफर आलम ने जे एन मेडिकल हॉस्पिटल के सी टी वी एस विभाग को 25 लाख के इंस्ट्रूमेंट व मशीन दान कर हार्ट सर्जरी के इलाज को किया आसान पूर्व विधायक श्री जफर अलम निदेशक लिंक लॉक द्वारा विभागाध्यक्ष प्रोफेसर आजम हसीन सी टी वी एस विभाग मेडिकल कॉलेज को 25 लाख की इंस्ट्रूमेंट व मशीन दान करने के लिए श्री जफर अलम के पुत्र श्री हुमायूं जफर ने खुद ओ टी में जाकर विभाग अध्यक्ष डॉ आजम हसीन को सौंपा इस कार्य मैं श्रीमान पूर्व विधायक जी के प्रतिनिधि श्री मुजफ्फर इकबाल भी साथ रहे । डॉ आजम हसीन द्वारा बताया गया कि इस मशीन और इंस्ट्रूमेंट से हार्ट सर्जरी करने मैं बहुत आसानी होगी इस मशीन द्वारा बच्चे और बड़ों की सर्जरी दूरबीन द्वारा हुआ करेगी ये मशीन मेडिकल कालेज के लिए एक बहुत बड़ा दान है। डॉ आजम हसीन द्वारा बताया गया कि इस मशीन की विभाग को बहुत समय से जरूरत थी इस मशीन के प्रयोग से अब ओपन हार्ट सर्जरी को सीना खोल कर सर्जरी करने की जरूरत नही होगी बल्कि अब सिर्फ एक छोटा सा होल करके सर्जरी हो सकेगी विभागाध्यक्ष डॉ आजम हसीन व डीन प्रोफेसर हबीब रजा व चीफ मेडिकल प्रोफेसर अमजद रिजवी ने भी श्री जफर अलम व उनके पुत्र श्री हुमायूं जफर का धन्यवाद किया । इस मौके पर श्री हुमायूं जफर ने विभाग की ओ टी व आई सी यू का भ्रमण करके मरीजों का हाल जाना और विभाग की व्यवस्थाओं को देखा। कार्यों को समझा जिस को देख कर वह बहुत प्रसन्न हुए डॉ आजम हसीन व उनकी पूरी टीम की बहुत प्रशंसा करते हुए विभाग को जरूरत पड़ने पर और मदद का आश्वासन दिया इस मौके पर डॉ सबीर अली , डॉ आमिर असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ,शमायल रब्बानी असिस्टेंट प्रोफेसर , के साथ उळश्र की पूरी टीम मौजूद रही।

# ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं यूपी ग्रामीण आजीविका मिशन की संयुक्त बैठक सम्पन्न

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**



अलीगढ़ : भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने के लिए कलैक्ट्रेट सभागार में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (वढरफ्छट) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ जिले के प्रमुख विभागीय अधिकारियों ने भी प्रतिभाग किया। बैठक का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका संवर्धन, रोजगार सृजन, समेकित विकास कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा और समन्वय को सशक्त बनाना रहा।

प्रभारी जिलाधिकारी व सीडीओ प्रखर कुमार सिंह और ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार से निदेशक रमन वाधवा ने टीम के सदस्यों के साथ ग्रामीण आजीविका कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण, महिला उद्यमिता विकास, कौशल प्रशिक्षण, वित्तीय समावेशन और बाजार से जोड़ने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विभागीय समन्वय एवं जमीनी स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल देते हुए कहा कि महिलाओं की आजीविका संवर्धन के लिए स्वयं सहायता समूहों को विशेष सहयोग, प्रशिक्षण, वित्तीय समावेशन, विपणन एवं उद्यमिता विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाए। सभी सदस्यों ने भविष्य की रणनीति पर ध्यान केंद्रित करते हुए जिला एवं ब्लॉक स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन पर विभागवार एवं बिंदुवार विस्तार से विचार विमर्श किया।

बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने विभागीय कार्यों, प्रगति एवं भविष्य की रणनीतियों से निदेशक एवं टीम के सदस्यों को अवगत कराया। बैठक में सभी अधिकारियों ने ग्रामीण विकास को गति देने एवं आपसी सहयोग से योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। बैठक में विचार विमर्श किया गया कि कृषि के साथ-साथ अन्य किस प्रकार से ग्रामीण परिवारों की आय को बढ़ा सकते हैं। चर्चा के दौरान बात निकल कर आई कि वर्तमान में महिलाओं के छोटे-छोटे समूह बनाकर सामाजिक एवं सांस्कृतिक उत्थान की दिशा में महिला सशक्तिकरण पर सफलतापूर्वक कार्य किया गया है। इन प्रयासों में ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उनकी आय में वृद्धि करने और सामाजिक सम्मान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अब इस अभियान को और व्यापक रूप देते हुए इसका दायरा युवाओं, महिलाओं, भूमिहीन एवं छोटे-मझोले किसानों को आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक रूप से सशक्त बनाकर उन्हें खुशहाली की ओर ले जाना है।

# अन्य पिछडे वर्ग के पात्र व्यक्ति शादी अनुदान योजनान्तर्गत करें आवेदन

अलीगढ़ : जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रजनीश कुमार पाण्डेय ने अवगत कराया है कि शासन द्वारा अन्य पिछडे वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी के लिए अनुदान योजनान्तर्गत ऑनलाइन आवेदन के संबंध में नवीन दिशा निर्देश दिये गये हैं। योजना के तहत प्रति लाभार्थी 20 हजार रुपए लाभार्थी बैंक खाते में विभाग द्वारा पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से प्रेषित की जाती है।

उन्होंने नवीन दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक के पास ऑनलाइन आवेदन भरने से पूर्व अपना आधार कार्ड एवं आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नम्बर, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, बैंक खाते की पासबुक (जिसमें पूर्ण विवरण हों), शादी का कार्ड होना आवश्यक है। आवेदक की आय शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में एक लाख रुपए प्रतिवर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये। उन्होंने बताया कि योजना में विधवा एवं दिव्यांग आवेदकों की वरीयता प्रदान की जायेगी। आवेदन केवल शादी के दिनांक से 90 दिन पहले अथवा 90 दिन बाद तक ही स्वीकार्य है किन्तु उक्त अबधि की गणना वित्तीय वर्ष अर्थात 01 अप्रैल से 31 मार्च के मध्य होनी चाहिये।

उन्होंने बताया कि अन्य पिछड़े वर्ग के जातियों की सूची में सम्मिलित अल्पसंख्यक वर्ग से सम्बन्धित जातियों एवं वर्ग के आवेदक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से अनुदान के लिए पात्र नहीं हैं। विवाह के लिए किये गये आवेदन में पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक एवं वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी अनिवार्य है। एक परिवार से अधिकतम 02 पुत्रियों की शादी के लिए अनुदान अनुमन्य है। वित्तीय वर्ष समाप्ति के उपरान्त विगत वित्तीय वर्ष की कोई भी मांग अगले वित्तीय वर्ष में अग्रेणीत नहीं की जाएगी। शादी अनुदान योजना से सम्बन्धित विस्तृत दिशा-निर्देश बेबसाइट Shadianudan.upsdc.gov.in पर प्रदर्शित है। अन्य किसी जानकारी के लिए विकास भवन स्थित जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

# युद्धकालीन स्थिति की तैयारी, युद्ध के दौरान बचाव के सिखाए तरीके

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**

अलीगढ़ : नुमाइश मैदान में प्रशासन ने युद्धकालीन स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया। एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट व एसपी सिटी मृगांक शेखर पाठक ने इस अभ्यास का नेतृत्व किया। दमकल विभाग और सिविल डिफेंस की टीमों ने युद्ध के दौरान बचाव कार्यों का



अभ्यास किया। जिला दमकल अधिकारी ने सिविल डिफेंस को अग्निशमन यंत्रों के उपयोग की जानकारी दी, विशेष रूप से हवाई हमले के दौरान आग से बचाव के तरीके सिखाए गए।

एडीएम सिटी ने नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण सुरक्षा निर्देश जारी किए, उन्होंने कहा कि सायरन बजने पर तुरंत सुरक्षित स्थान पर जाना चाहिए। प्रत्येक परिवार को अपने क्षेत्र के शेल्टर होम की जानकारी रखनी चाहिए। घरों में एक सप्ताह का राशन और सील पैक पानी रखने की सलाह दी गई। केमिकल प्रभाव से बचने के लिए खुले पानी के सेवन से बचने को कहा गया। एसपी सिटी ने बताया कि सिविल डिफेंस और पूर्व सैनिकों को युद्धकालीन स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गई है। ये प्रशिक्षित लोग अपने-अपने क्षेत्र में नागरिकों को आवश्यक सुरक्षा जानकारी प्रदान करेंगे।

# चौधरी अजीत सिंह किसान गरीबो के मसीहा थे : सत्तो चौधरी

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**

अलीगढ़ : अखिल भारतीय जाट संघर्ष समिति के जिला कार्यालय गोंडा रोड पींजरी पैंठ पर पूर्व केंद्रीय मंत्री किसानों के हमदर्द चौधरी अजीत सिंह जी की चौथी पुण्यतिथि उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाई । कार्यालय पर मौजूद सभी कार्यकताओं ने चौधरी साहब को नमन किया । वहीं भारतीय किसान यूनियन टिकैत के मंडल प्रवक्ता व बसपा नेता चौधरी सत्यवीर सिंह सत्तो ने बताया चौधरी साहब किसानों की बुलंद आवाज सामाजिक एकता के प्रतीक रहे। किसानों के प्रति आजीवन संकल्पित रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रद्धेय चौधरी अजीत सिंह की पुण्यतिथि पर हम उन्हें नमन करते हैं । देश के किसान गरीव मजदूर आपको कभी भूला नहीं पाएंगे इस मौके पर डाक्टर राजेंद्र कुमार शर्मा रूपेंद्र जैन रामवीर सिंह पूर्व मैनेजर प्रीतम सिंह बघेल नरेश सिंह विजय चौधरी ईश्वरी सिंह टोडर सिंह तेजवीर सिंह उदयवीर सिंह गुंटा सिंह सनी कुमार बबलू खान जब्बार खान अरुण चौधरी पन्नालाल आदि काफी लोग मौजूद रहे।



# मुस्कान बनी मिस व अभिनव बने मिस्टर फेयरवेल

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**

अलीगढ़ : मंगलायतन विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जूनियर विद्यार्थियों ने अपने सीनियर साथियों को विदाई दी। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से की गई। कार्यक्रम में गीत, नृत्य और



संगीत की प्रवाहित त्रिवेणी ने समां बांध दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने तालियों की गूंज से उत्साहवर्धन किया। समारोह के अंत में निर्णायकों ने मिस फेयरवेल के खिताब से मुस्कान शर्मा और मिस्टर फेयरवेल के खिताब से अभिनव मौर्य को नवाजा। सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न के रूप में उपहार प्रदान किए गए। संचालन अफीका सलीम व सौम्य शर्मा ने किया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डा. दीपशिखा सक्सेना, डा. यतेंद्र पाल, डा. संजय पाल, डा. प्रीति गुप्ता, डा. कविता शर्मा, डा. रामकुमार पाठक, डा. अनुराधा यादव, डा. भारतेंदु सिंह, दीपिका गुप्ता, भावना राज, डा. संतोष गौतम, डा. पूनम रानी, डा. मनीषा शर्मा, डा. स्वाति अग्रवाल, डा. मनीष राव, डा. नीलम सिंह, डा. शगुफ्ता परवीन, डा. हिबा इस्लाही आदि थे

# सपा और कांग्रेस ने मुसलमान को ठगा है दोनो पार्टियों ने उनका वोट केवल अपने स्वार्थ में उसे किया है -- उपमुख्यमंत्री

**दैनिक समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! सरस्वती शिशु मंदिर (बच्चू बाबा ) जलेसर रोड के हॉल में भारतीय जनता पार्टी महानगर फिरोजाबाद द्वारा वक़्फ सुधार जन जागरण अभियान के अंतर्गत अल्पसंख्यक प्रबुद्ध नागरिक संवाद कार्यक्रम महानगर अध्यक्ष सतीश दिवाकर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उपस्थित जनसमूह को वक़्फ संशोधन अधिनियम पर संक्षिप्त जानकारी देते हुए संबोधित करते हुए कहा कि वक़्फ इस्लामी कानून के अंतर्गत स्थापित एक अपरिवर्तनीय धर्मार्थ निधि है, जिसे भारत में वक़्फ अधिनियम 1995 के तहत मान्यता प्राप्त है, और विनियमित किया जाता है। इस शब्द में इस्लामी कानून के तहत पवित्र, धार्मिक या धर्मार्थ कर्म के से किए गए सभी दान शामिल हैं। वक़्फ बोर्ड और उनके द्वारा नियंत्रित संपत्तियां भारत में इस्लामी जीवन के महत्वपूर्ण अंग हैं। क्योंकि वह अनगिनत मस्जिदों, धार्मिक और परोपकारी संस्थाओं के संरक्षक के रूप में कार्य करते हैं। वक़्फ की व्यवस्थापन प्रणाली बहुत दुर्बल रही है जिसमें लगभग कोई जवाब दे ही नहीं रही। इसी कारण वक़्फ अधिनियम 2025 बनाया गया है, ताकि वक़्फ के शासन को सुव्यवस्था किया जा सके। तीन तलाक जैसे गंभीर मुद्दे इस्लाम से कतई ताल्लुक नहीं रखते हैं। कांग्रेस और सपा राजनीतिक पार्टियों वोट बैंक की राजनीति के लिए इन सभी मुद्दों को इस्लाम से जोड़कर अपनी राजनीतिक रोटियां सेकती हैं। और मुस्लिम समुदाय को आजतक गुमराह करती चली आ रही है ।। वक्फ दान की सम्पत्ति है। दान की सम्पत्ति का उपयोग समाज हित में होना चाहिए। नये वक्फ कानून में यही संशोधन किया गया है। मुस्लिम समाज के गरीब और पसमांदा परिवारों, महिलाओं, खासकर मुस्लिम विधवाओं को, बच्चों को उनका हक भी मिलेगा और उनका हक सुरक्षित भी रहेगा। यही असली सामाजिक न्याय है। वक्फ (संशोधन) विधेयक - 2025 वक्फ संपत्तियों में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन सुनिश्चित करेगा तथा साथ ही भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण भी लगाएगा। यह सुधार गरीब मुस्लिम बहनों-भाइयों की प्रगति के लिए है और इसके सुखद परिणाम भविष्य में सामने आयेंगे। वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित कर केंद्र सरकार, मुस्लिम समुदाय के कमजोर एवं वंचित वर्गों के कल्याण के लिए ठोस कदम उठा रही है।

मुस्लिम समाज की प्रबुद्ध जन महिला व पुरुषों से कहा हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास पर चल रही है,

मुस्लिम महिलाओं को मोदी ने तीन तलाक से मुक्ति दिलाई, मुस्लिम समाज के लोगों को बड़ी तादात में सरकारी आवास व अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिए गए है किसी से भेद भाव नही किया गया, सपा और कांग्रेस दोनों ने मुसलमानों को ठगा है इनके वोट लेकर केवल यूज किया जाता है फिर निकाल कर फेंक दिया जाता है।




यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में वक्फ सुधार को जनकल्याण से जोड़ते हुए गरीबों, जरूरतमंदों और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचेगा।

दानिश आजाद अंसारी उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, वक्फ एवम हज व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में मोदी सरकार वक्फ (संशोधन) विधेयक-2025 के माध्यम से वक्फ की जमीनों के बेहतर प्रबंधन, पारदर्शिता व सदुपयोग सुनिश्चित करता है। इस कानून के उपरांत वक्फ की संपत्ति का उपयोग गरीब मुसलमानों को विशेषाधिकार देने के साथ ही उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा सुनिश्चित कराने में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। वक्फ कानून देश में मौजूद वक़्फ की जायदाद की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा और इसका लाभ मुस्लिम समुदाय के गरीब परिवारों और महिलाओं तक पहुँचाना सुनिश्चित करेगा। हम सबका साथ सबका विकास के लिए समर्पित हैं इसलिए कांग्रेस को तुष्टिकरण की राजनीति कर मुस्लिम समुदाय का हक मारने नहीं देंगे।

वर्तमान अधिनियम वक़्फ प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने मनमाने ढंग से संपत्ति अधिग्रहण को रोकने तथा धार्मिक स्वतंत्रता और सामान्य से संबंधित संवैधानिक चिंताओं को दूर करने के लिए बनाया गया है। समक्ष उपस्थित अल्पसंख्यक समाज के लोगों से आह्वान किया कि जो पार्टियां सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करने के लिए हिंदू मुस्लिम करती रहती हैं उनसे सचेत रहने की आवश्यकता है। प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर भारद्वाज , मनीष असीजा विधायक सदर, शहर काजी सैय्यद शाहनियाज अली ,सूफी खान के अध्यक्ष फैसल मियां ने भी हमारे गरीब मुस्लिम भाई-बहनों को लंबे समय से बरगलाने वाले कांग्रेस और उसके सहयोगी दल तुष्टिकरण की राजनीति से ग्रसित है। वक्फ बिल को लेकर मुस्लिम समुदाय को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। वक्फ पर अपने विचार वक्त किये। इस दौरान अल्पसंख्यक प्रबुद्ध नागरिक संवाद में अल्पसंख्यक समाज से वाजिद अली नूरी , गुलजार अंसारी, अनवर खान, अब्दुल वहीद , यासिर हुसैन , फईम कुरैशी , साजिद जफर , मेहरोज अख्तर , मु असनत, सैय्यद शाहकर अली , मिर्जा जीशान बेग आसिफ नबाब ,नासिर भाई , असलम भोला, शाहनवाज शानू सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम महिला उपस्थित थी। इस दौरान कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष सतीश दिवाकर , जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह , विजय शिवहरे (एमएलसी )नानक चन्द्र अग्रवाल , ठा विश्वदीप सिंह , ओम प्रकाश वर्मा पूर्व विधायक , डॉ अमित गुप्ता मीडिया प्रभारी , राहुल चौधरी , सोनू सिंह , आनन्द अग्रवाल , केशव फौजी , डॉ एसपी लहरी ,डॉ लक्ष्मी नारायण यादव , हनुमान प्रसाद गर्ग , कन्हैया लाल गुप्ता, अरविंद पचौरी , सुनील शर्मा , श्याम सिंह यादव , अवधेश पाठक , राधेश्याम यादव , शैलेन्द्र गुप्ता ,आकाश गुप्ता, अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष सुशील जैन , विजय जैन , मुन्नी देवी महिला मोर्चा अध्यक्ष , अंकित तिवारी , लायक सिंह शंखवार , सत्यवीर गुर्जर , प्रचीर सेठ , अनार सिंह कुशवाहा , गौतम कुशवाहा , देशदीपक राजा , राहुल कुमार, शिवम दीक्षित , सत्य प्रकाश यादव , भारत सिंह वर्मा , दीपक गुप्ता , हरीओम वर्मा , विष्णु सक्सेना , भगवान सिंह झा , निर्मल शर्मा आदि।

# बंदरों का आतंक: राष्ट्रीय पक्षी मोर की हत्या कर रहे हैं बंदर

**दैनिक समाज जागरण**



एका! बंदरों ने सैकड़ो राष्ट्रीय पक्षी मोरों को मार डाला 112 डायल कर वन विभाग को सूचना दी मृत्यु वनरक्षक को सौंपा।

गांव प्रेमपुर में नहर के किनारे बढ़ रही बंदरों की संख्या से लोग परेशान है। आते जाते समय कभी भी लोगों पर हमला कर देते हैं और सामान छीन ले जाते हैं। लेकिन अब तो हद हो गई है बंदरों ने राष्ट्रीय पक्षी मोरों को मारना शुरू कर दिया है। मंगलवार को देर शाम शिवजी के मंदिर के पीछे मातादीन फौजी के घर के पास तर्जनों बंदरों ने एक मोड़ को भागते हुए पकड़ लिया और उसके पंख उखाड़ दिए पटक पटक कर मारते समय चिल्ला रहे मोर की आवाज सुनकर ग्रामीण बच्चों एकत्रित हुए डंडों से बंदरों को मार कर भगाया और मोड़ को छुड़ा लिया घबरा मोर ने थोड़ा सा पानी पिया और अपने प्राण छोड़ दिये।

बंदरों के आतंक को देखते हुए ग्रामीणों ने 112 पर सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने वन विभाग को सूचित किया बुधवार को सुबह वनरक्षक रामबाबू सिंह को ग्रामीणों ने मृत्यु मोर को सोपते हुए बंदरों के आतंक से गांव वालों को मुक्त करने के लिए कहा।

वनरक्षक ने बताया कि बंदरों को पकड़ने की जिम्मेदारी प्रशासन ने नगर पंचायत को दी है उन्हें सूचित किया जाएगा मृत पाए गए राष्ट्रीय पक्षी को वन विभाग की जमीन में दफनाकर अंतिम संस्कार करेंगे।

पूर्व प्रधान मुनेश यादव ने बताया कि गांव में नहर के किनारे लगभग दो हजार की संख्या में बंदर हैं पहले तो लोगों के साथ छिटपुट घटनाएं करते थे लेकिन अब उन्होंने मोरों को मारना शुरू कर दिया है लगभग एक हजार की संख्या में होते मोर अब एक सैकड़ा के आसपास ही बचे हैं। राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत पर लोगों ने शोक प्रकट किया है दुख प्रकट करने वालों में मुख्य रूप से राजू उपाध्याय प्रदीप कुमार धर्मपाल रामपाल मातादीन रामजीलाल मुलायम सिंह सहित गांव देवा प्रेमपुर कताना दर्जन भर लोग रहे।

# अग्रवाल सम्मेलन द्वारा तिरुपति बालाजी प्रतिमा शोभा यात्रा एवं कलश यात्रा का स्वागत किया गया !

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद! भूखे को निःशुल्क भोजन कराने वाली प्रमुख समाजसेवी संस्था दिव्य नारायण सेवा संस्थान द्वारा भगवान तिरुपति बालाजी महाराज की एक प्रतिमा दुर्गा नगर गली नंबर तीन स्थित दुर्गा देवी मंदिर में स्थापित की जा रही है, जिसकी शोभायात्रा एवं कलश यात्रा का शुभारंभ आज अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष आनंद मित्तल ने हरी झंडी दिखाकर किया। आरती प्रांतीय उपाध्यक्ष मुकेश बंसल, महामंत्री दिनेश अग्रवाल व कोषाध्यक्ष कुलदीप मित्तल एडवोकेट ने की।

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा इस शोभा यात्रा का स्वागत वरिष्ठ सदस्य देव प्रकाश अग्रवाल के प्रतिष्ठान गंगा बेंगल, निकट गौतम जी कपड़े वाले, सर्कुलर रोड पर पुष्प वर्षा कर, शीतल जल और शिकंजी पिलाकर किया गया। भोग लगाकर प्रसाद वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर देव प्रकाश अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल पटना, अनिल अग्रवाल चॉइस, राकेश अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, गोविन्द मित्तल, अम्बरीष अग्रवाल, मुकेश, आनंद, दिनेश, कुलदीप आदि ने भी शोभायात्रा का स्वागत किया।

# भारतीय सवर्ण महासभा ने पाकिस्तान पर हमला किए जाने पर पटाखे फोड़ कर मनाई खुशी

**दैनिक समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! भारतीय सवर्ण महासभा के कैंप कार्यालय मोहल्ला दखल पर भारत द्वारा पाकिस्तान पर हमला किए जाने की खुशी में पटाखे चलाकर संगठन के पदाधिकारीयो ने खुशी मनाई प्रदेश अध्यक्ष संजीव उपाध्याय ने कहा श्रीनगर में निर्दोष हिंदुओं का आतंकवादी द्वारा हमला कर उनकी हत्या करने पर आक्रोश था आज उसका बदला भारत सरकार ने पाकिस्तान पर आतंकी ठिकानों पर हमला करके दिखा दिया है फिर भी पाकिस्तान नहीं सुधरा तो पाकिस्तान नक्शे में नहीं रहेगा



ठाकुर मोहन सिंह चौहान ने कहा पाकिस्तान भारत के सामने बच्चा है इस दुनिया के नक्शे में नहीं दिखाई देगा हम अपने निर्दोष नगरिको की हत्या बर्दाश्त नहीं करेंगे कार्यक्रम में विष्णु कांत पचौरी, संजय शर्मा, दीपक शर्मा ऋतिक उपाध्याय, आलोक गुप्ता,मनोज कुलश्रेष्ठ आदि लोग मौजूद रहे!

# भारतीय उद्योग व्यापार मंडल में 11 सूत्रीय ज्ञापन उपमुख्यमंत्री को सोपा !

**दैनिक समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! भारतीय उद्योग व्यापार मंडल महानगर अध्यक्ष प्रशान्त माहेश्वरी द्वारा उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को व्यापारियों की समस्याओं के समाधान हेतु व प्राइवेट स्कूलों की फीस वृद्धि एवं मनमानी के खिलाफ पुलिस लाइन हेलीपेड पर ज्ञापन दिया! ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि जनपद फिरोजाबाद में खाद सुरक्षा विभाग द्वारा व्यापारियों का उत्पीड़न नमूने लेने के नाम पर खुदरा व्यापारियों का सपा मानसिकता के कुछ अधिकारी व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहे हैं!

भ्रष्ट अधिकारियों की अपराध शाखा से जांच कराई जाए

नगर निगम द्वारा किराए पर संचालित 300 दुकानों का किराए पर सर्किल रेट को रोका जाए!

मेडिकल कॉलेज एवं जिला अस्पताल में पूर्ण व्यवस्था न होना व्यापारियों को इलाज के लिए आगरा जाने को कहा जाता है! व्यवस्था फिरोजाबाद में ही कराई जाए!

उच्च अधिकारी व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लेते हैं ना ही सीयूजी नंबर रिसीव होते हैं! प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस बढ़ोतरी चुनिंदा दुकान से किताबे खरीदने पर बाध्य! जिला प्रशासन को अवगत कराने के बाद अभिभावकों की कोई भी प्राइवेट स्कूलों पर कार्रवाई न होना

प्राइवेट स्कूलों वालो ने शिक्षा के मंदिर को शिक्षा का व्यापार बनाया गया है!

प्राइवेट स्कूलों की ईमानदार अधिकारियों द्वारा जांच कराई जाए! छोटा व्यापारी एवं आम जनमानस काफी परेशान है कच्छा 1से लेकर पांचवी क्लास का कोर्स 5000 से 10000 रुपए में बिक रहा है! प्राइवेट स्कूलों में एनसीईआरटी बुक लागू कराई जाए! भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं अभिभावक संघ आपसे अपेक्षा करता है जन समस्याओं का निदान कराया जाएगा!

# सोन नदी में डूबने से एक युवक हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। जनपद के थाना जुगैल क्षेत्र के अंतर्गत गांव महलपुर के सोन नदी में नहाने के दौरान एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक बादल पुत्र शुद्ध राम साहनी उम्र लगभग 18 वर्ष निवासी चकया थाना रायपुर अपने गांव के परिचित ड्राइवर श्यामसुंदर पुत्र स्वर्गीय बिसुन का कपड़ा पहुंचाने महलपुर थाना जुगैल आया था। सोन नदी में नहाने बाद बाल्टी से पानी निकालने के दौरान फिसल कर गड्ढे में चला गया, जिससे डूबने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे।



गोताखोरो के अथक प्रयास से शव को पाया गया। पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई।

# मनबढ़ युवकों ने सफाई कर्मी को पीटा।

**ऊर्जांचल संवाददाता मु० हफीज फुलील/ दैनिक समाज जागरण**

अनपरा/ सोनभद्र। नगर पंचायत अनपरा के सफाई कर्मी को मनबढ़ युवकों ने द्वारा मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। अनपरा थाना क्षेत्र के अनपरा अताप परियोजना परिसर प्रथम टाईप स्वीपर बस्ती निवासी अजय कुमार पुत्र परमेश्वर ने स्थानीय थाना में तहरीर देकर बताया कि मंगलवार







की शाम 5:0 के दरम्यान कूड़ा वाली वाहन लेकर नगर पंचायत कार्यालय पर खड़ा करने जाने के दौरान गाड़ी पंचर हो गया, कचड़े वाली वाहन को धीरे-धीरे लेके जा रहा था। नपं कार्यालय पर खड़ा करके पीछे से कार संख्या यूपी 64 ए वाई 5076 के चालक ने हॉर्न बजाकर पास मांग रहा था।वाहन पंचर होने के कारण साइड नहीं कर सका सामने कार को खड़ा कर जाती सूचक गाली गलौज किया। इसके बाद नाराज कार चालक रंजीत सिंह ने सेलफोन कर दो युवकों को बुलाकर नगर पंचायत में घुसकर हाकी से जमकर पिटाई कर दिया। नगर पंचायत के सफाईकर्मी के पिटाई से नाराज साथियों ने सफाई कार्य ठप कर अनपरा थाने का घेराव कर दोषियों पर कड़ी कार्यवाई करने की मांग किया।इस क्षेत्र में आयेदिन मारपीट की घटना से नगरवासियों में भय का माहौल हैं।इससे साफ तौर से देखा जा रहा कि मनबढ़ युवकों में पुलिस का भय नहीं हैं।

# सिविल बार एसोसिएशन दुद्धी की बैठक संपन्न, अधिवक्ता हित के सभी बिंदु पर हुई चर्चा

**दैनिक समाज जागरण**

दुद्धी/ सोनभद्र। सिविल बार एसोसिएशन दुद्धी की नई कार्यकारिणी की प्रथम बैठक बुधवार को बार अध्यक्ष प्रभु सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई. बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रभु सिंह कुशवाहा ने कहा कि बार एवं अधिवक्ता हित के सभी बिंदुओं को गंभीरता से लिया जाएगा. अपर जूनियर जज डिवीजन दुद्धी का कोर्ट रिक्त है. न्यायाधीश हेतु उच्च न्यायालय प्रतिनिधि मंडल जाएगा. कचहरी



परिसर में विभिन्न न्यायालय व कार्यालय में अनियमिता और भ्रष्टाचार व्याप्त है, जिससे वादकारी परेशान है. उसकी जांच पड़ताल करके आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट व अधिवक्ता अधिनियम को लेकर आवश्यक कदम उठाया जाएगा. इसके अलावा कोर्ट कैंपस में पानी शौचालय साफ सफाई व अन्य मुद्दों पर निर्णय लिया गया. बैठक का संचालन सिविल बार सचिव महेंद्र जायसवाल ने किया. अन्य वक्ताओं ने भी बार की समस्याओं एवं वादकारी हित से सम्बंधित अपने अपने विचार व्यक्त किये. इस अवसर रामजी पांडेय, मनोज मिश्रा, अंजनी सिंह, राजीव मिश्र, सुखसागर यादव, बीरेंद्र चौरसिया, कमलेश्वर पूरी, विनय कुमार, आशीष गुप्ता, नीरज कुमार, सुमन एडवोकेट सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अधिवक्ताओं को पूर्व में जारी सीओपी का कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं: जय नारायण पांडेय

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र। दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। यूपी बार काउंसिल के सदस्य / पूर्व उपाध्यक्ष जय नारायण पांडेय एडवोकेट हाईकोर्ट लखनऊ ने कहा कि पूर्व में अधिवक्ताओं को जारी सर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस (सीओपी) का कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जा रहा है।




उन्होंने बुधवार को भेजे पत्रक में कहा है कि जिन अधिवक्ताओं को पूर्व में शर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस(सीओपी) जारी हुई है उनसे कोई भी अतिरिक्त शुल्कबर काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा नहीं लिया जा रहा है। बावजूद इसके अधिवक्ताओं को भ्रामक सूचना देकर अफवाह फैलाई जा रही है। अधिवक्तागण भ्रमित न हों, क्योंकि भ्रामक सूचना देकर अधिवक्ताओं को गुमराह किया जा रहा है। इसपर ध्यान देने की जरूरत नहीं है, क्योंकि यूपी बार काउंसिल की तरफ से कोई नई अधिसूचना जारी नहीं की गई है।

# अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक महिला हुई घायल।

**संवाददाता विनोद कुमार सिंह। दैनिक समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। स्थानीय डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के वैष्णो मंदिर के पास वाराणसी शक्ति नगर राज्य मार्ग पर मंगलवार की भोर लगभग 4:00 बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक महिला का बाया पैर टूट कर क्षतिग्रस्त हो गया मौके से वहन हुआ फरार मिली जानकारी के मुताबिक घायल महिला नेवली उर्फ चिंतामणि 70 वर्ष पत्नी मुन्नीलाल निवासी चोपन गांव शाम को अपने लड़का रामू के घर से खाना पीना खाकर चोपन के लिए निकली जो की रात में घर ना जाकर वैष्णो मंदिर के आसपास मौजूद रही जो सुबह 4:00 बजे अज्ञात वाहन ने टक्कर मारते हुए मौके से फरार हो गया। इसकी जानकारी मौके पर निषाद पार्टी के जिला अध्यक्ष अनिकेत निषाद ने तत्काल 112 व एंबुलेंस को सूचना देते हुए घर वालों को बुलाकर एंबुलेंस की सहायता से चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए भेज दिया गया रामू ने बताया कि कुछ दिमाग की संतुलन ठीक ना होने की वजह से इधर-उधर घूम के घर जा रही थी जो की रात में खाना खाकर घर के लिए निकली थी।



# दोषी संतोष कुमार कनौजिया को 7 वर्ष की कैद

## - एक वर्ष पूर्व दुकानदार के ऊपर पेट्रोल छिड़क कर जलाने का मामला

**शिव प्रताप सिंह/ समाज जागरण।**

सोनभद्र। एक वर्ष पूर्व दुकानदार राजू चौधरी के ऊपर पेट्रोल छिड़क कर जलाने के मामले में बुधवार को सुनवाई करते हुए सीजेएम आलोक यादव की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी संतोष कुमार कनौजिया को 7 वर्ष की कैद व 85 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 80 हजार रुपये पीड़ित को मिलेगी।



अभियोजन पक्ष के मुताबिक सीमा पत्नी राजू चौधरी निवासी नई बस्ती वार्ड नम्बर 14 , थाना रॉबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र ने पुलिस अधीक्षक सोनभद्र को दिए प्रार्थना पत्र में अवगत कराया था कि वह अपने पति के दुकान बुढ़िया होटल बढ़ौली चौराहा, रॉबर्ट्सगंज बंद करते समय प्रतिदिन आती थी। घटना 29 अप्रैल 2024 की रात्रि 11 बजे की है। जब दुकान पर पहुंची तो देखा उसके पति राजू चौधरी के ऊपर पेट्रोल डालकर संतोष कुमार कनौजिया पुत्र सुरेश कनौजिया निवासी अशोक नगर, रॉबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र जला रहा था और उसके पति जोर-जोर से बचाने के लिए चिल्ला रहे थे। सर से लेकर पेट तक जल गए थे। उन्हें बचाने के लिए वह तथा उसकी ननद शारदा व अन्य लोग आए और कंबल की मदद से आग बुझाई गई। अभियुक्त संतोष कुमार कनौजिया यह धमकी दिया कि अगर थाने पर सूचना दिया तो अभी जलाए हैं । अबकी बार मारकर फेंक देंगे और लाश का पता भी नहीं चलेगा। यह धमकी देते हुए मौके से भाग गया। लोगों और पुलिस की मदद से टोटो से पति को लेकर जिला अस्पताल लोढ़ी गई, देर रात होने की वजह से दवा इलाज नहीं हुआ। सुबह 30 अप्रैल 2024 को दवा इलाज शुरू हुआ और गम्भीर हालत को देखते हुए बीएचयू वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया। इस घटना की सूचना रॉबर्ट्सगंज कोतवाली में दिया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के 15 मई 2024 के आदेश के अनुपालन में रॉबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस ने 17 मई 2024 को एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया और पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया। कोर्ट ने 3 सितंबर 2024 को अभियुक्त संतोष कुमार कनौजिया के विरुद्ध आरोप तय किया। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 8 गवाहों के बयान और पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी संतोष कुमार कनौजिया को 7 वर्ष की कैद व 85 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। वहीं अर्थदण्ड की धनराशि में से 80 हजार रुपये पीड़ित को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी सतीश वर्मा ने बहस की।

# संदिग्ध परिस्थितियों लापता युवक का शव डिस्चार्ज चैनल में उतराया मिला।

**ऊर्जांचल संवाददाता मु० हफीज फुलील/ दैनिक समाज जागरण।**

अनपरा/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के डिबुलगंज डिस्चार्ज चैनल में एक युवक का उतराया शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दिया मौके पर पहुची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा कर आगे की कार्यवाई में जुट गई। नगर पंचायत अनपरा भगतसिंह नगर वार्ड 2 मोहल्ला डिबुलगंज निवासी जगरनाथ धरकार ने मंगलवार की अपराह्न स्थानीय थाना को लिखित तहरीर देकर बताया कि मेरा पुत्र दो दिन से गायब हैं। काफी खोजबीन किया लेकिन कही पता नहीं चला प्रसाशन से बेटे को सकुशल खोजे जाने की मांग की थी।आज सुबह डिसचार्ज चैनल में एक युवक का उतराया शव मिलने की सूचना पर गया देखा तो शव की शिनाख्त धर्मवीर धरकार उम्र 22 वर्ष पुत्र जगर नाथ के रूप में हुई। मृत्यु की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।पुलिस शव का पोस्टमार्टम हेतु दुद्धी भेज कर मौत के हर पहलुओं पर जांच पड़ताल कर रही हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का मामला सामने आने की उम्मीद जताई जा रही है।





# विश्व हिंदू रक्षा परिषद के प्रदेश सचिव चुने गए डॉ बृजेश सिंह

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र।
दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। लखनऊ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि महासम्मेलन में गोपाल राय को सर्वसम्मति से संगठन का अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया वहीं डॉ बृजेश सिंह को प्रदेश सचिव इस ऐतिहासिक महासम्मेलन में विदेश से आए प्रतिनिधियों, संतो, महंतों और सामाजिक संगठनों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। सम्मेलन में अपने अध्यक्षीय भाषण में गोपाल राय ने भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने और विश्व स्तर पर भारत की गरिमा बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए वैचारिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से प्रयास किया जाएगा। वहीं डॉ बृजेश सिंह ने कहा कि मुझे संगठन द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है उसको पूरी निष्ठा से निभाऊंगा उन्होंने कहा कि जात-पात, तात्विक भेदभाव को समाप्त कर एकजुटता के साथ कार्य करना होगा। भारत को आध्यात्मिक महाशक्ति और सनातन मूल्यों का रक्षक बनाकर विश्वगुरु के रूप में स्थापित करना होगा।

सम्मेलन में पाकिस्तान जेलों में बंद भारतीयों की रिहाई और वहां के मंदिरों की दुर्दशा पर चिंता जताई गई। कहा गया कि पाकिस्तान की जेलों में बंद भारतीयों की रिहाई के लिए वैश्विक मंच पर आवाज उठाई जाएगी। साथ ही पाकिस्तान में मंदिरों की सुरक्षा और पुनर्निर्माण को लेकर भी आवाज उठेगी।

सम्मेलन में प्रमुख रूप से केंद्रीय भाजपा उपाध्यक्ष, सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी, संस्था के राष्ट्रीय महासचिव महंत सौरभदेव महाराज, अंतर्राष्ट्रीय महामंत्री महंत रविशंकर दास, राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के प्रतिनिधि ब्रह्मचारी अच्युतानंद महाराज, अंतर्राष्ट्रीय महामंत्री ब्रह्मचारी अभिराज, मंत्री डॉ. भारत भूषण, रामकृष्ण, पुरुषोत्तम मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# दुद्धी सोनाँचल इंटरमीडिएट कॉलेज में आपात स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल की छात्र-छात्राओं को दी गई जानकारी

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/
दैनिक समाज जागरण।**

सोनभद्र। सोनांचल इंटरमीडिएट कॉलेज दुद्धी में देश में युद्ध के हालात के मद्देनजर शासन के निर्देश के अनुपालन में उप जिलाधिकारी दुद्धी निखिल कुमार यादव ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को आपात स्थिति में बुद्धिमता का परिचय देते हुए तनाव मुक्त होकर स्वयं की रक्षा के साथ-साथ बड़े बुजुर्ग और आसपास के लोगों का सहयोग करने के लिए जागरूक किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रदीप सिंह चंदेल ने कहाँ की जनमानस की सुरक्षा के लिए प्रशासन मुस्तैदी से तैनात है। प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन कर जिम्मेदार देश के नागरिक के कर्तव्यों का निर्वहन करना है। किसी भी प्रकार के अफवाह से बचने का सुझाव दिया। विद्युत विभाग एसडीओ चंद्रशेखर कुमार ने कहा कि युद्ध का सायरन के वक्त घरों की बिजली बंद कर दें और सुरक्षित ठिकानों पर रहे। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली दुद्धी मनोज कुमार सिंह ने कहां की भौगोलिक स्थिति नदी पहाड़ से परिपूर्ण दुद्धी परिक्षेत्र है जहाँ युद्ध के हालात में भी प्रभाव कम पड़ेगा। फिर भी सचेत रहें और युद्ध का सायरन बजने पर अपने सर और कान को सुरक्षित कर सुरक्षित स्थानों पर जमीन पर लेट जाएं किसी भी प्रकार की परेशानी पर पुलिस हेल्पलाइन नंबर पर सम्पर्क करें। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी से पहुंचे डॉ मनोज एक्का व डॉक्टर गौरव कुमार सिंह ने जनधन की हानि के मद्देनजर प्राथमिक उपचार के लिए आवश्यक दवाओं की उपलब्धता के साथ चिकित्सा के परामर्श अनुसार उपचार करने एवं डायल 108, 102 पर एंबुलेंस सेवा आपात स्थिति में जख्मी होने पर लेने के लिए जागरूक छात्र-छात्राओं को किया। इस मौके पर नगर पंचायत लिपिक अलोक कुमार जायसवाल सीएचसी फार्मासिस्ट रामसागर मौर्य, विद्यालय के प्रबंधक आरपी श्रीवास्तव प्रधानाचार्य दीपक कुमार अध्यापक सीत कुमार, कृपा शंकर तिवारी, संतोष पांडेय, ए सौरव पांडेय, मोहम्मद इमरान, गणेश यादव, रीता यादव, रूपाली अग्रहरि, दीपशिखा अग्रहरि, दीपिका पटेल, जगदंबा प्रसाद आदि विद्यालय के हजारों छात्र-छात्राएं मौके पर मौजूद रहे।



# मॉक ड्रिल के माध्यम से बच्चों को किया गया जागरूक।

**संवाददाता विनोद कुमार सिंह। दैनिक समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। जनपद सोनभद्र में स्कूलो व सार्वजनिक स्थानों पर सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल को लेकर विशेष तैयारियां देखने को मिली आपको बता दें कि डाला ओबरा, कोन, दुद्धी, राबर्ट्सगंज समेत विभिन्न जगहों पर बुधवार को सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया गया। डाला क्षेत्र में स्थित आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल में बुधवार को छात्र छात्राओं को सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल के माध्यम से जागरूक किया गया। मॉक ड्रिल में सीओ नगर चारू द्विवेदी, थाना प्रभारी विजय कुमार चौरसिया व डाला चौकी प्रभारी आशीष कुमार पटेल ने मॉकड्रिल को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि युद्ध, हवाई हमला या किसी भी आपात स्थिति के दौरान नागरिकों के जानमाल की रक्षा और बचाव को लेकर सभी स्कूलों एवं कॉलेज सहित शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को हवाई हमले से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस मॉक ड्रिल के माध्यम से आप सभी को जागरूक करना है। विपरीत परिस्थितियों में घबराना नहीं है बल्कि स्थिति की गंभीरता को समझते हुए समझदारी के साथ काम करना हैं। अधिकारिक बयानों पर विश्वास रखे तथा सोशल मीडिया के अफवाहों से दूर रहना हैं तथा संदिग्ध वस्तुओं आदि को छूना नहीं है। इस मौके पर स्कूल के समस्त अध्यापक व अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

# मॉक ड्रिल के माध्यम से लोगों को किया गया जागरूक

**शिव प्रताप सिंह/ समाज जागरण।**

सोनभद्र। जम्मू कश्मीर के पहलगाम हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने देर रात पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक कर दिया । भारत सरकार द्वारा चलाये गए ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न के तहत पाकिस्तान क्षेत्र में 9 आतंकी ठिकानों पर हमला कर उसे ध्वस्त कर दिया गया है। भारत-पाकिस्तान के बीच बनते युद्ध के आसार के चलते आज 7 मई को प्रदेश में युद्ध रिहर्सल मॉकड्रिल का आयोजन किया गया । इसी कड़ी में सोनभद्र में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। एक स्कूल में आयोजित मॉक ड्रिल कार्यक्रम में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक समेत कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य टीम व आपदा प्रबंधन की टीम ने प्रैक्टिकल रिहर्सल के माध्यम से हमला होने की स्थिति में कैसे खुद को बचाना है और लोगों की मदद करना है। इसके बारे में महत्वपूर्ण टिप्स साझा किए गए । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सरकार द्वारा जारी आदेश के तहत मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया है, जिसमें बच्चों व आम नागरिकों को मॉक ड्रिल के बारे में बताया गया फिर उसकी उपयोगिता के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल पूरे जनपद में चलाया जा रहा है । इसके अलावा रिहन्द डैम, ओबरा डिम्बव कई महत्वपूर्ण जगहों पर भी सीएसएफ के साथ मॉक ड्रिल किया जा रहा है । पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पूरे जनपद में चौकसी बढ़ा दी गयी है।



# आतंक के आकाओं और पाकिस्तान को करारा जवाब: राघवेंद्र नारायण

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/
दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। भारतीय सशस्त्र बलों ने आज सुबह ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (PoK) में आतंकी ठिकानों पर सटीक और विध्वंसकारी हमले कर आतंकवाद के खिलाफ भारत की बुलंद आवाज को दुनिया के सामने रखा। यह कार्रवाई 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले का जवाब है, जिसमें 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक शहीद हुए। जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठनों के ठिकानों को नेस्तनाबूद कर भारतीय सेना ने साबित कर दिया कि भारत आतंकवाद को कुचलने के लिए किसी भी हद तक जाएगा। एन एस यू आई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय सचिव राघवेंद्र नारायण ने भारतीय सेना की इस शानदार कार्रवाई की दिल से सराहना करता करते हुए कहा ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकियों और उनके समर्थकों को आईना दिखा दिया कि भारत का धैर्य उसकी कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी ताकत है। यह कार्रवाई शहीदों के खून का बदला और हर भारतवासी के गुस्से का प्रतीक है।



राघवेंद्र नारायण ने कहा देश का हर एक नागरिक और विपक्ष इस ऐतिहासिक क्षण में सरकार और सेना के साथ पूरी तरह एकजुट है। हमारा मानना है कि आतंकवाद के खिलाफ यह लड़ाई भारत की एकता और संप्रभुता की रक्षा के लिए है। देश का युवा और जनता सड़कों से सोशल मीडिया तक इस कार्रवाई का समर्थन कर रहे हैं। यह ऑपरेशन न केवल आतंकियों के लिए सबक है, बल्कि विश्व समुदाय के लिए भी संदेश है कि आतंकवाद को पनाह देना अब बर्दाश्त नहीं होगा।हमारी सेना के जांबाजों ने अपनी बहादुरी से देश का सिर गर्व से ऊंचा किया है। कांग्रेस पार्टी शहीदों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है और उनके दर्द में शामिल है। हम सरकार से अपेक्षा करते हैं कि आतंकवाद के खिलाफ ऐसी कार्रवाइयां अनवरत जारी रहें, ताकि भारत की धरती पर आतंक का साया हमेशा के लिए खत्म हो।

# सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का आयोजन कर आम नागरिकों को दी गई जानकारी

**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। भारत सरकार के निर्देश पर वुधवार को पन्नुगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत रामगढ़ कस्बे में संचालित संगम इंटर कालेज तथा शहजादा साहब उदय प्रताप सिंह इंटर कालेज रामगढ़ के प्रांगण में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का आयोजन कर कालेज के छात्र, छात्राओं ब्यापारियों सहित ग्रामीणों को युद्ध जैसे हालात में राहत बचाव और आत्मरक्षा के उपाय सदर क्षेत्राधिकारी रणधीर कुमार मिश्रा ने बताए। बताते चले कि गतदिनों पहलगाव में आतंकी हमले में मारे गए 22 निर्दोष परिवार को लेकर देश मे बढ़ते आतंक को लेकर जनजन में आग सुलग रही थी। क्षेत्राधिकारी सदर रणधीर कुमार मिश्रा पन्नूगंज थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रकाश पांडेय की मौजूदगी में खण्ड विकास अधिकारी दिनेश कुमार मिश्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डा० सुभम तिवारी डा० यशवर्धन के मोजूदगी में सफल मॉक ड्रिल का आयोजन कर सभी को सावधान सतर्क रहने और विशेष परिस्थितियों में शायरन की आवाज के बारे में जानकारी दी गयी।इस दौरान सीओ सदर रणधीर कुमार मिश्रा और पन्नूगंज प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रकाश पांडेय ने बताया कि युद्ध जैसे हालत में परिवार बच्चों को लेकर टेबुल मेज अथवा चौकी के नीचे लेट कर सुरक्षात्मक उपाय अपनाना चाहिए।साथ ही अपने पास पानी की बोतल कुछ खाने के सामान जरूर रखना चाहिए ऐसे में किसी को घबराना नही चाहिए पन्नूगंज थाना प्रभारी दिनेश प्रकाश पांडेय का मोबाइल नम्बर या 112 पर फोन कर जानकारी देनी चाहिए रात के वक्त घरों की बत्ती बन्द रखनी चाहिए। मॉक ड्रिल के दौरान बिद्यालय के बच्चों को प्रेक्टिकल बचाव के तरीके को बताया गया। इस मौके पर शहजादा शाहब उदय प्रताप सिंह इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य गौरीशंकर सिंह सहित तमाम कर्मचारी अधिकारी और ग्रामीण ब्यवसाई मौजूद रहे।

# 28 निर्दोष देश वासियों के लिए है सच्ची श्रद्धांजलि: रोशन लाल यादव

- पाकिस्तान के सिंदूर सेक्टर में भारतीय सेना द्वारा आक्रमण पर की नारेबाजी
- रॉबर्ट्सगंज कचहरी में अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/
दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। जनपद न्यायालय सोनभद्र परिसर में वरिष्ठ अधिवक्ता रोशन लाल यादव की अगुआई में अधिवक्ताओं ने भारत के द्वारा पाकिस्तान के सिंदूर सेक्टर में आक्रमण करने पर भारत माता की जय, भारतीय सेना जिंदाबाद और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए और एक दूसरे अधिवक्ता को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया।

अधिवक्ता रोशन लाल यादव ने कहा कि सटीक समय पर भारतीय सेना ने पहलगाम के हत्यारों के ठिकानों पर ताबड़तोड़ हमला कर पाकिस्तान के विरुद्ध युद्ध का आगाज कर दिया है। पहलगाम घटना में आतंकी हमले में जान गंवाने वाले 28 निर्दोष देश वासियों की आत्मा को निश्चित रूप से भारतीय सेना की इस कार्यवाही से श्रद्धांजलि अर्पित हुई। यह भी कहा कि देश वासियों को भरोसा है कि भारतीय सेना समूचे पाकिस्तान में घुस कर उनके आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर देगी।

जश्न मनाने वालों में प्रमुख रूप से अधिवक्ता रामचंद्र सिंह, गया नाथ मौर्य, बब्बन सिंह यादव, प्रभात कुमार मिश्रा, ओम प्रकाश, सुनील मालवीय, रामकेश पाल, धीरेन्द्र पटेल, बबुनदर सिंह, आशीष कुमार पांडेय, पवन शर्मा, श्री राम पाण्डेय, परमानंद शामिल रहे।

# बसपा की विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

## समाज को जागरूक करने पर दिया गया बल

**दैनिक समाज जागरण।**

दुद्धी/ सोनभद्र। दुद्धी नगर स्थित एक होटल में बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा स्तरीय पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक व कैडर कैम्प की बैठक बुधवार को की गई. बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष संदीप भारती ने किया.बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि पन्ना लाल भारती मुख्य मंडल प्रभारी मंडल मिजार्पुर ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी एक सामाजिक विचारधारा है. हमारी पार्टी दलित व आदिवासियों का एक आंदोलन है जिसके तहत हम सभी लोग एकत्रित हैं. जातियां तो जानवर पक्षियों में भी होता है लेकिन इंसान को इंसान से बात कर जातियों में तथाकथित लोग बांटने का काम किया. विशिष्ट अतिथि रामविचार गौतम जिला प्रभारी सोनभद्र ने बहुजन समाज पार्टी सामाजिक विचारधारा पैदा कर गैर बराबरी को हटाकर समानता की बात करती है, बराबर का मान सम्मान करना बहुजन समाज पार्टी का काम है. समाज को खड़ा करना समाज को जागरूक करना आज का हक अधिकार बहुजन समाज पार्टी करती है. बैठक में मुख्य रूप से विधानसभा चुनाव व कार्यक्रताओं को हर घर तक अपनी पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया. बैठक में जिला उपाध्यक्ष सेकरार अहमद, उपाध्यक्ष मु0 वकील शेख, रंजीत जायसवाल, लक्ष्मण पनिका, मनीष दुबे, अमित कनौजिया, देव शाय सिंह उरैति, श्याम बिहारी भारती, देवेंद्र कुमार, रामलाल गोंड, शशि गुप्ता, विजय कुमार गुप्ता, जगजीवन बोध, संजय गुप्ता, रामनगीना कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।



# ऑपरेशन सिंदूर के बाद देशभर में बढ़ाई गई सतर्कता, मॉक ड्रिल के जरिए युद्ध जैसी स्थिति से निपटने की तैयारी

**ऊर्जांचल संवाददाता मु० हफीज फुलील/ दैनिक समाज जागरण**

अनपरा/ सोनभद्र। पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद देशभर में सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हो गई हैं। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में बुधवार को नागरिक सुरक्षा और सतर्कता बढ़ाने के उद्देश्य से मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह मॉक ड्रिल युद्ध जैसी आपात स्थिति में आम नागरिकों को सतर्क और सुरक्षित रहने के लिए प्रशिक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

सोनभद्र जनपद में भी व्यापक स्तर पर सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

# ऑपरेशन सिन्दूर: भारतीय सेना का करारा जवाब, देशभर में खुशी, मंदिर में किया हवन बांटी मिठाई

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के बाद देश में रोष की लहर दौड़ गई थी। यह हमला उन निर्दोष पर्यटकों पर हुआ था जो वहां अपने जीवन के सबसे खूबसूरत पल, यानी हनीमून मनाने पहुंचे थे। आतंकियों ने धर्म के आधार पर लोगों को निशाना बनाते हुए निहत्थे नागरिकों को मौत के घाट उतार दिया। इस हमले ने न सिर्फ कई परिवारों को उजाड़ दिया, बल्कि बहन-बेटियों की मांग का सिंदूर भी छीन लिया।

इस नृशंस हमले के विरोध में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी ने जो वादा किया था, उसे निभाकर दिखाया। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि आतंकियों को इसका माकूल जवाब मिलेगा और वही हुआ। भारतीय सेना ने ह्वऑपरेशन सिन्दूरह्व के तहत आतंकियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करते हुए उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया। इस अभियान ने न सिर्फ शहीदों को न्याय दिलाया बल्कि देशवासियों के मन में भरोसा और साहस का संचार किया।



### आतंक के खिलाफ आक्रोश और सेना की कार्रवाई पर हर्ष

सेना की इस कार्यवाही की खबर आते ही पूरे देश में खुशी की लहर दौड़ गई। मंदिरों जगह-जगह मिठाइयां बांटी गईं और लोगों ने अपने-अपने तरीके से सेना को सलाम किया। इसी क्रम में बरेली स्थित श्री शिरडी साईं खाटू श्याम सर्वदेव मंदिर में विशेष यज्ञ का आयोजन किया गया। मंदिर के महंत पंडित सुशील पाठक ने पहले यज्ञ कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और फिर मंदिर परिसर के गेट पर राहगीरों को मिठाई बांटकर इस जीत की खुशी साझा की।

### समर्पण और एकता की मिसाल बने श्रद्धालु

इस अवसर पर मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पंडित सुशील पाठक के साथ मनोज भारती, दीनदयाल भट्ट, विजय जयशवाल, आयुष भारती, मुकेश कुमार मिश्रा, गौरव मिश्रा, राजकुमार श्रीमाली, मीना, सोनाक्षी, अनीता समेत अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। सभी ने मिलकर इस ऐतिहासिक क्षण का स्वागत किया और सेना के साहस की सराहना की।

### देश की सुरक्षा के लिए एकजुटता का संदेश

ऑपरेशन सिन्दूर केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि यह एक संदेश है कि भारत अब किसी भी आतंकी हमले को बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय सेना की इस निर्णायक नीति ने देश को गौरव और आत्मविश्वास से भर दिया है। यह घटना दिखाती है कि जब बात बहन-बेटियों के सम्मान की हो, तो भारत चुप नहीं बैठता, बल्कि दुश्मनों को करारा जवाब देता है।

# तौकीर बोले–पहलगाम के जख्मों पर लगा मरहम, अब सेना करे POK लेने की तैयारी

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। पहलगाम हमले के जवाब में खून का बदला खून की मांग करने वाले आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने अब पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की कार्रवाई पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सेना की इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि पहलगाम में जो जख्म दिया गया था ये उस पर मरहम का काम करेगा। लेकिन अब भी ये पूरा इलाज नहीं है। उन्होंने POK को भारत में शामिल होने तक इस तरह की कार्रवाई जारी रखने की मांग उठाई।



आला हजरत खानदान से संबंध रखने वाले मौलाना तौकीर रजा खां ने सौदागरान स्थित अपने आवास पर बुधवार दोपहर एक प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि हमारे पैगंबर का फरमान है कि अपने पड़ोसियों के साथ हमदर्दी और मोहब्बत रखो। लेकिन पाकिस्तान ने आतंकवादी भेज-भेजकर पैगंबर के विचारों के खिलाफ काम किया। जिस तरह से आतंकी ठिकानों को चिन्हित कर निशाना बनाया गया उसके लिए देश की सेना मुबारकबाद की हकदार है। सेना को पूरी छूट दी गई तो उन्होंने भी दिखा दिया कि देश का गौरव क्या होता है। मौलाना ने पहलगाम में मारे जाने वाले लोगों को शहीद का दर्जा दिए जाने की मांग उठाई।

मौलाना ने बुधवार रात होने वाले मॉक ड्रिल को लेकर भी लोगों से अपील की। उन्होंने कहा कि लोगों को जो भी गाइड लाइन प्रशासन की तरफ से मिली है, उस पर अमल करना चाहिए। सभी लोग ब्लैक आउट के निदेर्शों का पालन करें और रात को आठ बजे अपने घरों की लाइट बंद कर दें।

तौकीर ने कहा कि जब तक ढडङ को भारत में शामिल नहीं कर लिया जाए इस तरह की कार्रवाई जारी रहनी चाहिए। ये बिल्कुल सही मौका है जब ढडङ को भारत में शामिल किया जा सकता है। आजादी के वक्त जो गलती की थी उसमें सुधार की जरूरत है। पाकिस्तान को भी भारत का हिस्सा बनाया जाना चाहिए।

# एक साथ चुनाव होंगे तो देश का विकास होगा : प्रियंका रावत

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर आयोजित महिला समागम कार्यक्रम कुंवर रिसोर्ट में आयोजित किया गया कार्यक्रम में मुख्यतिथि प्रदेश महामंत्री भाजपा प्रियंका रावत ने सम्बोधित किया। उन्होंने कहा हर साल भारत में कहीं ना कहीं चुनाव होते हैं और आचार संहिता लगने से विकास कार्य रुक जाते हैं एक साथ चुनाव होंगे तो देश का विकास होगा इस अवसर मा० सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार , जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रश्मि पटेल ,भाजपा जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा , जिला अध्यक्ष आँवला आदेश प्रताप सिंह , महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना , मीरगंज विधायक डॉ. डी०सी०वर्मा , नवाबगंज विधायक डॉ एम पी आर्य , बिथरी विधायक डॉ राघवेंद्र शर्मा , नवोदिता श्रीवास्तव,महिला मोर्चा अध्यक्षगण स्वाति कुमार, डॉ तृप्ति गुप्ता,मीना मौर्य , नीलम जेठा, सुभाषिनी जायसवाल, डॉ मीनाक्षी गंगवार, नंदा अग्रवाल, राजकुमारी गंगवार, बीना रस्तोगी, सीमा सक्सेना, अर्चना सिंह, वंदना ठाकुर, प्रतिभा जौहरी, अलका अरोड़ा, भावना गौतम,सुधा सक्सेना, गरिमा कमांडो ,पूनम गंगवार ,संतोष कश्यप, रचना सक्सेना,किरन सक्सेना, नीलम गंगवार, महिला मोर्चा की पदाधिकारीगण, जिला पदाधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।



# दिल्ली में समाज सेवा के लिये डॉ. रजनीश सक्सेना हुये इंटरनेशनल एक्सीलेंस लीडरशिप अवार्ड, इंडियन आइकॉन अवॉर्ड एवं अर्न्तराष्ट्रीय मानद डॉक्टरेट उपाधि 2025 से सम्मानित

## - बरेली के नाम को अर्न्तराष्ट्रीय पटल पर किया गौरवान्वित : सी एल शर्मा/अनुपम कपूर

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। माहौल था दिल्ली प्रख्यात ए.पी.वी.स्टूडियो के सभागार का जहाँ निरोजा ग्रीन इंडिया परिवार फाउंडेशन के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.नीरज गुप्ता के नेतृत्व में एवं पी न्यूज के संस्थापक डॉ.नदीम अहमद एवं अलका सिंह के संयोजन में इंटरनेशनल एक्सीलेंस लीडरशिप अवार्ड समारोह 2025 का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए,पिछले 40 वर्षों से राष्ट्रीय/अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर श्री गंगा, गौ, बेटी, पर्यावरण बचाओ देश बचाओ के साथ रक्तदान महादान को प्रयासरत अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त वरिष्ठ समाज सेवी डॉ. रजनीश सक्सेना को राष्ट्र, समाज, प्रकृति के हित में अमूल्य योगदान देने के लिये संस्थापक /राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नीरज गुप्ता, मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी कांता शर्मा शीतल, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ.सौरभ पांडे,पेज 3 के संस्थापक परविंदर सिंह,सी आई डी के डॉ.डी के पांडे, काठमांडू नेपाल से धर्मगुरु लामा चियापचो रिनपोछे, धर्मगुरु गुरदीप एन ढिल्लो, डिजायर न्यूज के सी ई ओ संजीव शर्मा, वशिष्ठ उद्यमी आदित्य राज पुनिया, विक्टोरिया यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि डॉ.सच्चिदानंद शांडिल्य,पी न्यूज के संस्थापक डॉ.नदीम अहमद, डॉ.अल्का सिंह आदि ने भारतीय परंपरा के अनुसार राधा कृष्ण रूपी पटका पहनाकर, प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह प्रदान कर इंटरनेशनल एक्सीलेंस लीडरशिप अवार्ड एवं इंडियन आइकॉन अवॉर्ड 2025 से नवाजते हुये सम्मानित किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण ग्लोबल इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी यू एस ए की ओर से बरेली शहर को अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करने वाले वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. रजनीश सक्सेना को अन्तर्राष्ट्रीय मानद डॉक्टरेट उपाधि (पी एच डी )से विभूषित किया।

बरेली की शान वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. रजनीश सक्सेना के अर्न्तराष्ट्रीय समारोह में सम्मानित होने पर विश्वविख्यात गुरुदेव श्री श्री 1008 निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी जी महाराज के साथ झारखंड के राष्ट्रपति महामहिम संतोष गंगवार ,माता जी सरस्वती देवी, सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्गविजय सिंह शाक्य, विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ राघवेंद्र शर्मा, डॉ एम पी आर्या, डॉ.डी सी वर्मा, महापौर डॉ.उमेश गौतम,जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल,एम एल सी महाराज सिंह,उमेश कठेरिया,प्रशांत पटेल,पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप,प्रवीण सिंह ऐरन, वीर पाल सिंह गंगवार,पूर्व विधायक राजेश अग्रवाल, राजेश मिश्रा( पप्पू भरतोल), गुलशन आनंद, पवन शर्मा,अधीर सक्सेना,आदेश प्रताप सिंह ,सी एल शर्मा, अनुपम कपूर, डॉ. महेंद्र सिंह बासु, योगेश कुमार पटेल,अनिल अग्रवाल आदि के साथ संगठन परिवार के सदस्यों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दीं हैं।

# प्रशासन के आश्वाशन पर बीडीए के खिलाफ 10 दिन को धरना स्थगित

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। आज संयुक्त व्यापार मंडल द्वारा गुलजार मेंशन मार्केट पर जो धरना चल रहा था वह लगातार पांचवें दिन भी जारी रहा ,कल चौथे दिन शाम को सिटी मजिस्ट्रेट ,सी ओ पंकज श्रीवास्तव धरना स्थल पर आए थे और जिलाधिकारी से बात कर आज पांचवे दिन सुबह संयुक्त व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों की मुलाकात की जानी सुनिश्चित की थी। आज संयुक व्यापार मंडल के प्रतिनिधि शोभित सक्सैना अनिल अग्रवाल विशाल मेहरोत्रा ,रामकृष्ण शुक्ला ,दानिश जमाल ,राजकुमार राजपूत, दीपक द्विवेदी ,और पीड़ित व्यापारियों के साथ जिला अधिकारी से सभागार में मुलाकात बीडीए द्वारा किए हुए सारे घटनाक्रम को दस्तावेज के साथ साक्ष्यों के साथ समझाया,समझने के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा प्रशासन के साथ मीटिंग कर निर्णय लेने की बात कही गई उसके बाद व्यापारी पुनः धरना स्थल पर रवाना हो गए और जो शव यात्रा निकाली जानी थी उसकी तैयारी में लग गए करीब 1:30 बजे सिटी मैजिस्ट्रेट राजीव शुक्ला द्वारा फोन कर सूचना दी जाती है कि वह धरना स्थल पर आ रहे हैं और करीब 1:30 बजे वह धरना स्थल पर आए उनके साथ सीओ पंकज श्रीवास्तव और अन्य अधिकारी भी थे उनके द्वारा जिलाधिकारी की मीटिंग में व्यापारियों द्वारा जो मांग की गई थी वह मान ली गई और राष्ट्र हित को सर्वोपरि में 10 दिनतक धरना स्थगित करने का समय प्रशासन द्वारा व्यापारियों से मांगा गया और 10 दिन तक धरना स्थल से किसी प्रकार की कोई सामग्री या कोई भी समान नहीं उठाया जाएगा ( यथा स्थिति) यह मांग भी मान ली गई।




व्यापारियों द्वारा प्रशासन से कहा कि 10 दिन के अंदर अगर निस्तारण नहीं होता है तो पुनः 10 दिन के बाद जो कार्य आज व्यापारियों को करना था वह फिर से शुरू किया जाएगा। आज पीलीभीत से आए हुए व्यापारियों में शैली अग्रवाल, बरेली से कुमार गौरवशर्मा, अमर जीत सिंह बक्शी, अमरप्रीत सिंह एकांश गुप्ता लक्ष्य अग्रवाल मनजीत सिंह प्रतीक मिश्रा जीतू देवनानी परविंदर पाल सिंह , दीपक द्विवेदी आदि सैकड़ो की संख्या में व्यापारी उपस्थित थे।

# ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर बरेली में रेड अलर्ट, जिलाधिकारी ने कहा-हम अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए तैयार

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। भारतीय सेना के पाकिस्तान के ढडङ में आतंकियों के 9 ठिकानों पर स्ट्राइक की है। यह कार्रवाई पहलगाम में हुए आंतकी हमले का बदला बताया जा रहा है। वहीं अब इस घटना के बाद पूरे यूपी में रेड अलर्ट घोषित कर दिया गया है। बता दें कि भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (POK) में आतंकवादी ठिकानों पर किए गए मिसाइल हमलों के मद्देनजर बुधवार को उत्तर प्रदेश के व बरेली में 'रेड अलर्ट' घोषित कर दिया गया।



### भारत ने लॉन्च किया ऑपरेशन सिंदूर

बता दें कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पहलगाम आतंकी हमले के दो सप्ताह बाद सख्त जवाबी कार्रवाई करते हुए मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में 9 आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किये, जिनमें आतंकवादी समूहों लश्कर-ए-तोएबा और जैश-ए-मोहम्मद के गढ़ भी शामिल हैं।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना द्वारा आतंकी ठिकानों पर की गई कार्रवाई के मद्देनजर बरेली में रेड अलर्ट घोषित किया गया है।

# भारतीय सेना पर हमें गर्व, आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजुट : शमीम खाँ सुल्तानी

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। सपा महानगर अध्यक्ष शमीम खाँ सुल्तानी ने सेना द्वारा कल देर रात्रि पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर "आपरेशन सिंदूर " के तहत की गई एयर स्ट्राइक का स्वागत करते हुए तथा सेना की सराहना करते हुए कहा कि हमें भारतीय सेना पर गर्व है भारतीय सेना ने अपने मजबूत हौसले और पराक्रम की बदौलत आतंकियों को उचित सबक सिखाया गया है। आतंकियों को और आतंकी सरपरस्त पाकिस्तान को पहलगाम मसले पर दिया सटीक जबाब है। हम और पूरा देश सेना और सरकार के साथ आतंकवाद के खिलाफ हर निर्णायक लड़ाई में साथ हैं।



अध्यक्ष ने कहा भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर नाम रख के भारतीय महिलाओं को ये प्रबल रूप से आश्वस्त किया है की यदि कोई हमारी बहन बेटियों के परिवारों और उन पर आतंक फैलायेगा तो भारतीय सेना उसका बदला कल्पना से भी बड़ा लेगी जिससे दुशमन देश की रूह तक काँप उठेगी । ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम आतंकवादी हमलों में मारे गये भारतीयों को भारत की भावनात्मक रूप से श्रद्धांजलि है जिसने आतंकवादियों का सीना छलनी करने का काम किया है । हम सभी भारतीय अपनी भारत की सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी धन्यवाद देते हैं की उन्होंने अपने नेतृत्व में सेना को खुली छूट दी और एक परिपक्व युद्ध नीति के तहत देश के दुशमनों को करारा जवाब देने का काम किया है।

# परास्नातक के मेधावी छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए एक संवाद तथा पुस्तक विमोचन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में परास्नातक के मेधावी छात्र-छात्राओं के सवार्गीण विकास के लिए एक संवाद कार्यक्रम सम्मानित संस्थापक अध्यक्ष राम प्रकाश अग्रवाल एवं महामंत्री शशि भूषण अग्रवाल (राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित) के दिशा निर्देशन में आयोजित हुआ। यह कार्यशाला इस श्रखंला की पाँचवी कड़ी थी। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष राम प्रकाश अग्रवाल महामंत्री शशि भूषण अग्रवाल (राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित) प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल, अकादमिक अधिकारी डॉ. मीनाक्षी चन्द्रा, कार्यक्रम समन्वयक संजय गुप्ता एवं डॉ. नीतू शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। महामंत्री शशि भूषण अग्रवाल (राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित) ने छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं का निराकरण किया।



इस अवसर पर सभा में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा डॉ. नीतू शर्मा एवं डॉ. रमेश चन्द्रा द्वारा संपादित पुस्तक इनोवेटिव पर्सपेक्टिव ऑन हेल्थ एंड इकोलॉजी का विमोचन किया गया। साथ ही डॉ. मीनाक्षी चन्द्र अकादमिक अधिकारी ने डॉ. सुधा कुमारी, प्रधान आयकर आयुक्त नई दिल्ली, द्वारा रचित किताबें ,रुपए का भम्रण वाणिज्य विभाग के लिए मातृभूमि हिन्दी विभाग के लिए तथा द टाइड अंग्रेजी विभाग के लिए महाविद्यालय को दान दी।

संस्थापक अध्यक्ष राम प्रकाश अग्रवाल ने समस्त सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्र-छात्राओं का विश्लेषण कर उनको और अधिक मेहनत कर अगले सत्र के लिए तैयार किया। इस दौरान अकादमिक अधिकारी डॉ. मीनाक्षी चन्द्रा ने छात्र-छात्राओं से उनके अंको में सुधार के लिए उनको महाविद्यालय से पुस्तकों की व्यवस्था तथा अन्य अतिरिक्त कक्षाएं करने की प्रेरणा दी इस संवाद कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित किया गया। छात्र-छात्राओं ने विश्वास दिलाया कि वह आगामी सत्र में और अच्छे अंक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन करेंगे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नीतू शर्मा ने दिया। इस मौके पर चीफ प्राक्टर डॉ. विपुल मेहरोत्रा, डॉ. प्रमोद सक्सेना, डॉ. ए.के.शर्मा, डॉ. सीमा श्रीवास्तव, प्रथमेश कुमार, प्रफुल्ल पाठक आदि ने सुझाव दिये।

# एसटीएफ की बड़ी कार्रवाई: फर्जी प्रमाणपत्र बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, दो सगे भाई गिरफ्तार

## - लंबे समय से बना रहे थे फर्जी जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। जिले में फर्जी प्रमाणपत्रों के कारोबार पर शिकंजा कसते हुए एसटीएफ की अयोध्या यूनिट ने बुधवार को बरेली एसटीएफ के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए बदायूं रोड स्थित देवचरा गांव में संचालित एक इंटरनेट कैफे पर छापा मारा। इस कार्रवाई में एसटीएफ ने खेड़ा गांव निवासी दो सगे भाइयों देव कुमार और रवि कुमार को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों के पास से भारी मात्रा में फर्जी दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य सामग्री बरामद हुई है।



छापेमारी की यह कार्रवाई देवचरा के दिलजीत इंटरनेट कैफे में की गई, जिसे आरोपी लंबे समय से फर्जी जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र तैयार करने के लिए इस्तेमाल कर रहे थे। जांच के दौरान एसटीएफ को मौके से 26 फर्जी जन्म प्रमाणपत्र और 5 फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र मिले हैं। इसके अलावा आरोपियों के पास से दो लैपटॉप, एक प्रिंटर, मुहरें, कागजात और अन्य तकनीकी सामग्री भी जब्त की गई है। पुलिस का कहना है कि ये प्रमाणपत्र पूरी तरह से नकली थे, जिन्हें सरकारी दस्तावेजों जैसा दिखाने के लिए अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा था।

### आरोपियों पर भमोरा थाने में दर्ज कराई गई एफआईआर

गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को भमोरा थाने लाया गया, जहां पुलिस ने उनके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एसटीएफ के अनुसार आरोपी लंबे समय से यह अवैध कारोबार संचालित कर रहे थे और इसके माध्यम से वे लोगों से मोटी रकम वसूलते थे। आरोपी अपने ग्राहक को मनचाही जन्मतिथि या मृत्यु तिथि वाला प्रमाणपत्र उपलब्ध कराते थे, जो कई बार शैक्षिक, सरकारी या निजी लाभ लेने के उद्देश्य से तैयार कराए जाते थे।

### किन-किन लोगों को जारी किए फर्जी प्रमाण, पुलिस कर रही जांच

पुलिस का मानना है कि इस पूरे नेटवर्क में और भी लोग शामिल हो सकते हैं, जिनकी भूमिका की जांच की जा रही है। आरोपियों से पूछताछ के दौरान यह जानकारी सामने आई है कि उनके ग्राहक न सिर्फ आसपास के गांवों से, बल्कि अन्य जनपदों से भी आते थे। पुलिस अब जब्त किए गए लैपटॉप और अन्य डिजिटल सामग्री की तकनीकी जांच करा रही है, जिससे यह पता चल सके कि अब तक कितने फर्जी प्रमाणपत्र तैयार किए जा चुके हैं और किन-किन लोगों को जारी किए गए हैं।

# आप्रेशन सिंदूर भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम का प्रतीक: सुरेन्द्र बीनू सिन्हा

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। मानव सेवा क्लब के तत्वावधान में बुधवार को द्वारिका पुरम कालोनी में भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर झंडा ऊंचा करके जय हिंद, जय हिंद की सेना ,भारत माता की जय, वन्देमातरम के जोरदार नारे



लगाए गए और भविष्य में भी सफलता की कामना की गई। कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना और पराक्रम का प्रतीक है। कार्यक्रम में क्लब के प्रकाश चंद्र सक्सेना,सुनील शर्मा,अरुणा सिन्हा, कल्पना सक्सेना, बिहारी लाल,पूनम सक्सेना, पुष्पा गंगवार,अंकिता,शिवानी शर्मा,रजनीश मौजूद रहे।

# पाकिस्तान पर हुए मिसाइल अटैक से अभिभूत व्यापारियों ने किया शंखनाद , राष्ट्रीय ध्वज लहराकर प्रसन्नता का किया इजहार

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। पाकिस्तान पर हुए मिसाइल अटैक से अभिभूत व्यापारियों ने श्यामगंज चौराहे पर एकत्रित होकर शंखनाद किया व राष्ट्रीय ध्वज लहराकर प्रसन्नता का इजहार किया ' उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र गुप्ता के निर्देश पर संपूर्ण उत्तर प्रदेश के शहरी, कस्बे व ग्रामीण क्षेत्र के व्यापारियों ने शंख बजा कर व राष्ट्रीय ध्वज लहराकर प्रसन्नता का इजहार किया। बरेली में प्रांतीय संयुक्त महामंत्री राजेश जसोरिया के नेतृत्व में श्यामगंज चौराहे पर व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने शंखनाद कर प्रधानमंत्री का धन्यवाद दिया' वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुर्गेश खटवानी ने कहा कि व्यापारी तन मन धन से राष्ट्र के लिए समर्पित है और प्रधानमंत्री जी को यह आश्वस्त करना चाहता है कि राष्ट्र को जब भी आवश्यकता पड़ेगी तो व्यापारी अपना खून ,अपना पसीना और अपना धन देने से नहीं हिचकिचाएंगे।



वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनमोहन सब्बरवाल ने कहा कि पिछले 70 वर्षों से पाकिस्तान भारत के निर्दोष शहरियों की हत्याएं आतंकवादियों के माध्यम से करवाता था यहां तक की फौजियों के भी सर काट के ले जाने वालों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं होती थी पर अब कोई आंख उठा कर देखने की भी हिमाकत करेगा तो नया भारत उसको छोड़ेगा नहीं। शंखनाद करने वालों में श्यामगंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल, प्रदीप राजानी ,श्याम मिठवानी ,विवेक अग्रवाल, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष ईशान गुप्ता, किराना कमेटी के अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ गुप्ता, सोनू आहूजा, वीरेंद्र सडाना , राजेंद्र शर्मा, जितेंद्र खटवानी ,मुरलीधर ,धर्मेंद्र राठौर, वरुण प्रजापति आदि शामिल थे।

# ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत की पहली मुस्लिम महिला विधायिका का विस्फोटक बयान,कहा, "उन्होंने धर्म देखकर मारा, अब कर्म भुगतने के लिए तैयार रहें"

भुवनेश्वर, ओडिशा आधी रात को भारत ने पाकिस्तान पर जोरदार हमला किया जिससे पाकिस्तान की धरती दहल उठी। पाकिस्तान अब डर के मारे थर थर कांप रहा है। वहीं हमले को लेकर की भारत की पहली मुस्लिम महिला विधायक ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर एक विस्फोटक बयान दिया है। कटक बाराबती से कांग्रेस विधायिका सोफिया फिरदौस ने कहा,"आज का दिन भारतीय सेना को सर झुकाकर प्रणाम करने का दिन है। जिस तरह भारतीय सेना ने बिना किसी जवान के जान को खतरे में डाले सिर्फ आतंकियों का खत्मा किया वह काबिलेतारिफ है। इसके साथ साथ भारत ने एक बड़ा संदेश यह भी दिया है कि ऑपरेशन को लीड करने वाली महिलाओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया यानी जिन महिलाओं का सिंदूर चीन लिया गया उन्हें न्याय देने का काम किया गया। आज महिलाओं को जरूर शांति मिलेगी। आज हमारे सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने नारी शक्ति का एक बड़ा संदेश भी दिया कि अगर सिंदूर को मिटाने की कोशिश की जाएगी तो नारी ही इसका बदला लेगी । इससे एक संदेश पूरी दुनिया को यह भी दिया गया है कि हम सभी एक साथ खड़े हैं और चाहे कोई भी देश हो या कोई भी आतंकी संगठन हमें डरा नहीं सकता या अलग नहीं कर सकता। हमारी एकता ही हमारी शक्ति है । मुझे आज बहुत गर्व महसूस होता है। हम सभी भारतीय सेवा नौसेना और वायु सेना के साथ खड़े हैं। हमारा देश हमारे लिए सबसे पहले आता है और हमें हमारे नागरिकों की सुरक्षा सबसे ज्यादा जरूरी है।

# अचानक लगी आग से तीन दुकानें जलकर हुई खाक

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

फतेहगंज पूर्वी। हनुमानजी के मंदिर के सामने स्टेशन रोड की तरफ सड़क किनारे अस्थायी रूप से चाय ,तम्बाकू, आदि सहित एक टेंट के सामान की भी दुकान है।जिसमें आज दोपहर बारह बजे अचानक आग लग गई।सभी दुकाने बिल्कुल पास पास है।जब एक दुकान में आग लगी तो पड़ोस की दुकानों में भी हवा चलने के कारण आग भड़कती हुई चली गई और रक्षपाल ,बड़े ठाकुर की परचून की दुकान और वीरेंद्र की टेंट के सामान की दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।जिसमें खडी एक मोटरसाइकिल भी जल गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तीन दुकानों का सामान जल गया।वही एक दुकान पंकज सिंह की दुकान का सामान हटाकर उसे कुछ हद तक बचा लिया गया।स्थानीय लोगों ने अग्निशमन विभाग को आग लगने की सूचना दी लेकिन जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुँची तब तक आग बुझ चुकी थी।

थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि अस्थायी दुकानों में आग लगी थी सूचना पर फोर्स सहित मौके पर पहुंचकर आग बुझवाई गयी।कोई तहरीर नहीं आयी है।

# आतंकवाद पर करारा प्रहार - ऑपरेशन सिंदूर : उप मुख्यमंत्री

### पूरे देश में खुशी की लहर प्रधानमंत्री श्री मोदी का व्यक्त किया आभार

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल ।उप मुख्यमंत्री एवं #शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूरह्व के तहत निर्णायक और योजनाबद्ध कार्रवाई की गई है, उससे पूरे देश में खुशी की लहर है। उप मुख्यमंत्री शशुक्ल ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई कार्यवाही पर मीडिया से विचार साझा करते हुए कहा कि देश की जनता को भरोसा था कि मोदी जी पहलगाम में हुए उस कायराना हमले का, जिसमें हमारी बहनों और माताओं के सिंदूर को उजाड़ने का कुत्सित प्रयास किया गया था, ठोस और निर्णायक जवाब जरूर देंगे। आज पूरा देश देख रहा है कि किस प्रकार आतंक के बड़े अड्डों को ध्वस्त कर आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने की दिशा में कदम बढ़ाया गया है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के को इस दृढ़ और साहसी नेतृत्व के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि अब समय आ गया है जब राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर समस्त देशवासी एकजुट हों। उन्होंने कहा कि यह आवश्यक है कि हम सभी एक स्वर में राष्ट्रहित में खड़े हों और सरकार का समर्थन करें। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के सफल संचालन से यह स्पष्ट हो गया है कि भारत अब किसी भी आतंकी हमले को सहन नहीं करेगा और हर हमले का जवाब दुगुनी ताकत से देगा।

# अमरकंटक स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल एवं सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी सर्वोत्तम परीक्षा परिणाम

**समाज जागरण**

अमरकंटक । पवित्र नगरी अमरकंटक के पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित हायर सेकेंडरी 12वीं तथा हाई स्कूल 10वीं का सर्वोत्तम परीक्षा परिणाम आया है दोनों ही विद्यालयों ने बेहतरीन परीक्षा परिणाम का प्रदर्शन किया है । स्थानीय पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक तथा सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का हायर सेकेंडरी का 12वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा है वहीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक तथा सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का हाई स्कूल दसवीं का परीक्षा परिणाम कम से 97.5 प्रतिशत तथा 93.33 प्रतिशत रहा । पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक हाई स्कूल दसवीं में कुल छात्र 124 सम्मिलित छात्र 124 उत्तीर्ण 118 प्रथम श्रेणी 102 छात्र छात्राएं द्वितीय श्रेणी 12 छात्र छात्राएं तृतीय श्रेणी 4 छात्रा फेल तीन छात्र छात्राएं । 10 वी में आशीष सिंह पिता छोटेलाल 441 /500 88 .1% शिवम माझी पिता संतोष मांझी 422 /500 84.4 % सत्यम यादव पिता शंभू लाल 422 /500 84.4% इसी तरह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर अमरकंटक से शिवांश त्रिपाठी पिता शिव प्रसाद त्रिपाठी 484 /500 96.8% तन्मय जायसवाल पिता संतोष जायसवाल 457 / 500 91.4% प्रिंसी प्रजापति पिता प्रेमलाल प्रजापति 444 / 500 88.8% रहे कल सम्मिलित छात्र-छात्राएं 45 उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं 42 विद्यालय का रिजल्ट 93.33 प्रतिशत रहा। हायर सेकेंडरी 12वीं का परीक्षा परिणाम पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक कुल छात्र-छात्राएं 67 सम्मिलित छात्राएं 66 उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं 66 प्रथम श्रेणी 61 द्वितीय श्रेणी 4 तृतीय श्रेणी 1 बालिका 34 बालक 33 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक की छात्रा उमा देवी पिता राजकुमार 427 / 500 85.4% नीलिमा राठौर पिता पिता नंद कुमार 424 बाते 500 84.8% । सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक के हायर सेकेंडरी 12वीं का परिणाम कल सम्मिलित छात्र-छात्राएं 45 उत्तीर्ण छात्र 42 कल रिजल्ट 93.33% रह है। विद्यालय की छात्रा शुभांजलि गुप्ता पिता शिव गुप्ता 452 / 500 90.4% गौरी लक्ष्मी गौतम पिता राजेंद्र गौतम 427/ 500 85.4% केशव सिंह 414 /500 83.6% कल सम्मिलित छात्र छात्राएं 30 उत्तीर्ण छात्राएं 30 विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक एवं सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक के दसवीं एवं 12वीं कक्षा के बेहतर परीक्षा परिणाम से छात्र-छात्राओं में हर्ष व्याप्त है वहीं उनके अभिभावक माता-पिता भी बेहद प्रसन्न है । पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य अनुजा मिश्रा एवं सरस्वती विद्यालय के प्राचार्य बृजकिशोर शर्मा की कुशल प्रबंधन अध्ययन अध्यापन के प्रति सतत जागरूकता तथा निरंतर प्रयासरत रहने के चलते विद्यालय में सर्वोत्तम परीक्षा परिणाम रहा है पवित्र नगरी अमरकंटक के जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों ने खुशी का इजहार करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है तथा सफल छात्र छात्राओं विद्यालय प्रबंधन को शुभकामनाएं बधाई दी है

# ब्लैक आउट के लिए कानपुर में सफलतापूर्वक की गई मॉकड्रिल

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**



कानपुर। उत्तर प्रदेश के अति संवेदनशील कानपुर में भी भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध की आशंकाओं के चलते हवाई हमले से बचाव को लेकर तेज हुई तैयारियों के क्रम आज बुधवार शाम 4 बजे से शहर के 13 स्थानों पर मॉकड्रिल की गई। जिसमें 10 स्थानों पर अग्निसुरक्षा और 3 स्थानों पर रेस्क्यू के लिए भी ड्रिल की गई। आग से बचाव की मॉकड्रिल यहां के बड़ा चौराहा, डॉ.एसके सिंह चौराहा, लखनपुर, अनुराग हास्पिटल शारदा नगर चौराहा, संतनगर चौराहा, मलिक गेस्ट हाउस, रामादेवी चौराहा, बासमंडी चौराहा, पाल चौराहा, दबौली मोड, श्रीमुनि इंटर कालेज गोविंद नगर और यशोदा नगर इंटर कालेज में रात साढ़े 9 बजे से 10 बजे तक शहर के अंदर ब्लैकआउट में सफलता के लिए की गई। इसी क्रम में डिप्टी डिवीजनल वार्डन प्रखंड रतनलाल नगर दीपनारायण दीक्षित ओमी और अन्य पदाधिकारी की मौजूदगी में दबौली मोड चौराहे पर भी गोविंद नगर के अतिरिक्त इंस्पेक्टर अभय सिंह और रतनलाल नगर के चौकी प्रभारी मनीष चौहान के साथ सब इंस्पेक्टर सूरज कुमार आदि की टीम ने भी मॉकड्रिल के आयोजन को सफलता पूर्वक करवाया। इस मॉक ड्रिल के बारे में अभी अवगत कराते चले कि इतने बड़े पैमाने पर यह कानपुर समेत देश में वर्ष-1971 में हुए युद्ध के दौरान हुई थी। इसमें सेना, एयरफोर्स, पुलिस, सिविल डिफेंस, एनसीसी, एसडीआरएफ जवान शामिल हुए।

# नगर परिषद डूमर कछार में सफाई कर्मचारी का कार्य बहिष्कार, आरोपी पर कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण अनूपपुर**

डूमर कछार नगर परिषद डूमर कछार में रात्रिकालीन सफाई के दौरान महिला सफाई कर्मचारी के साथ अभद्र व्यवहार और गलत टिप्पणी करने के आरोप में मास्टर श्रमिक अमित जायसवाल के खिलाफ विरोध तेज हो गया है। विरोध करने पर महिला के पति कमले के साथ मारपीट, जातिगत गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी भी दी गई। इस घटना के विरोध में समस्त सफाई कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार करते हुए नगर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप कर दी है। कर्मचारियों ने मांग की है कि आरोपी अमित जायसवाल को तत्काल सेवा से हटाकर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। जब तक आरोपी को हटाया नहीं जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा और सफाई कार्य पूरी तरह बंद रहेगा। सफाई कर्मचारियों ने सक्षम अधिकारियों से त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

# पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही, नशीले इंजेक्शन बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण**

शहडोल। थाना सोहागपुर क्षेत्रांतर्गत मंगलवार को कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि सोहागपुर निवासी संतोष गुप्ता जोकि लाल रंग की स्कूटी वाहन में अवैध नशीले इंजेक्शन बिक्री करने हेतु छतरपुर रोड, कोटमा में खड़ा हैं। सूचना प्राप्त होते ही सोहागपुर पुलिस द्वारा प्राथमिक कार्यवाही करते हुए मुखबिर द्वारा बताए हुए स्थान पर मय पुलिस स्टाफ के छतरपुर रोड, कोटमा कार्यवाही हेतु पहुंचने पर एक लाल रंग की स्कूटी क्रं. एमपी 18 एस 3027 जिसमें एक व्यक्ति बैठा मिला नाम पूंछने पर अपना नाम संतोष गुप्ता पिता मनबहोर गुप्ता, उम्र 55 वर्ष, निवासी वार्ड. नं. 03, सोहागपुर का होना बताया आरोपी संतोष को मुखबिर सूचना से अवगत कराकर वैधानिक रूप से तलाशी लेने पर आरोपी के वाहन स्कूटी की डिग्गी से प्लास्टिक पन्नी के अन्दर बुप्रोनोरफाईन इंजेक्शन 0.3 एम.एल. कुल 14 नग, प्रोमेथाजाईन हाईड्रो क्लोराईड इंजेक्सन 2 उस कुल 14 नग, प्रोमेथाजाईन हाईड्रो क्लोराईड इंजेक्सन 2उस 9 नग, कुल 37 नग इंजेक्शन मिले। उक्त बरामद शुदा इंजेक्शन में प्रतिबंधित दवाई होना पायी गई, उक्त नशीले इंजेक्शन के संबंध में कोई भी वैध दस्तावेज मांगने पर आरोपी द्वारा पेश नहीं किये गए।उक्त नशीले इंजेक्शन की कीमत लगभग 42,000 रुपये जप्त कर आरोपी संतोष को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# घर से दूर रहकर हिना देवी ने की पढाई, मेरिट में बनाया स्थान

**समाज जागरण**

शहडोल। सीमित संसाधनों और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बावजूद हिना देवी ने अपने दृढ़ संकल्प और मेहनत के बल पर प्रदेश स्तरीय मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। मूल रूप से अनूपपपुर जिले के एक छोटे से गांव की रहने वाली हिना देवी ने घर से दूर रहकर संभागीय मुख्यालय शहडोल के ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल में कला संकाय में कक्षा 12वीं अध्ययरत थी और पढ़ाई की, कठिन परिस्थितियों में पढ़ाई जारी रखी और शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक मिसाल कायम की है। परीक्षा में न केवल सफलता प्राप्त की, बल्कि मेरिट लिस्ट में अपना नाम दर्ज करवा कर जिले का नाम भी रोशन किया। सीमित साधनों के बीच रहकर उन्होंने अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखा और समाज के उन युवाओं के लिए प्रेरणा बनीं जो कठिनाइयों से घबराते हैं। हिना देवी का कहना है कि कक्षा 12वीं के लिए वो हर दिन 7 से 8 घंटे पढ़ाई करती थीं. इसके लिए उन्होंने अपना रूटीन तय कर रखा था. स्कूल से आकर घर के काम के लिए भी समय निर्धारित कर रखा था और फिर जो भी समय बचता था उसमें सिर्फ और सिर्फ पढ़ाई करती थी. हिना ने कहा, मुझे सिविल सर्विसेस में जाना है. इसलिए मैंने आर्ट सब्जेक्ट लिया था। अभी ग्रेजुएशन करने के बाद सिविल सिर्विस की तैयारी करूंगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा मंगलवार को हायर सेकेंडरी एवं हाई स्कूल के बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए थे।

# अदिवासी मजदूर के साथ गाली गलौच व धमकी देने वालो पर 6 माह बाद भी नही हुई कार्यवाही

### सीएम हेल्पलाइन की शिकायत से भी नही मिला न्याय

**समाज जागरण अनूपपुर**

जिला मुख्यालय के पालटेक्निक कालेज के पास 15 अक्टूबर 2024 को भवन निर्माण के कार्य मे मजदूर कार्य कर रहे थे, उसी समय वहाँ पर जमीन का विवाद होने लगा, वहाँ एक महिला व एक पुरुष मजदूरों के पास आकर गंदी-गंदी गालियां देकर बोले की यहाँ से भाग जाओ अगर दुबारा यहाँ काम करने आए तो जान से मार देगे। पीड़ित ने इसकी शिकायत अजाक थाना अनूपपुर में की थी मगर आज तक कोई कार्यवाही नही हुई।

**सीएम हेल्पलाइन में हुई शिकायत**

पीड़ित द्वारा अजाक थाना में शिकायत करने के बाद जब कोई कार्यवाही नहीं हुई तो पीड़ित ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की तो प्रशासन ने कार्यवाही न करते हुए सीएम हेल्पलाइन को कटवा दिया गया। तो पीड़ित ने फिर से 3 मार्च 2025 को सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की मगर 2 माह बीत जाने के बाद भी पीडित को न्याय नही मिल पा रहा है। गाली गलौच और जान से मारने की धमकी देने वाले खुलेआम घूम रहे हैं। कार्यवाही कब होगी यह समझ से परे है पुलिस प्रशासन हाथ मे हाथ धरकर बैठी हैं। और पीड़ित परेशान और डरा हुआ है।

**नही हो रही है कार्यवाही**

अजाक थाना में शिकायत किए हुए 6 माह से ज्यादा समय गुजर गया है। सीएम हेल्पलाइन में शिकायत किए 2 माह हो चुके हैं, मगर जांच के नाम पर केवल कागजी खानापूर्ति करके मामले को ठंडे बस्ते मे डाल दिया गया है। गरीबो को शिकायत करने व न्याय पाने कोई अधिकार नही है, पुलिस प्रशासन आखिर कार्यवाही क्यू नही कर रही हैं जांच का विषय है।

**पीड़ित है असुरक्षित**

शिकायत के बाद पीड़ित अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहा है। पीड़ित मजदूरी का कार्य करता है और अपने परिवारघर से निर्माण स्थल आना जाना करता है, कभी भी धमकी देने वाले अप्रिय घटना कर सकते हैं, जिसे पीड़ित व उसके परिवार को आर्थिक मानसिक क्षति हो सकती है। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन व धमकी देने वालो की होगी।

**धमकी देने वाला रसूखदार**

प्राप्त जानकारी के अनुसार गरीब आदिवासी मजदूर को धमकी देने वाले लोग काफी पैसे वाले व रसूखदार लोग है, इनकी पकड़ भोपाल के मंत्रियों से है, राजनैतिक पकड़ अच्छी होने के कारण इन पर कार्यवाही नही हो पा रही है, इनके रसूख के आगे प्रशासन मौन हैं, जबकि इनके खिलाफ शिकायत होती हैं तो भोपाल से फोन आ जाता हैं जिससे धमकी देने वाले आजाद घूम रहे हैं। पुलिस कुछ नही कर पा रही हैं।

**पीड़ित बैठेगा धरने पर**

6 माह से पीड़ित मानसिक प्रताड़ना का शिकार हैं, गरीब आदिवासी पीड़ित न्याय की गुहार लगाने के अलावा कुछ कर भी नही सकता उसकी अजाक थाना से सीएम हेल्पलाइन तक शिकायत के बाद कार्यवाही नही होता देख पीड़ित मन बना रहा है वह न्याय के लिए कभी धरने व अनशन में बैठ सकता है। अब देखने वाली बात होगी कि पीड़ित को अनशन में बैठने के बाद भी न्याय मिलेगा या नही।

# सरस्वती संजय नगर ने लहराया परचम

**समाज जागरण**




माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित हाई स्कूल/हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2025 में सरस्वती शिशु मंदिर संजय नगर (देवहरा) जिला अनूपपुर के भैया/बहिनों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाया है। हाई स्कूल परीक्षा में सम्मिलित भैया/बहिनों में भैया नमन सोनी पिता श्री रामजी सोनी 88.2% प्रथम,अभय सिंह पिता श्री बृजेश सिंह 86.8% द्वितीय, बहिन अंशिका सिंह पिता श्री धनंजय सिंह 85.6%तृतीय, बहिन श्रद्धा सिंह पिता श्री पुरूषोत्तम सिंह 84.8% चतुर्थ एवम् बहिन साक्षी मिश्रा पिता श्री वीरेन्द्र मिश्रा 84.6% पंचम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार हायर सेकेण्डरी परीक्षा में बहिन प्रांजलि तिवारी पिता श्री दिनकर प्रसाद तिवारी 69.2% प्रथम, बहिन गुनगुन सोनी पिता श्री रामबाबू सोनी 69% द्वितीय एवम् बहिन पीहू सिंह पिता श्री संतोष सिंह 68.2% तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवम् अपने माता पिता का नाम रोशन किया।इस अप्रतिम उपलब्धि पर विद्यालय समिति के अध्यक्ष माननीय रामनारायण उर्मलिया व्यवस्थापक माननीय सुरेश कुमार पांडेय कोषाध्यक्ष माननीय विनोद कुमार शुक्ला समिति के समस्त माननीय सदस्यगण प्राचार्य श्री उपेन्द्र सिंह सेंगर एवम् प्रधानाचार्य श्री लवकेश प्रसाद तिवारी विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता , श्री अमित शर्मा, श्री पंकज कुमार भट्ट श्री राम किशन यादव श्री चंद्रकांत तिवारी एवम्‌ समस्त आचार्य परिवार ने सभी भैया /बहिनों को हार्दिक बधाई एवम शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# पशु तस्कर बल्लू-वाजिद ने पुलिस को दी खुली चुनौती, जब्त वाहन भी चुरा ले गए – कानून व्यवस्था दम तोड़ती नजर आई

### बल्लू-वाजिद की दबंगई के आगे नतमस्तक पुलिस! जब्त वाहन भी चुरा ले गए तस्कर – पुलिस देखती रही! कोतमा में कानून गायब, तस्कर बेलगाम!

**समाज जागरण**

अनूपपुर/जिले में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब वे कानून और पुलिस दोनों को ठेंगा दिखा रहे हैं। गौमांस और अवैध पिस्टल मिलने के बाद भी फरार चल रहे कुख्यात पशु तस्कर बल्लू और वाजिद ने अब पुलिस के जब्त पिकअप वाहन को मंगलवार बुधवार की रात चोरी कर लिया। यह वही वाहन था जिसे पुलिस ने पशु तस्करी में जब्त कर प्रजापति पेट्रोल पंप पर अपनी निगरानी में खड़ा किया था। पूरे मामले का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है, जिससे पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आखिर ऐसा कैसे संभव है कि एक तरफ आरोपी फरार हों, दूसरी तरफ पुलिस की हिरासत में खड़े वाहन को वही तस्कर उठाकर ले जाएं। और पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी रह जाए? तस्कर बेलगाम, पुलिस बेजुबान! शुक्रवार-शनिवार की रात NH-43 स्थित संतु ढाबा के पास एक मकान से गौमांस और अवैध हथियार मिलने के बाद कोतमा क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, जबकि मुख्य आरोपी बल्लू और वाजिद मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले को गंभीर बताया, पर उसी गंभीरता में ढिलाई का नतीजा – जब्त वाहन की चोरी। थाना प्रभारी का बयान बनाम जमीनी हकीकत थाना प्रभारी सुंदरेष सिंह मरावी का कहना है कि वाहन को हवा निकालकर सुरक्षित खड़ा किया गया था, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। अब वाहन चोरी का मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की बात कही जा रही है। मगर सवाल उठता है – जब तस्कर पहले ही फरार हैं और पुलिस सिर्फ बयान दे रही है, तो कार्रवाई आखिर कब होगी? जनता में आक्रोश, सोशल मीडिया पर फूटा गुस्सा इस पूरी घटना के बाद नगर में आक्रोश है। लोग सोशल मीडिया पर साफ लिख रहे हैं कि कोतमा में अब कानून नहीं, तस्करों की सत्ता चल रही है। बल्लू और वाजिद जैसे तस्कर अगर पुलिस को आंखों में धूल झोंक सकते हैं, तो आम आदमी की सुरक्षा की गारंटी कौन देगा? क्या अब पुलिस से भी बड़ा हो गया है तस्करों का नेटवर्क? क्या सत्ता संरक्षण मिल रहा है इन आरोपियों को?

# धान की खेती में पानी की बचत और अधिक लाभ के लिए अपनाएं डीएसआर विधि

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार ने बताया है कि भारत में धान की खेती की पारंपरिक विधियों के मुकाबले डायरेक्ट सीडेड राइस (डीएसआर) तकनीक एक क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। यह विधि न केवल किसानों की लागत कम करती है, बल्कि पानी की बचत, श्रम दक्षता, और पर्यावरणीय लाभों के साथ टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देती है। उन्होने डीएसआर विधि के प्रमुख लाभ के सम्बन्ध में बताया है कि जल संरक्षण में पारंपरिक रोपाई विधि की तुलना में डीएसआर से 30-40 प्रतिशत पानी की बचत होती है। रोपाई के लिए नर्सरी तैयार करने और मजदूरी पर होने वाले खर्च में रुपए 13000 प्रति हेक्टयर तक की बचत। डीएसआर विधि से समय और श्रम की बचत होती है, फसल पारंपरिक विधि से 7-10 दिन पहले तैयार होती है, जिससे अगली फसल की बुवाई समय पर की जा सकती है एवं अगली फसल की उत्पादकता मे वृद्धि दर्ज की जाती है। डीएसआर विधि से बुवाई करने पर केवल 2-3 मजदूरों की आवश्यकता होती है, जबकि पारंपरिक विधि में 15-20 मजदूर लगते हैं। पडलिंग (खेत को दलदली बनाना) न करने से मीथेन गैस का उत्सर्जन 35 प्रतिशत तक कम होता है। डीएसआर विधि के क्रियान्वयन में भूमि की तैयारी के सम्बन्ध में बताया है कि डीएसआर विधि में बुवाई से लगभग 10 दिन पहले खेत की पहली सिंचाई करना खेत की बेहतर तैयारी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका मुख्य उद्देश्य है खरपतवार नियंत्रण और मिट्टी में उपयुक्त नमी बनाए रखना। डीएसआर विधि द्वारा खेती करने के लिए भूमि का समतल होना आवश्यक है। खेत की तैयारी के लिए 10 दिन पूर्व सिंचाई करने के लाभ के सम्बन्ध में बताया है कि जब खेत को बुवाई से 10 दिन पहले पानी दिया जाता है, तो मिट्टी में छिपे हुए खरपतवारों के बीज अंकुरित हो जाते हैं। इसके बाद इन अंकुरित खरपतवारों को जुताई या हल्का हबीर्साइड छिड़ककर नष्ट किया जा सकता है। इससे डीएसआर के बाद खरपतवार कम होते हैं। सिंचाई के बाद मिट्टी में धीरे-धीरे नमी बनी रहती है, जो बुवाई के समय बीजों के अंकुरण में सहायक होती है। 25-30 किलोग्राम बीज प्रति हेक्टयर का उपयोग करें। बीजों को फफूंदनाशक (जैसे बविष्टिन) और 2 प्रतिशत नमक के घोल से उपचारित करें। धान की बुआई धान की बुआई दिनांक 10 जून से 20 जून के बीच डीएसआर विधि से अवश्य पूर्ण कर लें। डीएसआर मशीन (जैसे केएस एग्रोटेक या लैंडफोर्स) से बीजों को 2-3 सेमी गहराई में बोएं। बुवाई के 24 घंटे के भीतर शाम के समय खरपतवारनाशी पेंडामेथिलीन (2.50-3.5 किलोग्राम/ हेक्टयर) का छिड़काव करें। यदि खरपतवार की मात्रा अधिक रहती है तो पुनः 25-35 दिन बाद बिस्पायरीबैक-सोडियम या नॉमिनी गोल्ड का उपयोग करें। पहली सिंचाई बुवाई के 21 दिन बाद करें और फिर 10-15 दिन के अंतराल पर। उन्होने सभी किसानों से आग्रह करता हूँ कि वे पारंपरिक रोपाई की बजाय डीएसआर पद्धति को अपनाएं। इससे न केवल जल संरक्षण होगा, बल्कि उत्पादन लागत भी कम होगी। कृषि विभाग द्वारा डीएसआर तकनीक अपनाने हेतु तकनीकी मार्गदर्शन, बीज एवं अन्य आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है।

# अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 09 मई से 25 मई तक होगा खाद्यान्न का वितरण

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी ने सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माह मई 2025 के सापेक्ष राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को दिनांक 09 मई से 25 मई 2025 तक खाद्यान्न का वितरण ई-पॉस वेइंग मशींन के माध्यम से उचित दर विक्रेताओं द्वारा किया जायेगा। अन्त्योदय कार्डधारकों में 14 किग्रा0 एवं 21 किग्रा0 चावल एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों कों प्रति यूनिट 02 किग्रा0 गेहूँ व 03 किग्रा0 चावल (कुल 05 किग्रा0) खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण उचित दर विक्रेता द्वारा किया जायेगा। खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन कर सकेंगे। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न न प्राप्त होने की स्थिति में कार्डधारक मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण की अन्तिम तिथि अर्थात 25.05.2025 को खाद्यान्न प्राप्त कर सकेगें। वितरण के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की शिकायत के सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षकों से एवं विभागीय टोल फ्री नम्बर, 1800-1800-150 एवं 1967 पर शिकायत की जा सकती है। कार्डधारको से अपील की जाती है कि वह अपना धैर्य बनाये रखे व वितरण में यथोचित सहयोग प्रदान करें।

# हरनी गौतम का सुयश

**समाज जागरण**



शहडोल। सद्गुरु पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल शहडोल की छात्र हरनी गौतम ने कक्षा 12वीं हायर सेकेंडरी स्कूल बोर्ड परीक्षा विज्ञान संकाय में 80% अंक अर्जित कर विद्यालय एवं परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। सुश्री गौतम नगर के समाजसेवी राघवेंद्र गौतम एवं ग्रहणी सुषमा गौतम की सुपुत्री हैं। सुश्री गौतम नगर के युवा खिलाड़ी मनीष पांडे की भांजी है

# वरिष्ठ नागरिक वाणीविलास मिश्रा 85 वर्षीय का दुःखद निधन

**समाज जागरण**



शहडोल। जिले के वरिष्ठ पत्रकार सुभाष मिश्रा के पिताजी कोटमा तिराहा निवासी शहडोल नगर के वरिष्ठ नागरिक वाणीविलास मिश्रा का स्वर्गवास बुधवार को शाम 5 बजे उनके निज निवास स्थान पर हो गया है, उनके दुःखद निधन से वार्ड, नगर में शोक की लहर छा गई है, शहडोल नगर के पत्रकार, नागरिक एवं वार्ड वासियों ने दुःख व्याप्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की है, उनका अंतिम संस्कार 8 मई गुरुवार को सुबह 10 बजे बड़ी भीठ तालाब पटेल नगर पर किया जाएगा।

# वरिष्ठ भाजपा नेता के बिगड़े बोल आहत हुआ पत्रकार समुदाय

### जमीन में ही बैठने लायक हैं पत्रकार यहीं बैठे रहने दो... भाजपा नेता द्वारा पत्रकारों के लिए ऐसे शब्द बोलना निंदनीय- कांग्रेस

**समाज जागरण**

जिला स्तरीय मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना में भाजपा के वरिष्ठ नेता के बिगड़े बोल ने जिले भर के पत्रकारों को आहत कर दिया है मामला गुरुवार को उस दौरान का है जब कार्यक्रम को कवरेज करने के दौरान पत्रकारों को बैठने तक के लिए जगह नहीं थी, सत्ता में चूर नेताओं ने अधिकारियों की आवभगत को स्वीकार करते हुए आम जन और पत्रकारों



को भूल गये। इस बात के लिए नाराज पत्रकार शांति पूर्ण रुप से जमीन में ही बैठना स्वीकार्य किया और बैठ गये, जिसको लेकर सभी ने इस पर आपत्ति जताई मगर जबाब में यहीं मिला कि जब जगह ही नहीं है तो कहां बैठे, पत्रकारों की जगह को नेताओं ने घेर रखा है और मंत्री जी की खुशामद में लगे रहें, इसी दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता मिथलेश मिश्रा ने भरे मंच में कहा कि पत्रकार इसी लायक हैं और इनकी जगह भी यही है इतना कहते ही पत्रकार भड़क गये और कड़ी आपत्ति जताई, बाद में प्रशासनिक अधिकारियों ने मोर्चा संभाला और पत्रकारों के लिए आरक्षित बैठक व्यवस्था को खाली कराया जहां फिर पत्रकार बैठे। एक बड़े ओहदे में बैठे जिम्मेदार भाजपा के नेता को इस तरह की बयान बाजी नहीं करनी चाहिए, एक ओर पहलगाम हमले के बाद पूरा देश एक है और हर कदम पर मीडिया सेना और सरकार के साथ खड़ी है, लेकिन सत्ता में मदमस्त भाजपा नेता ने पत्रकारों के लिए ऐसे शब्दों का उपयोग किया जिसकी सभी पत्रकार कड़े शब्दों में निन्दा करते हैं, साथ ही इस बात की शिकायत भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी से लेकर प्रदेशाध्यक्ष से की जायेगी। इस मामले को लेकर कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि भाजपा संविधान से हटकर हर कार्य करती है और संविधान के सभी स्तंभों का अपमान करना इनकी मंशा होती है, पत्रकारों के लिए इस तरह की टिप्पणी करना बेहद शर्मनाक है।

# अग्निवीर वायु (संगीतज्ञ) पद हेतु अभ्यर्थी 11 मई तक आनलाइन पंजीकरण करायें

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी ने बताया है कि भारतीय वायु सेना की अग्निपथ योजना के अन्तर्गत अग्निवीर वायु (संगीतज्ञ) पद हेतु भर्ती बोर्ड की अधिकृत वेब पोर्टल पर आवेदन मांगे गये है, जनपद के इच्छुक पुरूष/महिला अभ्यर्थी अधिकृत वेब पोर्टल agnipathvayu.cdac.inपर अपना पंजीकरण विलम्बतम दिनांक 11 मई 2025 तक करा सकते है। उन्होने अर्हता के सम्बन्ध में बताया है कि आयु सीमा दिनांक 01 जनवरी 2005 से 01 जुलाई 2008 के मध्य जिनका जन्मा हुआ हो, अविवाहित ही आवेदन हेतु अर्ह है, शासकीय मान्यता प्राप्त विद्यालय/बोर्ड से न्यूनतम अंकों सहित उत्तीर्ण पार्ट मैट्रीक्यूलेशन/कक्षा-10 अथवा समकक्ष, संगीत दक्षता सम्बन्धी मान्यता प्राप्त संस्थान से निर्गत प्रमाण पत्र तथा किसी एक वाद्य यंत्र (एए कीबोर्ड/ऑर्गन/पियानो/एबी गिटार, ध्वनिक, लीड, बास) को बजाने की क्षमता तथा शारीरिक मानक व पारिश्रमिक वेब पोर्टल पर उल्लिखित विवरण के अनुसार है। विस्तृत विवरण अधिकृत वेब पोर्टल से प्राप्त किया जा सकता है।

# सड़क दुर्घटना में मृतक युवा घर पहुंचे विधायक

**समाज जागरण रंजीत तिवारी वाराणसी।।**

पिंडरा क्षेत्र के बरही गांव के आशीष पटेल और संतोष पटेल का सड़क दुर्घटना में मौत होने की सूचना मिलते ही आज रोहनिया विधायक डॉ सुनील पटेल उनके आवास पर पहुंच कर मृतक आत्मा को श्रद्धांजलि करते



हुए भगवान से परिवार को इस दुख की खड़ी उबरने के शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना किया।उन्होंने कहा दोनों युवाओं की मौत काफी दुख दाई है,हम सभी इस दुःख की खड़ी में परिवार के साथ खड़े हैं।शोकमय परिवार में संवेदना व्यक्त करने पहुंचने में मुख्य रूप से राजेश वर्मा,राम शिरोमणि मास्टर,रिंकू पटेल,जय सिंह,विजय सरोज ,अवधेश पटेल,गोविंद पटेल सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# हरहुआ ब्लाक के औरा ग्राम पंचायत में निःशुल्क प्याऊ सराहनीय पहल

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी अपने लिए तो सभी जीते हैं पर देश, समाज और असहायों के सेवा के लिए विरले ही जीते हैं।पर जो आनन्द दूसरों के सेवा करने से मिलता है उसमें पुण्य और आशीर्वाद के भाव घुले होते हैं। तपती दुपहरिया में राह चलने वाले गरीब ,असहाय को पानी ,गुड़ ,चना मिल जाये तो वह दिल से आशीष देता है। बड़े लोग तो कोल्ड ड्रिंक से प्यास बुझाते हैं क्योंकि वे सिर्फ अपने लिए जी रहे हैं। आज औरा ग्राम पंचायत की प्रधान श्रीमती विद्योत्मा देवी व पति संजय कुमार ने निःशुल्क प्याऊ गुड़,चना के साथ सेवा का शुभारम्भ किया।टोंटीदार मिट्टी के घड़े




के ठंडे जल के स्वाद का आनन्द राहगीर लेना शुरू कर दिया। बीड-ीओ हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा व सचिव सौरभ कुमार श्रीवास्तव एड-ीओ पंचायत रवि सिंह ,एडीओ आ-इएसबी रवि प्रकाश सिंह,एडीओ 'एसटी'शैलेन्द्र सिंह ,एडीओ कृषि देवेंद्र पांडेय ने प्रधान द्वारा संचालय निःशुल्क प्याऊ का अवलोकन कर सराहते हुए हर ग्राम पंचायत द्वारा इस तरह सेवा करने को अमल में लाने का निर्देश दिया।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर छात्रों ने निकाला विजय जुलूस

**समाज जागरण रंजीत तिवारी वाराणसी।।**

भारतीय सेना के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के सफलता पर गंगापुर इंटर कॉलेज के छात्रों ने विजय जुलूस निकाला। विद्यालय के छात्रों के हाथों में जय हिंद, ऑपरेशन सिंदूर,प्राउड ऑफ इंडियन आर्मी, भारत माता की जय, वंदे मातरम लिखित तख्तियां थी।छात्रों ने नगर पंचायत में स्थित विद्यालय परिसर से सूईचक, आजाद नगर, नारायण नगर तक रैली निकाली। इस दौरान बच्चों को भारतीय सेन की पराक्रम गाथा से परिचित कराते हुए स्काउट शिक्षक प्रणय कुमार सिंह ने कहा कि भारत



की एकता में महान शक्ति है। एकता के कारण ही लोकतांत्रिक देश और इसकी सेना परम लक्ष्य को प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने भारत के इस ऑपरेशन के बारे में छात्रों को विस्तार से बताया। विजय जुलूस का नेतृत्व खेल शिक्षक घनश्याम चोटी वाला, शिक्षक आनंद सिंह, सूरज कुमार, अरूण सिंह कर रहे थे। विजय जुलूस में छात्र हनी चौरसिया, ऋषभ, कृष्णा,अभिनव, अयान, आशीष, वृंदा, जय नाथ, शिवम, हर्ष,सम्राट, राज, मासूम, अंश सहित बहुत सारे बच्चे शामिलर हे।

# कैच द रेन ,मनरेगा,सामूहिक शादी पर सचिवों को बीडीओ ने समीक्षा बैठक में दिए कड़े निर्देश

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी । विकास खंड हरहुआ में आज बुधवार को सचिव, ब्लॉक टी0 ए0 तथा सेक्टर प्रभारी की उपस्थिती में विशेष समीक्षा की। बैठक में कैच द रेन, मनरेगा तथा सामूहिक शादी पर प्राथमिकता के साथ विशेष बल दिए जाने का निर्देश दिया। बीडीओ हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा ने बैठक में सचिवों को बताया कि 15 मई को सामूहिक शादी का कार्यक्रम विकास खंड के काशी कृषक इंटर कॉलेज के मैदान में होगा जिसमें विधानसभा अजगरा



विधायक टी0 राम , उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा समाज कल्याण मंत्री आशीर्वाद देगें। बैठक के माध्यम से सभी सचिवों से सामू-हक शादी हेतु ग्राम पंचायत में प्रचार प्रसार कर पंजीकरण बढ़ाने पर जोर दिया। बीडीओ श्री वर्मा ने बैठक में मुख्य रूप से कैच द रेन, मनरेगा ,आवास योजना , आवास प्लस सर्वे, फैमिली आईडी, सामूहिक शादी, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम सूरज घर योजना , जीरो पॉवर्टी, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की समीक्षा किया। बीडीओ हरहुआ श्री वर्मा ने 'कैच द रेन' के बिंदुओं पर विशेष बल देते हुए मनरेगा के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतो में कार्य चलते रहने, श्रमिक नियोजन, चेक डैम, चक मार्गों के निर्माण, कृषि पर आधारित कार्य, शोक पिट,रेन वाटर हार्वेस्टिंग, व्यक्तिगत तालाब, सामुदायिक तालाब, आंगनबाड़ी केंद्रभवन, खाद्यान्न भवन निर्माण, श्रमिकों को 100 दिन के रोजगार, लंबित जॉब कार्ड वेरीफिकेशन, वृक्षारोपण कार्य योजना वर्ष 25 - 26, आवास के लाभार्थियों को 90 दिन की मजदूरी की समीक्षा किया। समीक्षा बैठक में गांव मे निष्प्रयोज्य पड़े पूर्व के री - बोर इंडिया मार्का हैंडपंप पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनवाने पर बल दिया। ऐसे इंडिया मार्का हैंडपंपों की सूची एक सप्ताह के अंदर प्रस्तुत करने के लिए कहां गया जिनमे अवैधानिक रूप से समरसेबल डाला गया है। बैठक में मुख्य रूप से सहायक विकास अधिकारी आईएसबी रवि प्रकाश सिंह, एडीओ( संख्या) शैलेंद्र सिंह, एडीओ कृषि देवेंद्र कुमार पांडेय , एडीओ पंचायत रवि कुमार सिंह, सचिव दीक्षा श्रीवास्तव,स्वाति सिंह,सीमा यादव, जयप्रकाश,गौरव विश्वकर्मा,अभिलाष कुमार, वीरेंद्र राम,अमीषा सोनकर,चन्दा सिंह, सत्येंद्र कुमार,आनन्द गोंड, ,चंचल रेड्डी,सौरभ श्रीवास्तव, मनरेगा कंप्यूटर ऑपरेटर मुकेश कुमार ,सेक्टर प्रभारी अंजनी कुमार श्रीवास्तव एवं अमितेश कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# सेना की कार्रवाई से हर नागरिक को गर्व-- रविशंकर सिंह

**समाज जागरण धनंजय मोदनवाल पिंडरा।**

विकासखंड पिंडरा के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व भाजपा नेता रविशंकर सिंह ने कहाकि पहलगाम की पुनरावृत्ति न हो इसको लेकर 'ऑपरेशन सिंदूर' के



तहत हमारी रक्षा करते हुए भारतीय सेनाओं द्वारा पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर किए गए हमलों का स्वागत करते हुए भारतीय सेना की इस कार्रवाई पर गर्व और नाज है। जिन्होंने अपनी बहनों के सिंदूर मिटाने वाले को "ऑपरेशन सिंदूर,, के तहत दुनिया से मिटा कर बदला ले लिया। इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को देश की जनता सलाम करती है ।

# बदले की आग बनी सिंदूर ऑपरेशन

**समाज जागरण**

जय हिंद जय भारत वंदेमातरम, आपरेशन सिन्दुर भारतीय सेना का एक



सफल आपरेशन चला है,हर एक भारत वासी को सेना पर गर्व होना है, भारत कि मारक क्षमता मिसाइल ओर राफेल एयर क्राफ्ट अपने क्षेत्र से ही दुश्मन के दांत खटे कर दिये, दुश्मन हमारे देश के तरफ देख न सके। आगे सेना दुश्मनों को नेस्तनाबूद कर मानचित्र से हटाने में सफल रहेगी। हम सभी देशवासी खुश हैं और देश के साथ मर मिटने को तैयार हैं। 'बंदेमातरम'सुबेदार रिटायर गुलाब चौबे " कोर आफ सिग्नल " चक्का ,हरहुआ ,वाराणसी

# भारतीय सेना पर हमें गर्व व नाज है

**समाज जागरण**

जय हिंद। 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में 26 निर्दोष पर्यटकों का धर्म पूछकर आतंकियों ने जघन्य हत्या कर दी थी । "आपरेशन सिंदूर" के अंतर्गत भारतीय सेना ने सटीक लक्ष्य बनाकर पाकिस्तान के अंदर घुसकर




आतंकियों को मार गिराया और 15 दिन के अंदर पहलगाम हमले का बदला ले लिया। यह देश के लिए बड़े गर्व की बात है। यह नया भारत है जो सिर्फ कहता नहीं बल्कि सही समय पर सही कार्यवाई करके दिखाता है चाहे लक्ष्य कितना भी कठिन क्यो न हो। वंदेमातरम।

# हमें भारतीय सेना की काबिलयत पर गर्व है,देश आज "ऑपरेशन सिंदूर" से हुआ खुश

**समाज जागरण**

भारत के अमन चैन, शांति ,सद्भाव की संस्कृति पर बराबर पाकिस्तान के हमले ने घाव करने का दुस्साहस करता रहा है।हमने कई अवसर दिए



लेकिन पहलगाम की घटना को अंजाम देकर एक बड़ा दर्द दिया। जिस सिंदूर की कीमत को चुकाने के लिए भारतीय सेना ने बदला लिया इससे आज मेरा और पूरे देशवासियों को खुशी मिली है। हर भारतीय सेना का ऋणी है और रहेगा। जय हिंद !बंदेमातरम ! !गुलाब चन्द्र मौर्य ,भूतपूर्व सैनिक ,हिरमपुर,रामेश्वर, वाराणसी।

# ऑपरेशन सिंदूर पर एक फौजी के रूप में हमें और देशवासियों को आज गर्व है।

यह हमारी सेना की सक्षमता और संकल्प को दशार्ता है। पहलगाम हमले के गुनहगारों को जवाब देते हुए, भारत ने दिखाया कि वह नागा-रकों की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। तीनों सेनाओं का समन्वित, नैतिक और केंद्रित प्रयास प्रेरणादायक है। जय हिंद! आतंकवाद के खिलाफ हमारा संघर्ष जारी रहेगा। बंदेमातरम



अमर नाथ पाल

# अपनी करतब पर मार खा रहा पाकिस्तान,अब होगा नेस्तनाबूद

भारतीय इतिहास में जाति पूछकर निर्मम हत्या करने की घटना ने पूरे विश्व



कर्नल राजीव रावत

को चकित और गमगीन कर दिया था। देश बदला लेने के लिए बेताब था। अन्य देशों ने भी आतंकवाद को जड़ से मिटाने की ताकत दी।ऐसे में भारतीय सेना जल,वायु,थल की मिली जुली रणनीति ने रंग लाई और पाकिस्तान को करारा जबाब दिया। आज हम और देश खुश हैं लेकिन! हमें अब पाकिस्तान से आर पार की अंतिम लड़ाई लड़नी है। पूरा देश व भारतीय सेना के साथ -साथ है। भारत माता की जय! बंदेमातरम!! जय हिंद।

# अधिवक्ताओं ने सरकार के 'आपरेशन सिंदूर' पर मिठाईयां बाटी,

**समाज जागरण**
**आशीष कुमार गुप्ता**

बाबतपुर,वाराणसी । पिंडरा तहसील में भारत सरकार द्वारा किए गए आपरेशन सिंदूर पर अधिवक्ताओं ने खुशी जाहिर किया है। अधिवक्ताओ ने कहाकि आतंकवादियों के सफाए पर हम अधिवक्ता भारत सरकार के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलेंगे,अगर जरूरत पड़ी तो हम स-रकार के कहने पर पाकिस्तान से युद्ध भी लड़ेंगे। भारत सरकार के साथ हम हर वक्त खड़े रहेंगे। इस दौरान



अध्यक्ष कृपा शंकर पटेल, महामंत्री सुधीर सिंह, उपाध्यक्ष जुबेर खान, शिवपूजन सिंह, राजेश सिंह, अश्वनी सिंह, अजय सिंह, अंकित मिश्रा, सरोज सिंह, कमला मिश्रा, देवेंद्र मिश्रा, छोटे लाल,बिंदु सोनकर, चंद्र भान पटेल समेत कई अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# सीमांकन करने गए लेखपाल को मिली जान से मारने की धमकी

**समाज जागरण धनंजय मोदनवाल पिंडरा।**

तहसील क्षेत्र के कोर्रा गांव में अन्नपूर्णा गोदान भवन के लिए भूमि का सीमांकन करने गए क्षेत्रीय लेखपाल को दबंगो ने जान से मारने की दी धमकी। इस बाबत लेखपाल ने उप जिलाधिकारी पिंडरा को लिखित जानकारी दी। जानकारी के अनुसार विकासखंड पिंडरा के कोर्रा गांव के लेखपाल कमलेश सोनकर गांव में अन्नपूर्णा गोदान भवन बनने हेतु 5 मई की शाम भूमि का सीमांकन ग्राम प्रधान व ग्रामीणों की उपस्थिति में कर रहे थे, तभी गांव के अभिनव पाण्डेय व उसके भाई निवासी ग्राम कोर्रा द्वारा गाली गलौज मारपीट कर सरकारी काम में बाधा पहुँचाने व गोली से मारने की धमकी दी गई। जबकि उस-के द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा करने के सम्बन्ध में पूर्व में अवगत कराया गया था। लेखपाल कमलेश सोनकर ने डीएम व एसडीएम से भी गुहार लगाई। जिसके निर्देश पर सिंधोरा पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

# जिला स्तरीय मासिक बैठक हुआ संपन्न

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।।आज अपना दल (एस) की जिला स्तरीय मासिक बैठक रोहनिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मोहनसराय ( कनेरी ) स्थित जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष वाराणसी श्री राजेंद्र प्रसाद पटेल जी के अध्यक्षता में संपन्न हुआ ।मासिक बैठक के मुख्य अतिथि विधायक रोहनिया डॉ. सुनील पटेल ( प्रदेश उपाध्यक्ष ) द्वारा अपना दल के संस्थापक स्व. डॉ. सोने लाल पटेल सहित महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर मासिक बैठक का शुभारंभ कर रोहनिया विधायक द्वारा समस्त सम्मानित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गणों से कहा गया की आगामी महीने से हम सभी को आगामी पंचायत



चुनाव के दृष्टिगत संगठनात्मक मजबूती के लिए वाराणसी जनपद समस्त बूथों के नवीनीकरण के साथ साथ संगठन विस्तार पर पुर्ण जोर मेहनत करने के लिए अपील किया। वहीं जांबाज भारतीय सैनिकों द्वारा मिशन सिंदूर अंतर्गत पाकिस्तानी आतंकी संगठनों के ठिकानों पर बम बारी कर आतंकवादियों को मौत के नीद सुलाने पर भारतीय सैनिको की सराहना कर कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गणों से भारतीय सैनिकों का हौसला बढ़ाने की बात कह-ी।आज बैठक में मुख्य रूप से राकेश यादव , श्याम नारायण सिंह पटेल, दिव्यांशु सिंह पटेल , आनंद प्रकाश पटेल,महेंद्र सिंह पटेल, सियाराम पटेल , उमेश पटेल, अनीता पटेल , अंकित चौबे ,रीना वर्मा उपस्थित रहे।

# आतंकवाद की फसल उगाने वाले पाकिस्तान को पहली सलामी पर दिल हुआ गदगद

**समाज जागरण**

जख्मों भरा 22 अप्रैल के बाद बहुप्रतीक्षित सैन्य ऑपरेशन "ऑपरेशन सिंदूर" सम्पन्न हुआ।जो भारतीय सशस्त्र सेनाओं के शौर्य और पराक्रम के प्रतीक के रूप में सम्पन्न हुआ। दुश्मन को एक सशक्त संदेश भारत की तरफ से मिली, लेकिन इतना ही पर्याप्त नहीं है,पाकिस्तान एक आतंकवाद परस्त देश है।यह सांप दो तीन डंडों से मरने वाला नहीं है ,इसके ऊपर कार्यवाही सतत जारी



रहनी चाहिए ,हमारा लक्ष्य सीमित नहीं है ,पाकिस्तान को पूरी तरह से नेस्तनाबूद करने की जरूरत है,बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनवा को पाकिस्तान से अलग करने में पूरा सहयोग करना पड़ेगा। विश्वास है ,हम इतने पर नहीं रुकेंगे ,दुश्मन को कुचलने की कार्यवाही जारी रहेगी,भारतीय सेना की शक्ति का अभी तो लिमिटेड प्रदर्शन हुआ है,अभी बहुत कुछ करना बाकी है। हम सक्षम हैं ,और हमें समय का फायदा उठाना चाहिए। जय हिंद! जय भारत की सेना! 'बंदेमातरम।

# सिंदूर तो सिर्फ झांकी है,मेंहदी और हल्दी बाकी है

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। भारत जो कहता है वह करके दिखाता है। 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकियों ने पहलगांव में पर्यटकों की निर्मम हत्या जाति पूछकर किया था उससे पूरा देश ही नहीं विश्व भी गमगीन हो उठा था।हर एक के जुबान पर सिर्फ एक ही आवाज थी कि हमें पाकिस्तान से बदला लेना है। भारत की सेना ने कहा था कि धैर्य रखिये इसका हिसाब जल्द ही होगा।और भारत की सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर'के तहत कार्यवाही करके पूरी कर दिया। सातो महुआ हनुमान मंदिर पर हरहुआ मण्डल की ओर से सेना द्वारा जबाबी खुशी में इकठ्ठा होकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। भाजपा वरिष्ठ नेता कपिलनारायन पांडेय ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर तो महज एक झांकी है, मेहदी और हल्दी की बारी तो बाकी है।' भारतीय सेना ने बहावलपुर में जैश के सरगना मसूद अजहर के ठिकाने सहित नौ आतंकी ठिकानों पर वायु व थल सेना ने बमबारी कर 12 आतंकियों को जहन्नुम में पहुंचा दिया। 15वे दिन



भारतीय सेना ने पहलगाम के पीड़ितों के साथ देश को न्याय दिलाया। मुजफ्फराबाद की बिलाल मस्जिद में चल रहे लश्कर के कैम्प को भारतीय मिसाइल ने नष्ट किया। अब देश के हित मे सिन्धुजल बहेगा,पहले भारत के हक का पानी भी देश से बाहर जा रहा था अब देश के काम आएगा। युद्ध को लेकर मॉकड्रिल के द्वारा ट्रैफिक जाम, अस्थायी रूप से सड़क बन्द होने,इंटरनेट बन्द होने या ब्लैक आउट सहित कई अहम निर्णयों की कार्यवाही होगी ऐसे में देश के अंदर नागरिकों की सुरक्षा के लिए पूरे देश को पार्टी राजनीति छोड़कर देश की राजनीति का माहौल बनाने में सबके सहयोग की जरूरत होगी। हमें हर कुर्बानियों के लिए सजग और तैयार रहने की जरूरत और शांति बनाए रखने पर बल दिया। इस अवसर पर भाजपा नेता अजय मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य गौतम सिंह, भाजपा नेता विनय सिंह 'हिटलर', अरुणेंद्र सिंह ने बदले की धधकती आग को राहत और भारतीय मृतकों के न्याय पर विचार व्यक्त किया। मुख्य रूप से ओमप्रकाश , रामाश्रय सिंह, बादल, मनोज ,सुजीत ,अनिल पाण्डेय , बिहारी पटेल, आकाश पांडेय ,मायाशंकर पटेल, प्रदीप सिंह,पंकज तिवारी ,विजय वर्मा ,रविन्द्र राय,कैलाश पांडेय,गगन चौबे समेत कई नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शहीद कृष्णचन्दन के परिवार को मिली दिल को शुकुन,तिरंगा लहराकर उतारी आरती

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी आज मैं त्रिभुवन त्रिपाठी और मेरा परिवार भारत स-रकार और भारतीय सेना के उठाए गए ऐतिहासिक अदम्य साहसिक कदम को हृदय की अनंत गहराइयों से बधाई देता है। भारतीय सेना की कार्रवाई से पूरा देश झूम उठा है जैसे को तैसे की भाषा में समझाने का काम हमारे भारत सरकार और बहादुर भारतीय सेना ने "ऑपरेशन सिंदूर" के जरिये जबाब दिया है। आज सीमा पर देश की रक्षा में शहीद वीर नौजवान बहादुर सिपाही और शहीद हुए सैनिक के परिवार माता और बहनों के दुखते और तड़पते अरमान दिल में हुए जख्मों को थोड़ा भरने का काम हुआ है। कृष्णचंद तिवारी



नायक राजपूत रेजिमेंट में 25 फरवरी 92 को भर्ती हुए थे।15 वर्ष तक देश की सेवा करते हुए गत 27 जनवरी को राजौरी क्षेत्र (जम्मू कश्मीर) के इखनी पोस्ट पर तैनात थे। लश्करे तोइबा और जैश- ए- मोहम्मद आतंकियो के साथ सुबह 5 बजे भोर में उनके मंसूबो को नाकाम करते हुए सीने पर 3 गोलियां खाकर शहीद हो गए थे। पत्नी संध्या तिवारी,इकलौता पुत्र विकास तिवारी पुत्री कुमुद ,रितिका बड़े भाई रामजी तिवारी भाभी श्री मति राजदेवी ,बड़ी भाभी मनता देवी,भतीजे त्रिभुवन व संजय तिवारी, उज्वल व दिग्यम तिवारी आज भारतीय सेना द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के द्वारा आतंकियों सहित पाकिस्तान को करारा जबाब दिया खुश हैं। आज शहीद कृष्णचंद तिवारी की साहस ,वीरता ,धैर्य, देशभक्ति, चुनौतियों से संघर्ष करने क्षमता,निडरता और दुर्गम पहाड़ियों में दुश्मनों के दांत खट्टे करने की दास्तान की याद ताजा हो गई। भारत माता की जय, बंदेमातरम ,इंकलाब जिंदाबाद के साथ तिरंगा लहराकर खुशियां परिवारजनों ने मनाई।

# बिसौली में हुआ ब्लैक आउट और मॉल ड्रिल, नागरिकों को दी सतर्क रहने की सलाह

## घड़ी में 8 : 00 बजते ही बजने लगा सायरन, लोगों ने अपनी अपनी लाइटें बुझा दी

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बिसौली बदायूं। नगर के अटल चौक पर सीओ सुनील कुमार के नेतृत्व में मार्क ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों को आपातकालीन स्थितियों जैसे कि हवाई हमले या आतंकी हमले के लिए तैयार करना है। अभ्यास के तहत नागरिकों को सायरन बजने पर उचित प्रतिक्रिया देने, सुरक्षित स्थानों पर जाने और आवश्यक सावधानियां बरतने की जानकारी दी। इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह ने कहा की ब्लैक आउट के दौरान कुछ क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति अस्थाई रूप से बंद की जाती है ताकि हवाई हमले जैसी स्थिति को संभालने की रणनीति का अभ्यास किया जा सके। इस दौरान हवाई हमले की संभावना का संकेत देने के लिए 8 : 00 बजते ही पुलिस की गाड़ियों से सायरन बजाया गया। लोगों ने अपने घरों प्रतिष्ठानों एवं गाड़ियों की लाइट बुझा दी ताकि लोग ब्लैक आउट की स्थिति को समझ सकें। श्री सिंह



ने कहा कि युद्ध सायरन की आवाज सुनते ही आपको 5 - 10 मिनट में सुरक्षित स्थान पर जाना होगा। इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह ने बताया कि आपको सोशल मीडिया पर तेजी से फैलने वाली अफवाहों से बचते हुए टीवी, रेडियो और सरकारी अलर्ट पर ही ध्यान देना है। प्रशासन के निर्देशों का पालन करना है और घबराई बिना शांति से स्थिति से निपटना है। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद, क्राइम इंस्पेक्टर एम.पी. सिंह, बुध बाजार चौकी प्रभारी अमित चौहान, हाईवे चौकी प्रभारी मुकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# निजी गोदाम में मिला सरकारी चावल, मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण धनंजय मोदनवाल पिंडरा।**

पिंडरा विकास खण्ड के बसंतपुर में विपणन व आपूर्ति विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई के तहत आर्यन ट्रेडिंग कम्पनी के गोदाम से अनाधिकृत रूप से रखे गए 241 कुंतल फोर्टिफाइड चावल बरामद किया। जिलाधिकारी के निर्देश पर मालिक के खिलाफ बुधवार को मुकदमा दर्ज किया गया। बताते है कि क्षेत्रीय विपणन अधिकारी अर्चना मिश्रा बसंतपुर में किसानों को गेहूं बेचने के लिए जागरूक करने सोमवार को गई थी। तभी उनकी नजर सड़क के किनारे गोदाम पर पड़ी जहां प्रथम दृष्टया सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित होने वाले फोर्टिफाइड चावल मिला। जिसकी सूचना डीएसओ को दी गई। तत्पश्चात रात हो जाने के कारण दूसरे दिन जांच पड़ताल की कार्रवाई क्षेत्रीय विपणन अधिकारी अर्चना मिश्रा, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी आनंद कुमार यादव, क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ला ने पूरी की। इस दौरान उनके निर्धारित स्टॉक से 185 कुंतल के बजाय 241 कुंतल सरकारी कोटे के तहत वितरित होने वाला फोर्टिफाइड चावल मिलने पर डीएम के आदेश पर सिंधोरा थाने में आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/5 के तहत दिनेश गुप्ता निवासी मरुई सिंधोरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

# केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद ने दो दुर्लभ आयुर्वेदिक पांडुलिपियों को पुनर्जीवित किया: द्रव्यरत्नाकरनिघण्टुः और द्रव्यनामाकरनिघण्टुः

पांडुलिपियां विद्वानों को अन्वेषण और देश के शास्त्रीय चिकित्सा साहित्य के साथ गहन जुड़ाव के लिए प्रेरित करेंगी आयुष मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) ने पारंपरिक चिकित्सा में देश की समृद्ध विरासत को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दो दुर्लभ और महत्वपूर्ण आयुर्वेदिक पांडुलिपियों - द्रव्यरत्नाकरनिघण्टुः और द्रव्यनामाकरनिघण्टुः को पुनर्जीवित किया है। इन प्रकाशनों का अनावरण मुंबई में राजा रामदेव आनंदीलाल पोदार (आरआरएपी) केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान किया गया।

# ऑपरेशन सिंदूर पर जमात-ए-इस्लामी हिंद के अध्यक्ष सैयद सदातुल्लाह हुसैनी का बयान

**दैनिक समाज जागरण मुख्य संवाददाता /सुषमा रानी**

जमात-ए-इस्लामी हिंद आतंकवाद को एक गंभीर खतरा और मानवता के खिलाफ एक जघन्य अपराध मानता है, तथा देश और इसके लोगों की सुरक्षा, संरक्षा और शांति के लिए इसके पूर्ण उन्मूलन को आवश्यक मानता है।



आतंकवाद के खिलाफ देश के सशस्त्र बलों और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा की गई कार्रवाई का पूरे देश द्वारा समर्थन किया जा रहा है - सभी धर्मों और समुदायों द्वारा। भारत के लोग हमारी सेनाओं के साथ एकजुट हैं।

साथ ही, हम इस बात पर जोर देते हैं कि इस महत्वपूर्ण क्षण में, सभी नागरिकों के लिए एक साथ आना और एकजुट होकर इस चुनौती का सामना करना अनिवार्य है। विभाजन या सांप्रदायिक तनाव फैलाने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे का फायदा उठाना देश के हित के खिलाफ है और इसे स्पष्ट रूप से खारिज किया जाना चाहिए। हम सभी राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक संगठनों और समूहों से देश की एकता, सांप्रदायिक सद्भाव और आपसी सम्मान को बनाए रखने और सामूहिक एकजुटता और जिम्मेदार नागरिकता का प्रदर्शन करने की अपील करते हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सैन्य बलों, प्रधानमंत्री एवं 140 करोड़ देशवासियों को बधाई -- *वीरेन्द्र सचदेवा*

**दैनिक समाज जागरण मुख्य संवाददाता /सुषमा रानी**

नई दिल्ली 7 मई : दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने भारतीय सेना, भारत सरकार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बधाई दी है और कहा है कि यह हमारे सैन्य बलों के पराक्रम की पराकाष्ठा




है कि इतने बड़े ऑपरेशन सिंदूर में वायुसेना ने अपने सभी पूर्व निर्धारित आतंकी ठिकानों को तो नष्ट कर डाला पर किसी सामान्य नागरिक को क्षति पहुंचे ऐसी कोई गलती नहीं की।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि गत लगभग 2 सप्ताह से 140 करोड़ भारतीय आतंक के सरपरस्त पाकिस्तान पर जिस सैन्य कार्रवाई का बेताबी से इंतजार कर रहे थे वह भारत के जाबांजों ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सफल नेतृत्व में आज पूर्ण की है।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत तक जा कर आज जिस तरह आतंक पर एक निर्णयक प्रहार किया है उसने 2016 एवं 2019 के हमलों की याद ताजा कर दी है। दिल्ली भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता भारतीय सेना के प्रति आभार प्रकट करते हैं और सैनिकों को आश्वस्त करते हैं की पूरा देश आपके साथ खड़ा है।

# ऑपरेशन सिंदूर: भारतीय सशस्त्र बलों ने आतंकवादी शिविरों को सटीकता के साथ निशाना बनाया: रक्षा मंत्रालय

**रघुनंदन पराशर समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

पंजाब/जैतो,7 मईः रक्षा मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बुधवार को कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने अब से कुछ समय पहले ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ल संचालित किया, जिसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के ठिकानों पर हमला किया गया। ये ऐसे चिन्हित स्थान हैं, जहां से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाई गई और उन्हें निर्देशित किया गया।कुल मिलाकर, नौ (9) ठिकानों को निशाना बनाया गया है।'भारत की यह कार्रवाई केंद्रित, नपी-तुली और बिना किसी उकसावे वाली रही है। इस दौरान, किसी भी पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान को नुकसान नहीं पहुंचाया गया है। भारत ने अपने लक्ष्यों के चयन और उन्हें निशाना बनाने में काफी संयम दिखाया है।ये कार्रवाई पहलगाम में हुए बर्बरता पूर्ण आतंकवादी हमले के जवाब में की गई है। इस कायराना आतंकी हमले 25 भारतीय और नेपाल के एक नागरिक की हत्या कर दी गई थी। भारतीय सशस्त्र बल इस प्रतिबद्धता पर खरे उतर रहे हैं कि आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा।'ऑपरेशन सिंदूर पर विस्तृत जानकारी आज बाद में दी जाएगी।

# मार्क ड्रील पर थाना प्रभारी रामपाल ने दिए दिशा निर्देश

कालांवाली (सुरेश चौरसिया) भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए सिरसा प्रशासन की ओर से आल्हा अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। इसी कड़ी के बीच थाना प्रभारी रामपाल ने पुलिस जवानों



को दिए जरूरी दिशा निर्देशों देते हुए कहा कि आज 7:45 से लेकर 8:00 बजे तक सभी शहर वासियों व गांव वासियों को किसी भी प्रकार के लाइट नहीं जलानी है। जिसके बीच बिजली से चलने वाले उपकरण,सोलर लाईट ,मोबाइल टॉर्च मोमबत्ती इत्यादि किसी का प्रयोग न करें और अफवाहों पर ध्यान न दें सरकार के दिशा निर्देशों की पालना करें।

# भारत-पाकिस्तान में तनावपूर्ण हालात के बीच शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने गुरुद्वारों में रहने की जगह और लंगर उपलब्ध कराने का बीड़ा उठाया: धामी

**रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

पंजाब/जैतो, 7 मई :भारत-पाकिस्तान में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए सिख समुदाय की प्रतिनिधि संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सीमावर्ती क्षेत्रों से निकाले जा रहे लोगों के लिए आश्रय उपलब्ध कराने की पहल की है। एसजीपीसी अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने सीमावर्ती क्षेत्रों के ऐतिहासिक गुरुद्वारों में ऐसे लोगों के लिए सराय आरक्षित करने और लंगर की व्यवस्था करने के आदेश दिए हैं।शिरोमणि कमेटी के सचिव श्री प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत-पाकिस्तान में तनावपूर्ण स्थिति के कारण सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा प्रबंधित गुरुद्वारों में ठहरने के लिए सराय और लंगर की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि एसजीपीसी अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी के निदेर्शानुसार



विभिन्न गुरुद्वारों के प्रशासकों को ये व्यवस्थाएं करने के लिए कहा गया है। इस संबंध में गुरुद्वारा श्री बारठ साहिब पठानकोट, गुरुद्वारा श्री दरबार साहिब डेरा बाबा नानक गुरदासपुर, गुरुद्वारा बाबा बुड्ढा साहिब जी रामदास अमृतसर, गुरुद्वारा गुरुसर सतलानी साहिब पः छेवीं होशियारनगर अमृतसर, गुरुद्वारा श्री छेहरटा साहिब पातशाही छेवीं अमृतसर, गुरुद्वारा बाबा बीर सिंह जी गांव रत्तोके तरनतारन, गुरुद्वारा भाई तारा सिंह जी शहीद गांव वान तरनतारन, गुरुद्वारा जमनी साहिब पातशाही दसवीं बाजिदपुर के प्रबंधकों को पत्र जारी किया गया है। फिरोजपुर, गुरुद्वारा श्री दरबार साहिब श्री मुक्तसर साहिब, गुरुद्वारा बीर बाबा बुड्ढा साहिब जी ठाठा तरनतारन, गुरुद्वारा बाबा बुड्ढा जी तेजा कलां गुरदासपुर, गुरुद्वारा सांह साहिब गांव बासरके गिलां अमृतसर और गुरुद्वारा पातशाही छठी और नौवीं, गुरु का बाग घुक्केवाली अमृतसर वाले के मैनेजर को पत्र जारी कर दिया गया है।

# सिख संस्था का पक्ष लिए बिना खबर प्रकाशित करना तर्कसंगत नहीं है: सतवंत कौर, सहायक डायरैक्टर स्कूल

**रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

जैतो, 7 मई (रघुनंदन पराशर):शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की सहायक डायरैक्टर स्कूल सतवंत कौर ने सिख संगठन के शिक्षा निदेशालय के बारे में समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों को निराधार बताते हुए कहा कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की शिक्षण संस्थाओं और शिक्षा निदेशालय ने हमेशा ही शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए बहुमूल्य कार्य किए हैं। एक बयान में उन्होंने कहा कि शिरोमणि कमेटी सिखों की एक महान और गौरवशाली संस्था है, जिसका इतिहास अद्वितीय और बलिदानों से भरा हुआ है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का मुख्य कार्य अपने अधीन गुरु घरों का सुचारू रूप से प्रबंधन करना तथा सिख धर्म का प्रचार-प्रसार करना है। इसके साथ ही सिख युवाओं को सिख रीति-रिवाजों, परंपराओं और गौरवशाली राष्ट्रीय विरासत से जोड़ने के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने शिक्षण संस्थाओं की आवश्यकता को महसूस करते हुए लगभग 100 शिक्षण संस्थाओं (स्कूल/कॉलेज/ अकादमियां/ विश्वविद्यालय) को सुचारू और नियमित रूप से चलाने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने कहा कि सिख संगठन के शिक्षण संस्थानों के कार्यभार पर विशेष ध्यान देने के लिए



2007 में शिक्षा निदेशालय की स्थापना की गई थी। पिछले कुछ समय से, जबकि पंथक वर्ग में अनेक उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहे हैं, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के शैक्षणिक संस्थानों को निशाना बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिसे गंभीरता से लेना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संस्थाओं के व्यापक हितों की अनदेखी करते हुए मीडिया के माध्यम से कुछ अधूरे तथ्यों को उजागर करना और उनका प्रचार करना खेदजनक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा निदेशालय ने समय-समय पर हर क्षेत्र में अनुकरणीय एवं रचनात्मक निर्णयों के माध्यम से शिक्षण संस्थाओं को अद्वितीय एवं सुदृढ़ मार्गदर्शन प्रदान किया है। शिक्षा निदेशालय का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को समय के साथ जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें सिख विद्वान बनाकर एक स्वस्थ समाज का निर्माण करना है और संस्था इस कार्य को बखूबी पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थाओं का निर्माण न केवल एसजीपीसी के शिक्षा के प्रति दृष्टिकोण को दशार्ता है, बल्कि गुरु के ज्ञान के प्रकाश में समाज में शिक्षा के प्रसार के लिए किए जा रहे प्रयासों का स्पष्ट प्रमाण भी है। शिक्षा निदेशालय की स्थापना शैक्षणिक संस्थाओं के सुचारू प्रबंधन के लिए एक मील का पत्थर है। कोरोना काल में विश्व भर की संस्थाओं के लिए पैदा हुए वित्तीय संकट में माननीय अध्यक्ष शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और सचिव शिक्षा की अनुकरणीय उपलब्धि, गुरु के गोकल पर अनावश्यक बोझ डाले बिना सिख शिक्षण संस्थाओं को गंभीर वित्तीय संकट से समय रहते उभारकर हर तरफ से आई गतिरोध को पुनर्जीवित करने और संस्थाओं के उद्देश्यों को पूरा करने का एक अनूठा और ऐतिहासिक प्रयास है। शिक्षण संस्थाओं में स्थायी भर्ती के लिए समाचार पत्रों में विज्ञापन देना, सिविल सेवाओं में रुचि रखने वाले सिख विद्यार्थियों के लिए निश्चय अकादमी की स्थापना करना, सिख जीवन परीक्षा के लिए गुरमत प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन करना, अध्यापकों के कौशल में सुधार के लिए प्रशिक्षण कार्यशालाएं, महाविद्यालयों में प्लेसमेंट सेल, राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के शैक्षिक सम्मेलन, ज्ञान-प्रचंड व कवि-ए-सिखी प्रतियोगिताएं आयोजित करना तथा शिक्षण संस्थाओं के लंबे समय से लंबित ऑडिट के कार्य को अद्यतन व नई गति प्रदान करना, इन सबका श्रेय माननीय अध्यक्ष शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी व सचिव शिक्षा (जिनके पास वर्तमान में निदेशक शिक्षा का अतिरिक्त कार्यभार भी है) व उनकी पूरी टीम को जाता है। शिक्षा निदेशालय ने संस्थान के हितों की रक्षा के लिए विशिष्ट विशेषज्ञों, ट्रस्टियों और अनुभवी प्राचार्यों की सेवाएं लेते हुए प्रत्येक शिक्षा नीति को तैयार करने के लिए दिन-रात काम किया। यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम आलोचनाओं से ऊपर उठकर इन सभी सेवा कार्यों को नजरअंदाज करके सचिव शिक्षा/निदेशक शिक्षा के सम्मानित पद पर ध्यान केन्द्रित करके, बलिदानों की नींव पर निर्मित इस गौरवशाली संस्थान की गरिमा को बनाए रखें। आइये हम सब मिलकर इसके विकास और प्रगति की बात करें।

# शिवालिक पब्लिक स्कूल में मॉक ड्रिल के माध्यम से आपदा प्रबंधन पर जागरूकता

**मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण पंजाब चीफ**

जैतो, 7 मई : जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार 7 मई, 2025 को शिवालिक पब्लिक स्कूल, जैतो में एक विशेष मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों को भूकंप, आग और





युद्ध जैसी प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में तत्काल और प्रभावी कार्रवाई के लिए तैयार करना था।

इस अवसर पर विद्यालय में आग लगने की घटना का अनुकरणीय दृश्य तैयार किया गया, जिसके तहत निकासी प्रक्रिया के अनुसार विद्यार्थियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इसके अलावा, बच्चों को युद्ध की स्थिति में सायरन बजने पर अपनी सुरक्षा कैसे करें, इसका भी प्रशिक्षण दिया गया। स्कूल प्रिंसिपल सरबजीत सिंह ने कहा, "हमारे लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि छात्र न केवल पाठ्यक्रम संबंधी ज्ञान प्राप्त करें बल्कि जीवन में चुनौतीपूर्ण क्षणों के लिए भी तैयार रहें। इस तरह की मॉक ड्रिल से उनमें आत्मनिर्भरता और सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा होती है।" यह अभ्यास सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ और विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह और गंभीरता के साथ इसमें भाग लिया। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री अश्वनी कुमार गर्ग, श्री अशोक कुमार, सरदार जगमेल सिंह, श्री गौरव गर्ग व श्रीमती दीपी गर्ग ने कहा कि आने वाले समय में और भी कई सुरक्षा अभ्यास आयोजित किए जाएंगे।

# न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में श्रीमद् भागवत कथा का तीसरा दिन श्रद्धा और भक्ति मय संवाद में रहा

## हमारी संस्कृति और जीवन मूल्यों को समझने का माध्यम है कथा: धमार्नी

**दैनिक समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल-भिवानी। न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, दादरी गेट स्थित स्थल पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का तीसरा दिन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। कथा का आयोजन समाज में सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार हेतु किया जा रहा है।





कथा व्यास विदुषी वेला पारीक वृंदावन ने भावपूर्ण शैली में भगवान की कथा का विस्तार करते हुए श्रोताओं को मोहित कर दिया। उन्होंने कथा में देव आहुती की नौ पुत्रियों और ब्रह्मा जी के नौ मानस पुत्रों के साथ उनका विवाह, कर्दम मुनि की कन्याओं का उल्लेख तथा राजा उत्तानपाद, उनकी रानियां सुनीति-सुरुचि एवं ध्रुव की कथा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि ध्रुव की भक्ति और तपस्या कैसे एक छोटे बालक को अमरत्व की ओर ले गई, यह कथा जीवन में धैर्य, श्रद्धा और दृढ़ निश्चय के महत्व को दशार्ती है। इस मौके पर चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धमार्नी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि भागवत कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और जीवन मूल्यों को समझने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि ऐसी कथाएं हमें मयार्दा, संयम, सेवा और सच्चे आचरण का पाठ पढ़ाती हैं। इससे व्यक्ति मोह, माया, काम और क्रोध जैसे विकारों से दूर रहकर ईश्वर के प्रति समर्पण की भावना विकसित करता है। कथा में कलाकार बच्चों के द्वारा मनमोहक महादेव पार्वती की झांकी दर्शाई गई।

कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए बैठने और प्रसाद वितरण की समुचित व्यवस्था की गई थी। अगले दिनों में कथा के अन्य प्रसंगों के साथ भजन संध्या और संकीर्तन कार्यक्रम भी प्रस्तावित हैं, जिसमें शहर के प्रमुख संतों और कलाकारों की सहभागिता रहेगी।

इस धार्मिक अवसर पर कार्यक्रम संयोजक रामअवतार शर्मा, बालकिशन मलिक, बिजेंद्र यादव, ऋषि शर्मा, अमित डागर, कवयित्री अनीता नाथ, निदेशक संजीव श्योराण, शिक्षाविद राजेश मुखी, रमेश शास्त्री, यतेन्द्र नाथ, मोतीलाल शर्मा, अमित धूपड़, सीमा बंसल, मास्टर पवन कौशिक, अशोक भारद्वाज सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# भगवान परशुराम ने हमेशा अन्याय के विरुद्ध शस्त्र उठाकर धर्म की रक्षा की: डॉ अरविंद शर्मा

- 30 मई को रोहतक के पहरावर में भगवान परशुराम जयंती का दिया न्यौता
- परशुराम धर्मशाला लोहारू व ब्राह्मण संगठन बहल को स्वैच्छिक कोष से 11-11 लाख रुपए देने की घोषणा की



**दैनिक समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 7 मई। सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम ने हमेशा समाज में अन्याय के विरुद्ध शस्त्र उठाकर धर्म की रक्षा की और जनमानस को भय से मुक्ति दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा कि आज देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सरकार दुश्मन के घर मे घुसकर दण्ड देती है, क्योंकि धर्म की रक्षा व आतंक के खात्मे के लिए यह आवश्यक है।

वे बुधवार को ब्राह्मण संगठन हलका लोहारू द्वारा पिलानी रोड बहल स्थित भगवान परशुराम धर्मशाला में आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे थे। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा का ब्राह्मण संगठनों द्वारा रोड शो व पुष्प-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया व पगड़ी बांधी। भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प-अर्पित करने उपरांत आमजन को संबोधित करते हुए डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम के विचार व आदर्श हमें समाज व देश को मजबूत बनाने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि निर्बल की सहायता व अन्याय के विरुद्ध कड़ा प्रतिकार करते हुए भगवान परशुराम ने हमेशा समाज मे जनकल्याण की भावना से समाज को सशक्त बनाया। उनके धैर्य, बुद्धि, तर्कशीलता, संयम, बल आदि गुणों की बदौलत सर्वश्रेष्ठ व्यक्तित्व की झलक मिलती है।

कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की सरकार ने सन्त-महापुरुषों के सम्मान व उनके विचार प्रसार को बढ़ावा दिया है। इसी क्रम में आगामी 30 मई को रोहतक के पहरावर में भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसमें सर्व समाज, 36 बिरादरी मिलकर अपनी भागीदारी करेगा और प्रदेश के कोने-कोने से जनसैलाब उमड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने भगवान परशुराम जयंती पर राजकीय अवकाश की व्यवस्था की। वर्तमान में भिवानी में पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय मेडिकल कालेज का 538 करोड़ रुपए से निर्माण हुआ है, इसी प्रकार कैथल में 600 करोड़ रुपए की लागत से भगवान परशुराम राजकीय मेडिकल कालेज का निर्माण चल रहा है। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने भगवान परशुराम धर्मशाला लोहारू व भगवान परशुराम धर्मशाला बहल में विकास कार्यों के लिए 11-11 लाख रुपए अपने स्वैच्छिक कोष से देने की घोषणा की।

# भिवानी में बोले कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा

- आतंकवाद को मोदी सरकार ने दिया मुंहतोड़ जवाबः अरविंद शर्मा
- हरियाणा अपने हक का पानी लेकर रहेगाः शर्मा
- पंजाब अपने वादों पर कायम रहना सीखेः अरविंद शर्मा
- कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा रोहतक में होने वाले राज्य स्तरीय परशुराम जन्मोत्सव का निमंत्रण देने भिवानी पहुंचे







**दैनिक समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल-भिवानी, 7 मई। हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा ने कहा कि देश की सेना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में पाकिस्तान में एयर स्ट्राइक कर आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया है। यह देश के लिए एक बड़ी और साहसिक कार्यवाही रही है, जिसने पाकिस्तान को आतंकवाद के मुद्दे पर करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि पहल गांव में आतंकवादियों द्वारा किए गए अत्याचारों का बदला आज देश की सेना पूरी ताकत से ले रही है। हमारे सैनिक पाकिस्तान के भीतर घुसकर आतंकवादियों और उनके ठिकानों को तबाह कर रहे हैं, जिससे देशवासियों का सिर गर्व से ऊंचा हुआ है।

कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा आज भिवानी में रोहतक के पहरावर गांव पहुंचे, जहां वे 30 मई को रोहतक में आयोजित होने वाले भगवान परशुराम जयंती महोत्सव का निमंत्रण देने आए थे। उन्होंने समाज के प्रबुद्ध व्यक्तियों से महोत्सव में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम की जयंती हमारे समाज और संस्कृति का प्रतीक है, और हमें मिलकर इसे भव्य रूप देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह जन्म उत्सव मुख्यमंत्री नायब सैनी के मार्गदर्शन रहेगा।

पानी के मुद्दे पर बोलते हुए मंत्री शर्मा ने कहा कि हरियाणा अपने हक का पानी लेकर रहेगा। पानी पर सभी का समान अधिकार है क्योंकि यह एक प्राकृतिक संपदा है। उन्होंने पंजाब सरकार को चेताते हुए कहा कि उसे अपनी बातों पर कायम रहना चाहिए और छोटी हरकतों या बयानबाजी से बचना चाहिए। मंत्री शर्मा ने साफ शब्दों में कहा कि हरियाणा को उसका अधिकारिक हिस्सा मिलना चाहिए और सरकार इस मुद्दे पर कोई समझौता नहीं करेगी।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया और भगवान परशुराम जयंती महोत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आश्वासन दिया। मंत्री ने अंत में कहा कि जब देश और राज्य दोनों ही मजबूती से अपने अधिकारों और सुरक्षा के लिए खड़े होते हैं, तभी समाज में विश्वास और आत्मबल बढ़ता है। बीजेपी जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक, पूर्व विधायक शशि परमार,कार्यक्रम संयोजक योगेश शर्मा, रामबिलास शर्मा, सुनील शास्त्री, सुमन शर्मा, प्रवीण बासिया, आर के शर्मा, ललित कुमार,पिंटू शर्मा , प्रधान जेपी कौशिक, कंवर बीर सिंह,बाबूलाल स्वामी, अनिल कौशिक, बीटू शर्मा, अशोक भारद्वाज , कुलदीप शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# हिन्दू महासभा ने भारतीय सैनिकों को हर देशवासी का महानायक बताते हुए युद्ध में शामिल होने का संकल्प किया - बी एन तिवारी

नई दिल्ली, अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने छह और सात मई की मध्यरात्रि में भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में स्थापित आतंकवादी शिविरों पर सैन्य हमला कर आतंकवादियों को मारने का स्वागत करते हुए भारतीय सेना के इस कदम का पूर्ण समर्थन किया। यह जानकारी आज जारी बयान में हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने दी। राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने बताया कि हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने नई दिल्ली के शहीद भगत सिंह मार्ग गोल मार्केट पर स्थित करोल बाग क्लब में बुलाई गई एक आपात बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सैनिक ही देशवासियों के असली महानायक हैं। सैनिकों के अदम्य साहस और बलिदान से ही देशवासी सुरक्षित हैं। हमें अपने सैनिकों पर गर्व है। उन्होंने कहा कि 70 आतंकवादियों को सैन्य हमले में 72 हूरों के पास पहुंचना पहलगाम में मारे गए 27 हिंदुओं के नरसंहार का बदला हो सकता है, किंतु देशवासी इतने भर से संतुष्ट नहीं होने वाले। पूरा देश पाकिस्तान नामक आतंकवादी राष्ट्र का विश्व के मानचित्र से नामोनिशान मिटाना चाहता है और जब तक ऐसा नहीं होता, देशवासी संतुष्ट हो भी नहीं सकते।

हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर भट्ट ने अपने संबोधन में कहा कि देश युद्ध के दौर से गुजर रहा है। कुछ देश विरोधी तत्व देश में हिन्दू मुस्लिम की बहस को जन्म देकर देश के अंदर गृहयुद्ध करवाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हिन्दू महासभा ऐसे देश विरोधी तत्वों का विरोध करते हुए हिन्दू मुस्लिम की बहस से ऊपर उठकर धर्म और सत्य के मार्ग का अनुसरण करते हुए राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा मजबूत बनाने और सीमा पर सैनिकों का मनोबल बढ़ाने का आह्वान करती है। राष्ट्रीय संगठन मंत्री पवन शर्मा ने चंद्र शेखर भट्ट के आह्वान का समर्थन करते हुए कहा कि देश विरोधी तत्वों की पहचान कर उन्हें पुलिस के हवाले करना प्रत्येक देशवासी का कर्तव्य और नैतिक धर्म है।

हिन्दू महासभा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह राजू पार्चा ने कहा कि देशविरोधी और समाज विरोधी गतिविधियों में लिप्त व्यक्ति हिन्दू हो या मुसलमान, उससे निपटना और उसे निपटाना प्रत्येक राष्ट्रवादी नागरिक का राष्ट्र धर्म है। इस राष्ट्र धर्म का पालन नहीं करने वालों को देश की भावी पीढ़ी कटघरे में अवश्य खड़ा करेगी। उन्होंने कहा कि जो आतंकवादियों पर सैन्य कार्रवाई का प्रमाण मांगने का दुस्साहस करेगा, हिन्दू महासभा उसे देशद्रोही घोषित करते हुए भारत सरकार से उसकी नागरिकता समाप्त करने की मांग का अभियान चलाएगी।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद पटना में हाई एलर्ट जारी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ भारत द्वारा पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक के बाद पूरे देश में सुरक्षा व्यवस्था को सख्त कर दिया गया है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई इस कार्रवाई का असर राजधानी पटना में भी साफ देखा गया, जहां आधी रात से ही पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया और शहर में चौकसी बढ़ा दी गई। जैसे ही खबर फैली कि भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकानों पर हमला किया है, पटना पुलिस हरकत में आ गई। शहर की प्रमुख सड़कों पर पुलिस की गाड़ियां दौड़ने लगीं और रात के समय गश्त बढ़ा दी गई। थानों की मोबाइल यूनिट्स को विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात किया गया ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जा सके। आधी रात को ही कई स्थानों पर राहगीरों और वाहनों की जांच शुरू कर दी गई। पटना पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उन्हें ऊपरी स्तर से मिले निदेशों के तहत शहर के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी सुरक्षा बल की तैनाती बढ़ा दी गई है। सरकारी कार्यालयों, प्रमुख निजी संस्थानों, शैक्षणिक परिसरों और भीड़भाड़ वाले इलाकों की सुरक्षा भी सुदृढ़ की गई है। इसके अलावा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और एयरपोर्ट जैसे सार्वजनिक स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। ऑपरेशन की खबर जैसे ही सुबह लोगों तक पहुंची, पूरे शहर में हलचल तेज हो गई। टीवी चैनलों पर ब्रेकिंग न्यूज चलने लगी और सोशल मीडिया पर इस पर बहस शुरू हो गई। दुकानों, दफ्तरों, मोहल्लों और चौराहों पर केवल एक ही विषय पर बातचीत होती नजर आई झ पाकिस्तान पर भारत की जवाबी कार्रवाई। लोग इस कदम को साहसिक और लंबे समय से अपेक्षित करार दे रहे हैं। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद देशभर में गुस्से का माहौल था और आमजन की ओर से सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही थी। ऐसे में ऑपरेशन सिंदूर को लोग सही समय पर लिया गया ठोस निर्णय मान रहे हैं। पटना के नागरिकों ने भी इस सैन्य कार्रवाई का स्वागत किया और कहा कि अब समय आ गया है जब आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी जाए। हालांकि, इस ऑपरेशन के बाद यह चर्चा भी तेज हो गई है कि क्या भारत यहीं रुक जाएगा या आने वाले समय में और बड़ी सैन्य कार्रवाई की योजना बनाई जा रही है। सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट पर हैं और आम लोग भी स्थिति की गंभीरता को समझते हुए सतर्कता बरत रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर ने न सिर्फ आतंकी संगठनों को कड़ा संदेश दिया है, बल्कि देश के नागरिकों को यह भरोसा भी दिलाया है कि सरकार और सेना उनकी सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाने को तैयार है। पटना सहित पूरे देश में इस कार्रवाई को गंभीरता से लिया जा रहा है और सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने में कोई कोताही नहीं बरती जा रही है।

# पटना मैरीन ड्राइव पर पुलिस ने किया दो वाहनों से हथियार बरामद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ राजधानी पटना के दीघा थाना क्षेत्र स्थित मरीन ड्राइव गोलंबर पर मंगलवार की देर रात एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और दीघा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने दो संदिग्ध गाड़ियों को रोककर तलाशी ली, जिसमें बड़ी मात्रा में अवैध हथियार बरामद किए गए। इस दौरान एक कुख्यात शराब माफिया को भी गिरफ्तार किया गया, जिस पर दर्जनों आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं और जिसकी पुलिस को लंबे समय से तलाश थी। एसटीएफ को गुप्त सूचना मिली थी कि झारखंड नंबर की एक गाड़ी से अवैध हथियारों की तस्करी पटना की ओर की जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद एसटीएफ और दीघा थाना पुलिस ने मरीन ड्राइव इलाके में नाकाबंदी कर चेकिंग अभियान तेज कर दिया। देर रात एक झारखंड नंबर की संदिग्ध गाड़ी जैसे ही मरीन ड्राइव गोलंबर के पास पहुंची, सुरक्षा बलों ने उसे तुरंत रोक लिया। गहन जांच के दौरान गाड़ी से एक पिस्टल और छह जिंदा कारतूस बरामद हुए। इसके बाद पास में ही खड़ी एक अन्य संदिग्ध गाड़ी की भी जांच की गई, जिसमें से भी प्रतिबंधित हथियार और कारतूस मिले। दोनों गाड़ियों को जब्त कर गांधी मैदान ट्रैफिक थाना परिसर में रखा गया है। वहीं, गिरफ्तार आरोपी को दीघा थाना लाया गया है, जहां उससे सघन पूछताछ की जा रही है। दीघा थानाध्यक्ष के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्ति पेशेवर अपराधी है और शराब माफिया के रूप में कुख्यात है। उसके खिलाफ विभिन्न जिलों में कई संगीन मामले दर्ज हैं। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि यह व्यक्ति किस गिरोह से जुड़ा है और हथियारों की इस खेप को कहां पहुंचाना था। मरीन ड्राइव पर हुई इस कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों में हलचल मच गई। जैसे ही लोगों को पता चला कि पुलिस ने अपराधी और हथियार पकड़े हैं, मौके पर भीड़ जुटने लगी। देखते ही देखते घटनास्थल पर अफरातफरी का माहौल बन गया। कई राहगीर मौके से जल्दी-जल्दी निकलने लगे। इस सफल कार्रवाई को लेकर एसटीएफ और दीघा पुलिस की सराहना हो रही है। अधिकारियों का कहना है कि अपराध और अवैध हथियारों की तस्करी पर लगाम लगाने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे। पुलिस फिलहाल यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि बरामद हथियारों का इस्तेमाल किन आपराधिक गतिविधियों के लिए होना था और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं। जल्द ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की संभावना भी जताई जा रही है।

# पटना में होमगार्ड अभ्यर्थियों का एडमिट कार्ड जारी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार में होमगार्ड की भर्ती प्रक्रिया अब अपने अहम चरण में पहुंच चुकी है। खासकर पटना के अभ्यर्थियों के लिए यह एक महत्वपूर्ण खबर है कि उनके एडमिट कार्ड आधिकारिक तौर पर जारी कर दिए गए हैं। यह भर्ती उन युवाओं के लिए सुनहरा मौका है जो राज्य की सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा बनना चाहते हैं। पटना जिले के सभी पात्र अभ्यर्थी अब आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीकरण नंबर और जन्म तिथि दर्ज कर लॉग इन करना होगा। एडमिट कार्ड में परीक्षा से जुड़ी सभी जरूरी जानकारियां जैसे तारीख, समय और केंद्र साफ तौर पर दी गई हैं ताकि अभ्यर्थियों को किसी तरह की परेशानी न हो। इस बार पटना जिले से लगभग 70,000 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है जबकि यहां 1,479 सीटों के लिए चयन होना है। इन सभी उम्मीदवारों की शारीरिक दक्षता परीक्षा राजधानी पटना के गर्दनीबाग मैदान में आयोजित की जाएगी। परीक्षा का आयोजन मई महीने में प्रस्तावित है, और इसके लिए सभी अभ्यर्थियों को समय से पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचने की सलाह दी गई है। अभ्यर्थियों को अपने साथ एडमिट कार्ड की एक प्रिंटेड प्रति के साथ पहचान पत्र (ID प्रूफ) लाना अनिवार्य होगा। परीक्षा में किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों जैसे मोबाइल, स्मार्टवॉच आदि का प्रयोग सख्त वर्जित रहेगा। साथ ही, सभी को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा से पूर्व अपने सभी दस्तावेजों की जांच कर लें और समय का उचित प्रबंधन करे। भर्ती प्रक्रिया के पहले चरण में फिजिकल फिटनेस टेस्ट (शारीरिक दक्षता परीक्षा) ली जाएगी, जिसमें दौड़ और ऊंची कूद जैसी गतिविधियां शामिल होंगी। खास बात यह है कि दौड़ के दौरान अभ्यर्थियों के पैरों में विशेष चिप लगाई जाएगी, जिससे उनकी दौड़ की गति और दूरी को ट्रैक किया जा सकेगा। यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और तकनीकी आधार पर की जाएगी। इस बार राज्यभर से करीब 8.50 लाख उम्मीदवारों ने होमगार्ड के 15,000 पदों के लिए आवेदन किया है, जिससे प्रतियोगिता बेहद कड़ी हो गई है। पटना जिले में ही 70,000 से अधिक आवेदन सिर्फ 1,479 पदों के लिए आए हैं। पटना में होमगार्ड भर्ती को लेकर तैयारियां तेज हैं और अब अभ्यर्थियों को चाहिए कि वे परीक्षा से संबंधित सभी निदेर्शों का पालन करते हुए मनोबल के साथ भाग लें। यह परीक्षा न केवल एक नौकरी का अवसर है, बल्कि समाज की सेवा का माध्यम भी है।

# दिव्यांगता शिविर में प्रमाण पत्र के लिए 91 लोगो का किया गया पंजीकरण

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) रेफरल अस्पताल परिसर नबीनगर में आज बुधवार को सिविल सर्जन औरंगाबाद एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी औरंगाबाद के निर्देश



पर दिव्यांग जनो के लिए शिविर का आयोजन किया गया जिसमें प्रमाण पत्र बनवाने के लिए 91 लोगों का पंजीकरण किया गया। रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अभय कुमार ने बताया कि शिविर में आए 91 लोगों का पंजीकरण किया गया है जांचोपरांत इन लोगों का प्रमाण पत्र दिया जाएगा।वहीं शिविर में 30 लोगों को प्रमाण पत्र दिया गया जबकि 40 लोगों को सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर किया गया है। मौके पर सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी शिक्षा विभाग औरंगाबाद गंगाधर महतो ,लाल बहादुर, राजीव कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# भोज के दौरान गोली चलने से युवक की मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के मुशहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार की रात पूजा मटकोर के भोज में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब अचानक फायरिंग की आवाजें गूंज उठीं। इस गोलीबारी में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान छपरा मेघ गांव निवासी बंबे महतो के 22 वर्षीय पुत्र मिथिलेश कुमार के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मिथिलेश भोज में भोजन करने अपने घर से करीब 500 मीटर दूर गया था। भोज के दौरान कुछ युवकों ने वहां अवैध हथियार से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इसी दौरान मिथिलेश के सीने में गोली लग गई, जिससे वह मौके पर ही गिर पड़ा। घटना के तुरंत बाद वहां मौजूद अंशु नामक युवक और उसके दोस्त मिथिलेश को उठाकर खादी भंडार स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पहुंचाने के बाद अंशु और उसके साथी मौके से फरार हो गए। मृतक के भाई राहुल कुमार ने पुलिस को दिए बयान में अंशु पर हत्या का सीधा आरोप लगाया है। राहुल के अनुसार, अंशु इलाके में शराब के अवैध कारोबार से जुड़ा हुआ है और पहले भी आपराधिक मामलों में जेल जा चुका है। उन्होंने कहा कि मिथिलेश और अंशु के बीच पूर्व से विवाद चल रहा था, और हत्या की यह वारदात उसी की परिणति है। घटना की सूचना मिलते ही मुशहरी थाना अध्यक्ष रणजीत कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल की जांच की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आपसी रंजिश का लग रहा है। उन्होंने कहा, ह्लफिलहाल परिजनों की ओर से लिखित आवेदन नहीं मिला है। जैसे ही आवेदन प्राप्त होगा, नामजद प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। आरोपी की तलाश जारी है और पुलिस टीम संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने भोज जैसे धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम में इस तरह की हिंसक घटना को समाज के लिए शर्मनाक बताया है। उधर, मृतक के गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजन गहरे सदमे में हैं और प्रशासन से न्याय की मांग कर रहे हैं। इस घटना ने एक बार फिर से मुजफ्फरपुर में बढ़ते आपराधिक घटनाओं और अवैध हथियारों की खुलेआम मौजूदगी पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# 193 बोतल देसी शराब बरामद, बाइक जप्त तस्कर फरार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर थाना क्षेत्र के करमडीह गांव के उत्तर पूर्व आहर के समीप से 300 एम एल का 193 बोतल देसी टनाका शराब और एक उजले रंग का अपाचि मोटरसाइकिल बरामद किया गया।वही शराब तस्कर बाइक छोड़कर भागने मे कामयाब रहा। मामले में थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार



उपाध्याय ने बताया कि उक्त क्षेत्र से शराब आने की गुप्त सूचना पर पी एस आई विशाल शेखर एवं सशस्त्र बल ने तलाशी अभियान चलाया। वहीं पुलिस को आने की भनक लगते ही बाइक चालक बाइक छोड़कर भाग निकला वही बाइक की तलाशी के दौरान झारखंड निर्मित देसी टनाका शराब 193 बोतल बरामद किया गया।थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब और बाइक को जप्त कर थाना लाया गया है और मामले में मद्यनिषेध अधिनियम के तहत अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कारवाई की जा रही है।

# फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) नबीनगर थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के चिरैली गांव व दिग्घी गांव में फरार चल रहे अभियुक्त के घर पर न्यायालय के आदेश पर ढोल बजवाकर इश्तेहार चिपकाया। वहीं समय सीमा के अंदर न्यायालय मे हाजिर होने को कहा है। फरार अभियुक्त नवीनगर थाना क्षेत्र के चिरैली गांव निवासी छोटु चन्द्रवंशी तथा थाना क्षेत्र स्टेशन रोड दिग्घी गांव निवासी फिरोज पासवान के विरुद्ध ढोल बजाकर घर पर इश्तेहार चिपकाया गया।थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि अभियुक्त के घर इश्तेहार चस्पा कियो गयो है।थानाध्यक्ष ने कहा कि न्यायालय में मामला चल रहा है। इश्तेहार निर्गत कर न्यायालय में आत्मसमर्पण करने को कहा है अन्यथा इनके विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। मौके पर आस-पास के लोगों से भी इसकी सूचना फरार अभियुक्त को देने को कहा है। जिससे कि न्यायालय में समय सीमा के अंदर न्यायालय में उपस्थित हो सके। कोर्ट के द्वारा इश्तेहार के माध्यम से अभियुक्त को अंतिम चेतावनी दी जाती है कि थाना मे या कोर्ट मे आत्म समर्पण करें अन्यथा कोर्ट के आदेश पर कुर्की जप्ती की कार्रवाई की जाएगी। वही इस कार्रवाई में एस आई राजू कुमार समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# सिविल डिफेन्स मॉक ड्रिल हेतु जिला प्रशासन की तैयारी, नागरिकों से सहयोग की अपील

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



07 मई बुधवार को समाहरणालय परिसर स्थित महानंदा सभागार में "सिविल डिफेन्स मॉक ड्रिल" के आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता जिलाधिकारी विशाल राज एवं पुलिस अधीक्षक सागर कुमार ने की। बैठक में जिले के गण्यमान्य व्यक्तियों, पदाधिकारियों एवं सिविल डिफेन्स से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों , विशेषकर हवाई हमले जैसी संभावित आपदाओं से निपटने के लिए तैयार करना है। इसके तहत दिनांक 07 मई 2025 को शाम 07:00 बजे से 07:10 बजे तक जिले भर में "ब्लैकआउट" अभ्यास किया जाएगा। इस दौरान सायरन बजाकर नागरिकों को सतर्क किया जाएगा। जहां सायरन की व्यवस्था नहीं है, वहां वाहन के माध्यम से सायरन की ध्वनि प्रसारित की जाएगी। प्रशासन ने जिलेवासियों से अनुरोध किया है कि वे इस मॉक ड्रिल में सक्रिय रूप से भाग लें और सहयोग करें। ब्लैकआउट के दौरान पैनिक न करें, अपने वाहनों की लाइट एवं इंजन बंद रखें, और घरों की रौशनी को पूरी तरह से ढक दें ताकि कोई प्रकाश बाहर न जाए। टॉर्च, मोबाइल फ्लैशलाइट, गाड़ियों की हेडलाइट आदि का प्रयोग न करें। सायरन संकेतों की जानकारी दी गई है:

रुक-रुक कर सायरनः हवाई हमले का खतरा जारी है। दो मिनट तक लगातार सायरनः खतरा समाप्त हो गया है। यदि किसी स्थान पर बम विस्फोट जैसी घटना होती है, तो नागरिक असुरक्षित भवनों से बाहर आकर तुरंत सिविल डिफेन्स कंट्रोल रूम (फोन नं.: 06456-222238) को सूचित करें। नागरिक सुरक्षा निदेशालय द्वारा प्रशिक्षित स्वयंसेवक एवं वार्डन मौके पर सहायता प्रदान करेंगे। जिला प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे इस अभ्यास को गंभीरता से लें, अफवाहों पर ध्यान न दें, और प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए शांति एवं सतर्कता बनाए रखें। यह मॉक ड्रिल भविष्य में किसी भी आपदा या आपातकालीन स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने की तैयारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अग्निशमन पदाधिकारी, आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, एसडीपीओ अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं जिले के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# सोन दियरा में पुलिस ने किया छापेमारी शराब बरामद, तस्कर फरार

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) नवीनगर प्रखंड के एनटीपीसी खैरा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के रामबाग धुन्धुआ गांव के समीप सोन दियरा क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर अवैध शराब बरामद किया है। हालांकि तस्कर पुलिस के हाथ नहीं लग




सका। तलाशी के दौरान छुपाकर रखे देसी शराब बरामद किया है। मामले में एनटीपीसी खैरा थानाध्यक्ष के परमजीत कुमार मंडल ने बताया कि गुप्त सुचना के आधार पर कार्रवाई की गयी जिसमें मौके से छुपाकर रखे 32 लीटर देशी महुआ चुलाई शराब बरामद किया गया। हालांकि इस क्रम में कारोबारी पुलिस के हाथ नही लगा। मामले में अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। वही छापेमारी अभियान में थानाध्यक्ष परमजीत कुमार मंडल, एस आई दिपक कुमार,ए एस आई ब्रजेश कुमार यादव समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# महिला संवाद: महिलाओं ने ग्रामीण जर्जर सड़के नाला सहित कई समस्याओं कि बात कही

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



महिला संवाद कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक बदलाव की दिशा में एक सार्थक पहल के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कर रही है. इस कार्यक्रम का उद्देश्य, महिलाओं की भागीदारी को सशक्त बनाना है. उनकी आवाज को मंच देना और समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में संवाद स्थापित करना है. महिलाओं के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना की जानकारी पहुँचाना है. महिला संवाद कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा व्यक्त आकांक्षा, सुझाव, समस्या को लिखित रूप में दर्ज किया जा रहा है. संवाद कार्यक्रम में महिलाएँ, बाल विवाह रोकथाम, दहेज मुक्त विवाह के लिए सामूहिक रूप से शपथ ले रही हैं. बच्चों की शिक्षा, उनके सर्वांगीण विकास को लेकर संकल्प ले रही हैं. महिला संवाद कार्यक्रम, महिलाओं को प्रेरित करने का सशक्त माध्यम बन रहा है. कार्यक्रम में महिलाएँ, स्वरोजगार के साधन विकसित कर अपने परिवार की आमदनी बढ़ाने को लेकर भी शपथ ले रही हैं. महिला संवाद कार्यक्रम के बीसवें दिन किशनगंज जिला के सभी सात प्रखंड में कार्यक्रम आयोजित किया गया. विभिन्न ग्राम संगठन में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाएँ उत्साह और जिज्ञासा के साथ अपनी भागीदारी दे रही हैं. बुधवार को टेढ़ागाछ प्रखंड के मटियारी, ठाकुरगंज के चुरली, बंदरझूला, कोचाधामन के हिम्मतनगर, बगलबाड़ी, नजरपुर, दिघलबैंक के सतकौआ, पोठिया प्रखंड के छत्तरगाछ, कुसयारी, रायपुर, गौरुखाल, सदर प्रखंड के हालामाला, मोतीहारा तालुका, बहादुरगंज प्रखंड के चंदवार, बनगामा पंचायत में महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया. महिला संवाद कार्यक्रम में महिलाएँ अपनी आकांक्षा और अनुभव साझा कर रही हैं. महिला संवाद कार्यक्रम में अपनी आकांक्षा व्यक्त करते हुए टेढ़ागाछ प्रखंड के मटियारी पंचायत की सावित्री देवी, ग्रामीण सड़कों की मरम्मती, चौड़ीकरण और सड़क के बगल में नाला निर्माण से संबंधित अपनी आकांक्षा व्यक्त की. उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के पात्र लाभार्थियों को राशि मिलने में हो रही देरी की बात भी रखी. वहीं, किशनगंज सदर प्रखंड के मोतीहारा तालुका पंचायत की मेहर निशा, पशु चिकात्सालय में पशुओं के ईलाज से संबंधित सुविधाएँ बढ़ाने से जुड़ी अपनी आकांक्षा व्यक्त की. उन्होंने महिला संवाद कार्यक्रम में ग्रामीण परिवारों के लिए पशुधन की उपयोगिता पर अपने विचार रखे. पशुपालकों को सरकार की ओर से अधिक से अधिक लाभ पहुँचाने की बात कही. महिला संवाद कार्यक्रम में सरकार की योजना से संबंधित प्रेरणादायी, मनोरंजक वीडियो फिल्म दिखा कर महिलाओं को जागरूक किया जा रहा. लीफलेट वितरित कर सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में चलाय जा रहे योजना की जानकारी दी जा रही है.

# मगध सम्राट ट्रस्ट द्वारा बच्चों और किशोरों के लिए निशुल्क समर कैंप किया जा रहा है आयोजन

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**



सरायकेला खरसावां (झारखंड)07 अप्रैल 2025:-सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत आदित्यपुर में जो भी बच्चों और किशोरों को सीखने, रोमांच और मौज-मस्ती का जोश है उनके लिए मगध सम्राट ट्रस्ट द्वारा अवसर 11 मई से 14 मई समय सुबह 8 बजे से चलने वाला यह शिविर सुमन टावरें चौथे मंजिल ,शेरे पंजाब आदित्यपुर में किया जाएगा और 4 साल से 20 साल के आयु वर्ग के प्रतिभागियों के लिए है।

इस वर्ष के कार्यक्रम में कई तरह की आकर्षक गतिविधियाँ शामिल हैं, जिनमें इनडोर रोमांच, कला और शिल्प, डांस कार्यशालाएँ, खेल, संगीत और बहुत कुछ शामिल हैं, जिनका नेतृत्व अनुभवी और भावुक प्रशिक्षकों द्वारा किया जाता है। कैंपर्स दोस्ती बनाएंगे, नए कौशल विकसित करेंगे और एक सुरक्षित और समावेशी वातावरण में स्थायी यादें बनाएंगे। अधिक जानकारी के लिए वॉट्सएप या कॉल 9431 330479 पर कर सकते । कैंप डायरेक्टरे वरुण सिंह ने कहा"हम अपने कैंपर्स का स्वागत करने और हमारे समर कैंप में नए चेहरों को पेश करने के लिए उत्साहित हैं,"। "हमारा लक्ष्य हर बच्चे में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और अन्वेषण के प्रति प्रेम को बढ़ावा देना है।" मौके पर विशाल सिंह ,जॉली सथपती मौजूद रहे । उनका कहना है कि स्थान सीमित हैं और जल्दी पंजीकरण को प्रोत्साहित किया जाएगा माता-पिता और अभिभावक अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए वॉट्सएप और कॉल करे 9334621159.

# फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने किया कुर्की जप्ती की कारवाई

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नवीनगर थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के रजबरिया खेदन विगहा गांव निवासी फरार अभियुक्त सत्येंद्र पासवान के घर कुर्की जप्ती की कारवाई किया है। कुर्की के दौरान थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में थाना के एस आई संजय कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल थे। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि फरार अभियुक्त नवीनगर थाना क्षेत्र के रजबरीया खेदन वीगहा गांव निवासी सत्येंद्र पासवान के घर पर कुर्की जप्ती की गई। कुर्की के दौरान घर का सारा सामान उठाकर थाना ले जाया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि कुर्की जब्ती से पूर्व आरोपी के घर पर इश्तेहार चिपकाया गया था। जिसमें थाना या न्यायालय में उपस्थित होने का समय दिया गया था। निर्धारित समयावधि में आरोपी थाना या न्यायालय में हाजिर नहीं हुए तो कोर्ट के आदेश पर कुर्की जप्ती की कार्रवाई की गई है।

# मुखिया और पंचायत सचिव सरकारी रूपया कर रहे हैं दुरुपयोग

**अपहर्ता नहीं रखने वाले लोगों को पंचायत सचिव ने किया जियो टैग**

**रूपया के आगे पंचायत सचिव और मुखिया करते हैं ताक धिनक धिन**

**अरविंद कुमार यादव**
**संवाददाता दैनिक समाज जागरण कटकमसांडी।**

कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों में लगातार सरकारी रिकॉर्ड में फर्जी सूचना देकर रूपया कि ललक में लाभुकों को पी एम आवास योजना,एव आबुआ आवास योजना लाभ पहुंचाया गया है। प्रखंड क्षेत्र के लगभग पंचायत में पंचायत के मुखिया और पंचायत सचिव के द्वारा जिओ टैग करने के लिए पौषक क्षेत्रों में जाते है जाने के बाद पैसे का लेन-देन तय होता है और किसी भी प्रकार का झोपड़पट्टी,या टुटा हुआ मकान, गोशाला, को घरेलू घर दिखया जा रहा है। और गलत तरीके से आवास योजना आवंटन किया गया है।बात वही तक खत्म नहीं हुआ है आबुआ आवास योजना में घोर गड़बड़ झाला किया गया है अपहर्ता नहीं रखने वाले परिवारों को भी आबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, अम्बेडकर आवास योजना का लाभ दिया गया है। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा पंचायत में जनगणना के अनुसार कोटी वार आवास आवंटन किया गया था लेकिन पंचायत सचिवों और मुखिया, मुखिया पतियों कि कोटी वार को भी ताख पर रखते हुए अपने हिसाब से अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, अम्बेडकर आवास योजना,लाभ पहुंचाया गया है। इस संदर्भ में वार्ड सदस्य दीपक यादव से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि पंचायत में प्रखंड विकास पदाधिकारी अगर जांच करते हैं तो पंचायत में खुल सकता है कई राज,इस संदर्भ में कंचनपुर पंचायत निवासी अरूण कुमार ने बताया कि पंचायत क्षेत्र में गरीब परिवारों के साथ अनदेखी करते हुए सम्पन्न परिवार को आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है। और जिस तरह से जीओ टैग किया जा रहा है उसे साफ है कि सरकार का महत्वाकांक्षी योजना का दुरुपयोग किया जा रहा है। संतोष मुंडा से अच्छे जाने पर उन्होंने बताया कि हरिजन परिवार एवं आदिवासी परिवारों के साथ भी अनदेखी किया गया है आज भी ऐसे लोग हैं जिनके पास खपड़ैल का मकान में रहने के लिए मजबूर हैं। इस संदर्भ में साजदा खातुन ने कहा कि मेरे पंचायत के मुखिया एवं पंचायत सचिव के द्वारा एक टुटा हुआ घर के समाने पंचायत सचिव फोटो खींच कर जीओ टैग किया है।

# डीडीसी ने समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक की

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**



उपायुक्त नैन्सी सहाय एवं विभागीय निदेर्शानुसार बुधवार को समाहरणालय सभागार में डीडीसी श्री इश्तियाक अहमद की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती शिप्रा सिन्हा भी मौजूद रही। बैठक में उप विकास आयुक्त ने पोषण ट्रैकर ऐप में लाभार्थियों का आधार सत्यापन, पोषण ट्रैकर ऐप में लाभार्थियों को फेस ऑथेंटिकेशन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में एमआईएस एवं सीएएस की प्रगति प्रतिवेदन, सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र का गूगल शीट एवं फॉर्मेट ए तथा बी, आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली एवं गैस कनेक्शन संबंधी प्रतिवेदन, जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र भवन की सूची, पोषण वाटिका का अद्यतन प्रतिवेदन, पीएम जनमन एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान संबंधी प्रतिवेदन एवं बंद विद्यालय की सूची से संबंधित मामलों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए.बैठक में डीडीसी ने कहा की पीएम जनमन के तहत जहां आंगनबाड़ी केंद्र चल रही है या जहां आंगनबाड़ी केंद्र नहीं है वहां जगह चयन करके नए आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण किया जाएगा। नए आंगनबाड़ी केंद्रों में सेविका, सहायिका का भी चयन किया जाएगा। उन्होंने मर्ज किए गए विद्यालयों में आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन एवं स्कूल कैंपस में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों से सबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। साथ ही उन्होंने पोषक क्षेत्र के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र चिन्हित करने का निर्देश दिया। बैठक में डीडीसी ने सभी सेविका एवं सहायिका को आयुष्मान कार्ड अविलंब बना लेने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी विभागीय कार्यो एवं प्रतिवेदनों का समय पर निष्पादन करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को पोषण ट्रैकर ऐप में लाभार्थियों का आधार सत्यापन करने एवं लाभार्थियों का फेस ऑथेंटिकेशन करने और लंबित मामलों को यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया।

# पहलगाम में आंतकी हमला में पर्यटकों की निर्मम हत्या पर मिला न्याय

**मोदी सरकार एवं भारतीय सेना को सहृदय धन्यवाद - शेफाली गुप्ता**

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**

मोदी सरकार एवं भारतीय सेना की बहादूरी ने आतंकियों के ऊपर सिंदूर ऑपरेशन चलाकर नौ टीकाने को नष्ट कर दिया है। ओम आरोहणम् संस्था की संस्थापिका सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने आतंकियों के ऊपर सिंदूर ऑपरेशन पर मोदी सरकार एवं भारतीय सेना का काफी तारीफ किया। उन्होंने पहलगाम के आतंकी हमले में पर्यटकों की निर्मम हत्या पर न्याय मिलने पर मोदी सरकार एवं सेना का कडा प्रहार पर हर्ष व्यक्त की। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने सिंदूर ऑपरेशन को लेकर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि आतंकियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों की हत्या से मानवीय करूणा पर आघात पहूँचा था। मोदी सरकार एवं सेना ने अपनी बहादूरी का परिचय देते हुए सिंदूर ऑपरेशन चलाकर पर्यटकों को न्याय दिलाने का कार्य किया है। उन्होंने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भारतीय सेना को सिंदूर ऑपरेशन के लिए बहुत- बहुत सहृदय आभार एवं धन्यवाद व्यक्त की।



# ऑपरेशन सिंदूर पर भाजपा विधायक प्रदीप प्रसाद ने भारतीय सेना की वीरता को सराहा.

**भारतीय सेना के साहसिक कदम और केंद्र सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति का मैं दिल से आभार व्यक्त करता हूं - प्रदीप प्रसाद**

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**



भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में घुस-कर आतंकी ठिकानों को नष्ट करने वाले ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा विधायक प्रदीप प्रसाद ने गहरी संतुष्टि और गर्व व्यक्त किया। इस कार्रवाई को लेकर उन्होंने भारतीय सेना की वीरता की सराहना करते हुए कहा कि यह न केवल भारतीय सेना का पराक्रम है, बल्कि यह केंद्र सरकार की कड़ी और निर्णायक कार्रवाई का परिणाम भी है, जो देश को आतंकवादियों और पाकिस्तान द्वारा की जाने वाली घुसपैठ से बचाने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। भा.ज.पा. विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा आज भारतीय सेना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है। पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के ठिकानों को नष्ट करना यह दिखाता है कि हमारी सेना किसी भी सूरत में हमारे देश की सुरक्षा से समझौता नहीं करेगी। मैं भारतीय सेना को धन्यवाद देता हूं और उनके साहस को सलाम करता हूं। उन्होंने केंद्र सरकार की कड़ी नीतियों और देश के प्रति उनके समर्पण की भी सराहना की। विधायक ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने आतंकवाद के खिलाफ जो निर्णायक कदम उठाया है, वह ऐतिहासिक है। यह कार्रवाई उन आतंकियों और पाकिस्तान के लिए चेतावनी है जो भारत की सीमा में घुसपैठ करने का दुस्साहस करते हैं। अब भारत किसी भी प्रकार की घुसपैठ या आतंकवाद से घबराने वाला नहीं है। प्रदीप प्रसाद ने आगे कहा कि इस समय पूरे देश में एकजुटता का माहौल है। उन्होंने देश के हर नागरिक, हर समुदाय और हर धर्म के लोगों की सराहना की, जिन्होंने इस कार्रवाई का समर्थन किया और आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर खड़े हुए। हिंदू हो, मुस्लिम हो, सिख हो या ईसाई, सभी भारतीयों ने एक आवाज में यह संदेश दिया है कि हम आतंकवाद और पाकिस्तान समर्थित साजिशों के खिलाफ खड़े हैं. उन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का भी जिक्र किया, जिसमें 26 पर्यटकों की जान चली गई थी। यह हमला केवल निर्दोष नागरिकों के जीवन के साथ नहीं बल्कि देश की शांति और सुरक्षा के लिए भी एक बड़ा खतरा था। इस हमले में एक नेपाली नागरिक की भी जान गई थी। आतंकियों ने बिना किसी कारण के निर्दोष लोगों को निशाना बनाया, जो पूरे देश के लिए एक गंभीर चुनौती बन गई। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की यह समय था जब भारत को इस हमले का कड़ा जवाब देना था और भारतीय सेना ने उसे पूरी तरह से निभाया। इस सैन्य कार्रवाई से यह साफ संदेश जाता है कि जब भी हमारी धरती पर आतंक का कोई भी हाथ उठेगा, भारतीयसेना उसे नष्ट करने में पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने यह भी कहा कि अब देश के प्रत्येक नागरिक को यह समझने की आवश्यकता है कि भारतीय सेना और सरकार की यह कार्रवाई किसी भी तरह की आतंकवादी गतिविधियों के लिए एक कड़ी चेतावनी है। यह कार्रवाई न केवल बदला है, बल्कि यह भविष्य में ऐसे आतंकवादी हमलों को रोकने के लिए एक मजबूत कदम है।

# कानीमुण्डवार में आयोजित पांच दिवसीय शिव पार्वती रुद्र महायज्ञ के तृतीय दिवस भव्य नगर भ्रमण कार्यक्रम से क्षेत्र हुआ यज्ञमय

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण।**



सदर प्रखण्ड अंतर्गत सखिया पंचायत स्थित ग्राम कानीमुण्डवार में आयोजित पांच दिवसीय शिव पार्वती रुद्र महायज्ञ के तृतीय दिवस बुधवार को भव्य नगर भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रस्तावित शिवमंदिर समीप स्थित यज्ञशाला से नगर भ्रमण कार्यक्रम की शुरूआत हुई। मंदिर प्रांगण, कानीमुण्डवार, बिरबिर, ओरिया, सखिया, लालपुर चौक होते हुए शिवमंदिर प्रांगण में नगर भ्रमण कार्यक्रम का समापन हुआ। जहां गाजे- बाजे एवं भगवा पताखा के संग श्रद्धालुओं ने नगर भ्रमण किया। हर हर महादेव, ओम नमः शिवाय, जय श्री राम सहित भगवत गगनभेदी जयकारा से भक्तिमय वातावरण हो गया। महिला- पुरूष एवं बच्चे भक्तिमय से सरोबार होकर खुब झुमे। नगर भ्रमण कार्यक्रम से क्षेत्र गूंजायमान एवं यज्ञमय हो गया। शिव पार्वती रुद्र महायज्ञ समिति के अध्यक्ष प्रेमचंद गोप, उपाध्यक्ष सह पंचायत समिति सदस्य रवि राम, सतेन्द्र यादव, सचिव तुलसी यादव, कोषाध्यक्ष पवन कुमार पप्पू, आचार्य दिवाकर पांडे, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष अरुण यादव, कौलेश्वर गोप, शंभु गोप, भोला गोप, दिनेश यादव, खेमपाल यादव, पंकज राम, अनील राम, मनोज राम, उमाशंकर यादव, कुलदीप यादव, सेवा गोप, नरेश यादव, सोहन गोप, राजेन्द्र कुमार मेहता, पप्पू कुमार, तुलसी यादव, रमेश यादव, सन्नी यादव, आशीष यादव, सुधीर यादव, अर्जुन महतो, धूलेश्वर यादव, सोनु कुमार, रौशन कुमार, राजा यादव, राहुल यादव, आकाश राम, अनूज यादव, धीरज यादव, राजेश मेहता, विक्की कुमार, मोहन यादव, अमन यादव, आनंद कुमार, अनील यादव, क्रांति यादव, मनोज यादव एवं उमेश लाल भगत सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष शामिल रहे।

# आपातकालीन सहायता के लिए आमजन डायल 112 का इस्तेमाल करें

**पुलिस, फायर, मेडिकल की आपातकालीन सहायता डायल 112 पर फोन करने से मिल रही है।**

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**

झारखंड राज्य में कहीं भी किसी भी प्रकार की आकस्मिकता की स्थिति में डायल 112 का इस्तेमाल करने की सलाह दी जा रही है। हजारीबाग जिले में भी डायल 112 में बस एक फोन कॉल करने पर इमरजेंसी मदद के लिए जैसे पुलिस, फायर, मेडिकल आदि की आपातकालीन सहायता प्रदान की जा रही है। जिले में जिन्हें भी पुलिस से किसी भी प्रकार की आपातकालीन सहायता की आवश्यकता होती है, उन्हें सहायता दी जा रही है।

# ऑपरेशन सिंदूर ऑपरेशन न केवल आतंक के विरुद्ध कार्रवाई है, बल्कि एक स्पष्ट संदेश है कि भारत अब हर हमले का उत्तर देगा- मुन्ना सिंह

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग**



भारत द्वारा हाल ही में सीमापार आतंकी ठिकानों पर की गई जवाबी कार्रवाई को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने सरकार के निर्णय को पूरी तरह उचित, मर्यादित और राष्ट्रहित में उठाया गया साहसी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि देश की संप्रभुता पर हमले का जो माकूल उत्तर दिया गया है, वह न केवल भारत की रणनीतिक परिपक्वता को दशार्ता है, बल्कि आतंकवाद के प्रति भारत की शून्य सहनशीलता की नीति को भी स्पष्ट करता है। मुन्ना ने अपने वक्तव्य में कहा, यह जवाब किसी आक्रोश या उकसावे की भावना से नहीं, बल्कि ठोस खुफिया इनपुट, सुरक्षा सिद्धांतों और देशहित को सर्वोपरि रखते हुए दिया गया है। हमारी सेनाओं ने आतंकियों के ठिकानों और उनके लॉजिस्टिक नेटवर्क को लक्षित कर एक संतुलित, निर्णायक और सीमित अभियान चलाया। कांग्रेस नेता ने विशेष रूप से ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए इसे भारत की सैन्य और खुफिया क्षमताओं का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा, यह ऑपरेशन न केवल आतंक के विरुद्ध कार्रवाई है, बल्कि एक स्पष्ट संदेश है कि भारत अब हर हमले का उत्तर देगा – दृढ़ता से और मयार्दा के साथ। भारतीय सेना के स-ाहस और अनुशासन की सराहना करते हुए मुन्ना सिंह ने कहा, हमारी सेनाएँ सिर्फ बंदूक नहीं चलातीं, वे भारत की अस्मिता, अखंडता और आत्मा की रक्षा करती हैं। मैं इन वीर सैनिकों को कोटिशः नमन करता हूँ, जिन्होंने फिर एक बार राष्ट्र को गौरव प्रदान किया है।उन्होंने आगे कहा कि भारत सदैव शांति का पक्षधर रहा है, किंतु शांति की कीमत पर कायरता कभी स्वीकार नहीं की जा सकती। आज का भारत नये आत्मविश्वास, रणनीतिक स्पष्टता और वैश्विक ज़िम्मेदारी के साथ आगे बढ़ रहा है। अंत में, कांग्रेस नेता ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भी अपील की कि वह आतंक के विरुद्ध भारत की इस निर्णायक और मर्यादित पहल को वैश्विक शांति और मानवता के हित में आवश्यक कदम के रूप में देखे और भारत के साथ खड़ा हो।

# चानो में मंडा पूजा मेले का विधायक रौशनलाल चौधरी ने किया उद्घाटन

**शिव भक्त अपनी कड़ी अग्नि परीक्षा देकर यह पर्व सम्पन्न कर क्षेत्र के लिए खुशहाली और समृद्धि की कामना करते हैं : विधायक रौशनलाल चौधरी**

**दैनिक समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**



बड़कागांव : बड़कागांव प्रखंड के गरसुल्ला पंचायत ग्राम चानो में आयोजित मंडा मेला में विधायक रौशनलाल चौधरी बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर मेले का उद्घाटन किया। श्रद्धालुओं के द्वारा पारंपरिक तरीके से यहां पर पूजा पाठ की गई और मेले का आयोजन किया गया। मेला आयोजन समिति को विधायक ने इस भव्य आयोजन के लिए दिल से धन्यवाद दिया और कहा मेले लेकर आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को एक दूसरे से मिलने जुलने का अवसर प्रदान होता है। साथी मंडा मेल हमारा झारखंडी संस्कृत की पहचान है ।इस मेले में भक्तगण दहकते अंगारों में खाली पैर चलकर और पीठ में की किल लगाकर 30- 40 फीट ऊपर लट में झूल कर अपनी भक्ति का परिचय देते हैं। मौके पर अध्यक्ष प्रभु महतो, सचिव मोतीलाल गंझू,कोषाध्यक्ष शिवनाथ महतो, कैलाश महतो ,सुनील उरांव, राजेंद्र महतो ,कमलेश महतो, उमाशंकर महतो, विमल महतो ,नारायण महतो, द्वारिका महतो, संजीव कुमार, उमेश कुमार सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

# बादम में श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ की पूणार्हुति व भक्ति जागरण के साथ यज्ञ संपन्न

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बादम गांव स्थित माँ पंचवाहिनी मंदिर प्रांगण मे हो रहे श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ मे पूणार्हुति एवं रात में जीवंत झांकी भक्ति जागरण के साथ यज्ञ सम्पन्न हो गया। उपस्थित ब्राह्मणों एवं आचार्य के मंत्र उच्चारण पूणार्हुति के साथ संपन्न हुआ। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु लोग शामिल हुए। वहीं



रात में जीवंत झांकी के साथ भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें रात भर लोग भजन का आनंद उठाया। 9 दिनों तक चली महायज्ञ में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी सौहार्द दिखलाई सहयोग मिला एवं पूरे गांव में मांस मदिरा पूर्ण रूप से बंद रहा ।मौके पर महायज्ञ समिति समस्त बादम ग्रामवासी एवं दांगी ड्रामेटिक क्लब बादम अध्यक्ष अभय कुमार, सचिव संतोष कुमार कुशवाहा, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार, उपाध्यक्ष रवि कुमार दांगी, संतोष मेहता ,उपसचिव जयप्रकाश राम, नरेश साहू , दिनेश रजक, जुगेश्वर महतो , विक्रम गुप्ता, कैलाश कुमार ,कालीचरण कुमार, ग्राम अध्यक्ष भुदेव महतो, कोषाध्यक्ष बैजनाथ महतो ,युवा अध्यक्ष भावेश कुमार, संरक्षण सहेश्वर महतो ,संजय कुमार ,राजेन्द्र महतो ,महेन्द्र पाण्डेय , शत्रुघ्न महतो विनोद प्रजापति ,प्रदीप साव, सीताराम साव, विरेन्द्र साव, उमाशंकर साव के अलावा अन्य दर्जनों लोगों का योगदान सराहनीय रहा।

# झोलाछाप डॉक्टरों की अब खैर नहीं , विभाग द्वारा होगी सघन छापेमारी

**बड़कागांव में 500 झोलाछाप डॉक्टर हैं कई लोगों की इलाज के दौरान जाती है जान**

**दैनिक समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**



बड़कागांव : बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत के ग्रामीणों के द्वारा प्रधानमंत्री के पोर्टल पर झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ ऑन लाइन शिकायत को लेकर बड़कागांव चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अविनाश कुमार के द्वारा कड़े कदम उठाने जाने की बात कही गई है ।डॉ अविनाश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पत्रकारों को जानकारी दी कि अब किसी भी प्र-कार का किसी भी गांव में झोलाछाप की डॉक्टरी अब नहीं चलेगी, झोलाछाप डॉक्टर को ना ही टाइफा-इड ,बुखार, सर्दी, खांसी की दवा के बारे में जानकारी होती है और ना ही अन्य बीमारियों के बारे में ।लोग अनाप-शनाप दवा देकर लोगों को और बीमार कर रहे हैं। यह कार्रवाई झारखंड राज्य स्वास्थ्य विभाग के निर्देशन में किया जाएगा। बड़कागांव प्रखंड में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अलावा 3 पीएससी है केंद्र है जिसमें बादम, हरली, डोकाटांड़ चमगढ़ा है, वहीं 13 उप स्वास्थ्य केंद्र है जिसमें मिजार्पुर, बिश्रामपुर, हरली, गोंदलपुरा, प्लांडू ,अंगों, अम्बाजीत ,गोसाई बलिया, सीकरी नापोखुर्द, जरजरा , आर एंड आर कॉलोनी सिंदवारी में इलाज किया जा रहा है ।डॉ अविनाश कुमार ने ग्रामीणों से अनुरोध किया है कि जहां भी झोलाछाप डॉक्टर है उसकी गुप्त सूचना मुझे दे। गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई होगी ।झोलाछाप के गलत इलाज के कारण कई मरीजों को जान भी गंवानी पड़ती है।

**झोलाछाप डॉक्टर क्या हैं**

चाय की गुमटी जैसी दुकानों में झोलाछाप डाक्टर मरीजों का इलाज कर रहे हैं ।मरीज चाहे उल्टी , दस्त , खांसी , बुखार आदी से पीड़ित हो या फिर अन्य कोई बीमारी से सभी बीमारियों का इलाज यह झोलाछाप डॉक्टर करने को तैयार हो जाते हैं ।मरीज की हालत बिगड़ती है तो उसे आनन-फानन में प्रखंड या जिला रेफर कर देते हैं।


**दवाइयों का भंडारण भी करते हैं**

झोलाछाप डॉक्टर बिना लाइसेंस के दवाइयों का भंडारण भी करते हैं ।झोलाछाप चिकित्सा द्वारा बिना पंजीयन के एलोपैथी चिकित्सा व्यवसाय ही नहीं किया जा रहा है बल्कि बिना ड्रग लाइसेंस के दवा का भंडारण व विक्रय भी अवैध रूप से किया जा रहा है ।दुकानों के भीतर कार्टून में दवाइयों का अवैध तरीके से भंडारण रहता है ।कई सालों से अवैध रूप से चिकित्सा व्यवसाय कर रहे हैं ।इन झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई ।इन दिनों मौसमी बीमारियों का झोलाछाप डॉक्टरों की दुकानों मरीज से भरी पड़ी है ।गर्मी व तपन बढ़ाने के कारण इन दिनों उल्टी , दस्त, बु-खार जैसी बीमारियां ज्यादा पनप रही है ।झोलाछाप इन मरीजों का इलाज ग्लूकोज की बोतले लगाने से शुरू करते हैं एक बोतल चढ़ाने के लिए उनकी फीस 200 से ड्ड500 तक होती है ।बड़कागांव में लगभग 500 झोलाछाप डॉक्टर हैं ।झोलाछाप डॉक्टरों की वजह से अब तक कई लोगों की इलाज के दौरान असमय जान चली गई है ।विशेष कर ग्रामीण क्षेत्र में एक बार भी प्रशासन की का-र्रवाई देखने को नहीं मिली है ।झोलाछाप डॉक्टर मरीज की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं ।यहां तक की महिला मरीजों को इंजेक्शन झोलाछाप डॉक्टर लगाते हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर पर विधायक रोशनलाल चौधरी ने भारतीय सेना की वीरता को सराहा

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांव : भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानों को नष्ट करने वाले ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर विधायक रोशनलाल चौधरी ने गर्व व्यक्त किया।उन्होंने भारतीय सेना की वीरता की सराहना करते हुए कहा कि यह न केवल भारतीय सेना का पराक्रम है, बल्कि यह केंद्र सरकार की कड़ी निर्णायक कार्रवाई का परिणाम है,भारतीय सेना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह हर चुनौतीओं का सामना करने के लिए तैयार है। पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के ठिकानों को नष्ट करना यह दिखाता है कि हमारी सेना किसी भी सूरत में हमारे देश की सुरक्षा से समझौता नहीं करेगी। मैं भारतीय सेना को धन्यवाद देता हूं। उनके साहस को सलाम करता हूं। उन्होंने केंद्र सरकार की कड़ी नीतियों और देश के प्रति उनके समर्पण की भी सराहना की।आगे कहा कि इस समय पूरे देश में एकजुटता का माहौल है। देश के हर नागरिक, हर समुदाय और हर धर्म के लोगों की सराहना की,यह कार्रवाई न केवल बदला है, बल्कि यह भविष्य में ऐसे आतंकवादी हमलों को रोकने के लिए एक मजबूत कदम है।



# सांसद मनीष जायसवाल पहुंचे विष्णुगढ़, क्षेत्र के तीन यज्ञ में हुए शामिल

**मछली पालक किसानों के समस्या जानने पहुंचे कोनार डैम**

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**

हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल बुधवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बिशनगढ़ प्रखंड क्षेत्र के दौरे पर रहें। इस दौरान उन्होंने विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र के तीन महायज्ञ में शामिल होकर भक्ति में डूबे श्रद्धालुओं का भक्तिमय आयोजन के लिए बधाई दिया एवं इस क्षेत्र के मछली पलकों की समस्या को जानने कोनार डैम के तलहटी पर पहुंचे । सांसद मनीष जायसवाल ने अपने दौरे की शुरूआत ग्राम पंचायत गोविंदपुर में आयोजित 09 दिवसीय श्री श्री 108 श्री रुद्र महायज्ञ एवं शिव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के समापन से किया। यहां इस अवसर पर आयोजित विशाल भंडारे में वे शामिल हुए और यज्ञ मंडप पर माथा टेककर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया ।यहां लोगों को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने यज्ञ की महत्ता और जीवन में इसके उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए उन्हें जागरूक करने का सकारात्मक प्रयास करते हुए कहा कि यज्ञ का आयोजन जिस क्षेत्र में होता है उसके आसपास का क्षेत्र शुद्ध और पवित्र हो जाता है। महायज्ञ का असली प्रसाद प्रवचन के मधुर वचन होते हैं जिसे जीवन में आत्मसात कर कोई भी अपने जीवन को तार सकता है । यहां से ग्राम गोविंदपुर खुर्द में आयोजित नौ दिवसीय श्री श्री 1008 श्री राधाकृष्ण प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमद् भागवत महायज्ञ के आठवें दिन सांसद मनीष जायसवाल शामिल ।होने पहुंचे और यज्ञ मंडप में माथा टेककर क्षेत्र वासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। देर शाम विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र के ग्राम अचलजामु में आयोजित महायज्ञ में शामिल हुए और अपनी ईश्वरीय आस्था के भक्ति को व्यक्त किया । सांसद मनीष जायसवाल ने अपने विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र के दौरे के क्रम में इस क्षेत्र के कोनार डैम के विस्थापित गांवों के ग्रामीणों के आग्रह पर उनकी समस्या जानने कोनार डैम के गोविंदपुर खुर्द स्थित केज कल्चर साइट के समक्ष पहुंचे और धरातल पर पहुंचकर उनकी समस्या से अवगत हुए। इस क्षेत्र के गोविंदपुर खुर्द के पूरब लक्ष्मीपुर पिपरा कोचा से मोलनकट्टा तक ऊंचा सिरहा जोड़कर चेकडैम निर्माण की मांग स्थानीय कृषक वर्ग के लोगों ने किया। सांसद मनीष जायसवाल ने धरातल पर ऊनी समस्या देखकर कहा कि किसानों की मांग बिल्कुल जायज है और इस दिशा में सकारात्मक पहल का प्रयास जरूर करेंगे । ज्ञात हो कि कोनार डैम में करीब 200 से अधिक फिश केज कल्चर साइट है जिसमें हजारीबाग जिले में करीब 4-5 साइट हैं। जहां से मछली पालन कर हजारों लोग अपना जीविकोपार्जन चलाते हैं लेकिन गर्मी में डैम का पानी कम होने के बाद केज कल्चर साइट में मछली पालन में समस्या होती है ऐसे में डैम का पार्टिसिपेशन करने या डैम का विस्तारीकरण करने से इन किसानों को केज कल्चर में सुविधा होगी । मौके पर विशेषरूप से विष्णुगढ़ पश्चिमी के भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार वर्णवाल, भाजपा मंडल मंत्री गौतम भर्ती, राजेश सोनी, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, सुनील अकेला, राजू श्रीवास्तव, शंकर सिंह, वकील सिंह, मुकेश महतो, राजेश कुमार, लक्ष्मण महतो, वकील सिंह, लखन महतो, विनोद साव, सोमर महतो, अंतू पंडित, तुलसी महतो सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

# ऑपरेशन सिंदूरः जब भारत ने दुश्मन को उसकी जमीन पर ध्वस्त किया, वीरांगनाओं के नाम हुआ इतिहास का सबसे सटीक सैन्य प्रहार

**हाजी डॉ. शकील सैफी ने की पीएम मोदी और भारतीय सेना की तारीफ– "अब यह नया भारत है, जो वार नहीं सहता, सटीक जवाब देता है"**



**दैनिक समाज जागरण नई दिल्ली**
भारत ने दिखा दिया कि संयम कमजोरी नहीं, तैयारी का दूसरा नाम है। और जब वार करने का समय आया, तो जवाब ऐसा दिया कि दुश्मन की जड़ें हिल गईं। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य अभियान नहीं था – यह राष्ट्र की उस आत्मा की गर्जना थी, जो अब आतंक के खिलाफ चुप नहीं बैठती। पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर (PoJK) में छिपे 9 बड़े आतंकी ठिकानों को भारतीय सेना ने 24 सटीक मिसाइल हमलों में तबाह कर दिया। लेकिन इससे भी बड़ी बात यह थी कि इस कार्रवाई की रणनीति, सटीकता और प्रतीकों ने भारत की नई सैन्य नीति का ऐलान कर दिया – एक ऐसी नीति जो तकनीक से तेज, और इरादों में लौह जैसी मजबूत है। मोदी जी ने जो कहा था, वो कर दिखाया – हाजी शकील सैफी का प्रखर समर्थन वर्ल्ड पीस हार्मनी संस्था के चेयरमैन हाजी डॉ. शकील सैफी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेना को इस निर्णायक कार्रवाई पर सलाम किया। उन्होंने कहाः "अब भारत पुराने तरीके से जवाब नहीं देता। अब हर जवाब इतिहास बनाता है। ऑपरेशन सिंदूर ने पूरी दुनिया को दिखा दिया कि भारत सिर्फ सुनता नहीं, अब बोलता भी है – और वो भी मिसाइलों की जुबान में।" हाजी सैफी ने यह भी कहा कि शांति की कामना करने वाला भारत, अब अपनी आत्मरक्षा में कोई संकोच नहीं करता। सिंदूर – एक ऐसा नाम, जो दर्द से निकला, पर गर्व में बदल गया ऑपरेशन का नाम 'सिंदूर' रखा जाना, अपने आप में एक गहरी भावनात्मक और सांस्कृतिक प्रतीकात्मकता है। यह उन वीरांगनाओं के सम्मान में रखा गया, जिनका सिंदूर हालिया आतंकी हमलों में छिन गया। यह सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि संदेश है – कि अब हर बलिदान का हिसाब होगा। महिला सैन्य अधिकारियों ने दी ब्रीफिंगः अब शक्ति का चेहरा भी बदला है इस ऑपरेशन की जानकारी जब विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया कुरैशी ने सार्वजनिक की, तो भारत ने सिर्फ दुश्मन को जवाब नहीं दिया, बल्कि पूरे विश्व को यह भी दिखा दिया कि अब भारत की रणभूमि पर भी महिला शक्ति पूरी मजबूती से डटी है। हाजी सैफी ने इसे ऐतिहासिक करार देते हुए कहाः "आज भारत ने यह साबित कर दिया कि हमारी नारियां सिर्फ घर नहीं, अब सरहद भी संभालती हैं। यही है नया भारत – संतुलित, समावेशी और शक्तिशाली।" हाईटेक हमले, लो-डैमेज नीतिः तकनीक और विवेक का आदर्श संगम सैन्य सूत्रों के अनुसार, सभी 24 मिसाइलें मिलिट्री-ग्रेड GPS गाइडेंस सिस्टम से लैस थीं, जिन्होंने सिर्फ आतंकी ठिकानों को टारगेट किया। पाकिस्तान की सेना के किसी ढांचे को नुकसान नहीं पहुंचाया गया, जिससे भारत की जवाबदेही और अंतरराष्ट्रीय स्तर की परिपक्वता भी प्रदर्शित हुई। इस सटीकता ने भारत को एक हाईटेक हार्ड पावर के रूप में दुनिया के सामने स्थापित कर दिया। अब भारत आतंकवाद पर सिर्फ निंदा नहीं करता – अब वह निर्णायक कदम उठाता है डॉ. सैफी का कहना है कि भारत की विदेश नीति और सैन्य रणनीति अब सिंक्रनाइज हो चुकी है – जहां शांति और शक्ति दोनों साथ चलते हैं। "भारत ने संयम के साथ जवाब दिया, सटीकता के साथ मारा, और परिपक्वता के साथ संदेश दिया। यही है राष्ट्र की असली ताकत।" राष्ट्रीयता की नई लहरः देश एक सुर में कह रहा – जय हिन्द! ऑपरेशन सिंदूर के बाद सोशल मीडिया पर'#NayaBharat', '#SindoorStrike' और'#Ve era ngan aKoSalaam'ट्रेंड कर रहे हैं। यह सिर्फ ऑपरेशन नहीं, जनभावना की क्रांति है। लोग कह रहे हैंः "ये बदला हुआ भारत है – अब जो करेगा, वही भरेगा।" ऑपरेशन सिंदूर भारत की नई सैन्य, नैतिक और राष्ट्रीय नीति का वह ऐतिहासिक पल है, जिसे आने वाली पीढ़ियाँ गर्व से पढ़ेंगी। यह सिर्फ मिसाइलों का हमला नहीं था, यह एक विचारधारा की जीत थी – कि भारत अब सिर्फ सहने वाला राष्ट्र नहीं, बल्कि निर्णायक कार्रवाई करने वाला विश्व नेता है।

# वीमेंस कॉलेज, मधेपुरा में 10 मई को राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

**विषयः उच्च शिक्षा में छात्राओं के शैक्षणिक तनाव एवं मनोवैज्ञानिक प्रबंधन**



**दैनिक समाज जागरण मधेपुरा ।**
वीमेंस कॉलेज, कौशल्या ग्राम, मधेपुरा में दिनांक 10 मई 2025 (शनिवार) को एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। इस सेमिनार का विषय हैः
ह्नउच्च शिक्षा में छात्राओं के शैक्षणिक तनाव एवं मनोवैज्ञानिक प्रबंधन, जो आज के शैक्षणिक परिप्रेक्ष्य में अत्यंत प्रासंगिक और समयोचित है। सेमिनार संयोजक डॉ. ललन कुमार (सहायक प्राचार्य, मनोविज्ञान विभाग) सेमिनार आयोजन से जुड़ी समितियों के संयुक्त सदस्यगण सेमिनार की सफलता सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न कार्यों के लिए निम्नलिखित सदस्यगण को सम्मिलित करते हुए अलग-अलग समितियों का गठन किया गयाः व्यवस्था समिति संजीव कुमार पासवान जयश्री कुमारी डॉ. माधव कुमार डॉ. नीलू कुमारी अंकिता कुमारी स्वागत समिति डॉ. उपासना डॉ. रवीना काजल कुमारी डॉ. प्रभात रंजन डॉ. लक्ष्मण कुमार विचार संकलन समिति डॉ. अमरेश कुमार डॉ. मुकेश कुमार डॉ. प्रिया कुमारी चाय एवं अल्पाहार समिति डॉ. कौशल कुमार अनिल कुमार राजदीप कुमार प्रिंस कुमार समता कुमारी बादल कुमारीरितु झा प्रधानाचार्य का संबोधन सेमिनार की पूर्व तैयारी बैठक के अंत में प्रिंसिपल डा.जूली ने सभी समितियों के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहाः "इस आयोजन की सफलता आप सभी की सामूहिक जवाबदेही है। प्रत्येक सदस्य पूरे समर्पण, सहयोग और सक्रियता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, जिससे यह सेमिनार प्रेरणास्त्रोत बन सके।" यह आयोजन न केवल अकादमिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य को समझने और सुधारने की दिशा में भी एक निर्णायक पहल है।

# यू आर कॉलेज, रोसड़ा में 17-18 मई को दो दिवसीय समाज विज्ञान सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर

**संयोजक डॉ. घनश्याम राय ने साझा की तैयारियों की स्थिति, पूर्ण शोध-पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 10 मई 2025 तय**

**दैनिक समाज जागरण रोसड़ा (समस्तीपुर)।**
यू आर कॉलेज, रोसड़ा आगामी 17 और 18 मई को एक महत्वपूर्ण अकादमिक आयोजन का केंद्र बनने जा रहा है, जहां चतुर्थ बिहार समाज विज्ञान कांग्रेस (BSSC-2025) का आयोजन किया जाएगा। बिहार समाज विज्ञान अकादमी (बासा) के तत्वावधान में होने वाले इस दो दिवसीय सम्मेलन की तैयारियाँ जोरों पर हैं। सम्मेलन के संयोजक और बासा के महासचिव डॉ. घनश्याम राय, जो यू आर कॉलेज के प्रभारी प्रधानाचार्य भी हैं, ने बताया कि अब तक 170 प्रतिभागियों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है और करीब 100 सार-संक्षेप (एब्सट्रैक्ट) प्राप्त हुए हैं। उन्होंने आयोजन की जिम्मेदारियों को लेकर कुछ स्थानों पर असावधानी और लापरवाही पर असंतोष जाहिर किया और सभी समितियों से तात्कालिक सक्रियता की अपील की। डॉ. राय ने कहा कि जिन लोगों ने सार-संक्षेप निर्धारित समय सीमा यानी 5 मई 2025 तक नहीं भेजे हैं, उनके लेख स्मारिका (Souvenir) में प्रकाशित नहीं होंगे। हालांकि वे सम्मेलन में अपना शोधपत्र प्रस्तुत कर सकते हैं, बशर्ते कि 17 मई की सुबह 11 बजे तक वे विलंब शुल्क के साथ पंजीकरण करवा लें। पूर्ण शोध-पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 10 मई 2025 तय की गई है। आयोजन समिति की ओर से स्पष्ट किया गया है कि सभी आलेख शोधपरक, तथ्य आधारित और फुटनोट सहित होने चाहिए।

**पंजीकरण शुल्क इस प्रकार है:**

फैकल्टी के लिए ₹1700, शोधार्थियों के लिए ₹700, और छात्र/छात्राओं के लिए ₹300 निर्धारित किया गया है। विशेष छूट के तहत यूआर कॉलेज और डीबीकेएन कॉलेज के वर्तमान एवं पूर्ववर्ती छात्र/छात्राओं को मात्र ₹200 में पंजीकरण की सुविधा दी गई है। सम्मेलन के बाद चयनित उत्कृष्ट आलेखों को आईएसबीएन संख्या के साथ द्विभाषी पुस्तक (हिन्दी एवं अंग्रेजी) के रूप में प्रकाशित किया जाएगा। यह पुस्तक दो खंडों में जारी होगी। सम्मेलन से संबंधित जानकारी एवं पंजीकरण के लिए प्रतिभागी लिंक जारी कॉन्फ्रेंस वेबसाइटः https://sites.google.com/view/4th-bssc-conference/home ऑनलाइन पंजीकरण लिंकः https://forms.gle/oXzh5Dq92UDstejf9 डॉ. घनश्याम राय ने अंत में कहा, "यह सम्मेलन सिर्फ एक शैक्षणिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज विज्ञान के क्षेत्र में विचारों के आदान-प्रदान का जीवंत मंच है। हम सभी की सहभागिता इसे सार्थक बनाएगी।"

# वाईएनपी डिग्री कॉलेज, रानीगंज परीक्षा केंद्र पर पूर्णिया विश्वविद्यालय के उड़नदस्ता दल का औचक निरीक्षण

**शांतिपूर्ण वातावरण में 700 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, परीक्षा केंद्र पर चाक-चौबंद व्यवस्था**



**दैनिक समाज जागरण रानीगंज (अररिया)।**

पूर्णिया विश्वविद्यालय, पूर्णिया द्वारा आयोजित स्नातक तृतीय खंड (2022-25) की परीक्षा के अंतर्गत वाईएनपी डिग्री कॉलेज, रानीगंज परीक्षा केंद्र पर मंगलवार को विश्वविद्यालय की ओर से गठित परीक्षा उड़नदस्ता दल ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण दल में शामिल प्रो. आर. डी. पासवान (कोऑर्डिनेटर, राष्ट्रीय सेवा योजना), प्रो. एस. के. राकेश (परिसंपदा पदाधिकारी), तथा प्रो. विनोदानंद ठाकुर (विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र, स्नातकोत्तर विभाग) ने केंद्र के विभिन्न परीक्षा कक्षों का सघन निरीक्षण किया और परीक्षा संचालन से जुड़े अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। केंद्राधीक्षक सह कॉलेज प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार आलोक ने बताया कि केंद्र पर परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। सहायक केंद्राधीक्षक डॉ. नूतन आलोक के नेतृत्व में प्रो. सूयानंद सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. सुभाष चंद्र सिंह, प्रो. सुरेश प्रसाद यादव सहित अन्य महाविद्यालय कर्मियों की निगरानी में परीक्षार्थियों को कड़ी जाँच-पड़ताल के बाद ही प्रवेश दिया गया। परीक्षार्थियों से मोबाइल फोन, किताबें, चिट-पुर्जे, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और अन्य प्रतिबंधित वस्तुएं मुख्य प्रवेश द्वार पर ही बाहर रखवा दी जाती हैं, जिससे परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न हो सके। डॉ. आलोक ने बताया कि एम. एल. डी. पी. के. यादव कॉलेज, अररिया तथा ए. एल. एम. डिग्री कॉलेज, अररिया के परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र यहीं निर्धारित किया गया है। आज की परीक्षा में कुल 700 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। प्रथम पाली में ग्रुप 'सी' के विषयों – मनोविज्ञान, दर्शनशास्त्र, संगीत, हिंदी, इंग्लिश, गृह विज्ञान एवं समाजशास्त्र की परीक्षा आयोजित की गई। द्वितीय पाली में ग्रुप 'डी' के विषयों – इतिहास, उर्दू, पर्शियन, संस्कृत, मैथिली, बंगाली, अरबी एवं गांधी विचारधारा की परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा संचालन में सक्रिय योगदान देने वालों में प्रो. इंदु कुमारी, प्रो. प्रमोद कुमार यादव, प्रो. योगेंद्र प्रसाद यादव, प्रो. बुद्धिनाथ सिंह, प्रो. भूषण कुमार यादव, प्रो. फहद अमीन, प्रो. पिंकी प्रेमा, तथा रितेश राज, पुतुल कुमारी, अजीत कुमार, दीपेश राज, दिवाकर कुमार, पृथ्वी चंद यादव, नितिन कुमार और राजा सिंह प्रमुख रूप से शामिल रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त माहौल में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

## एयर स्ट्राइक पर बोले प्रसेनजीत कृष्णः अब भारत बदल चुका है, सैनिक घर में घुसकर मारते हैं

**दैनिक समाज जागरण पटना।**
पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारत की एयर स्ट्राइक को लेकर बिहार



विकास युवा मोर्चा के अध्यक्ष एवं आरटीआई कार्यकर्ता प्रसेनजीत कृष्ण ने कहा कि अब भारत आतंकवाद के खिलाफ चुप नहीं बैठेगा। उन्होंने कहा कि यह 21वीं सदी का भारत है, जो अपने सैनिकों के पराक्रम पर गर्व करता है। हम सभी देशवासी सेना के साथ एकजुट हैं और उनके साहस को सलाम करते हैं।

# बीएनएमयू मधेपुरा के अंग्रेजी विभाग में टैगोर जयंती पर विचार, काव्य और चेतना का समागम

**राष्ट्रकवि को समर्पित आयोजन में विद्यार्थियों ने रचनाओं को स्वर और शब्दों से किया जीवंत**



**दैनिक समाज जागरण मधेपुरा।**
बी एन मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के अंग्रेजी विभाग में मंगलवार को रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती अत्यंत गरिमामय और बौद्धिक वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित इवेंट कैलेंडर के अनुरूप किया गया, जिसकी अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. बी.एन. विवेका ने की। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान "जन गण मन" से हुई, जिसके बाद प्रतिभागियों और शिक्षकों ने गुरुदेव टैगोर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर आईक्यूएसी निदेशक सह केमिस्ट्री विभागाध्यक्ष प्रो. नरेश कुमार और मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. राजीव कुमार मल्लिक बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। दोनों विद्वानों ने टैगोर की साहित्यिक ऊंचाइयों, दार्शनिक दृष्टिकोण और वैश्विक मानवतावाद पर गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया। टैगोर का साहित्यः आत्मा, प्रकृति और राष्ट्र का सेतु डॉ. बी.एन. विवेका ने कहा, "जब विश्व वैज्ञानिक प्रगति के शिखर पर खड़ा होकर आत्मविनाश की ओर झांक रहा है, तब टैगोर का मानवतावाद हमें नई दृष्टि और दिशा देता है।" उन्होंने स्पष्ट किया कि गांधी और टैगोर के विचारों में अंतर था–घरे बाहरे उपन्यास में गुरुदेव ने स्वदेशी आंदोलन की विवेचना गांधी की तरह नहीं की, बल्कि उसमें स्वतंत्र सोच का समावेश किया। उन्होंने गीतांजलि की रहस्यवादी (Mystic) व्याख्या करते हुए कहा कि टैगोर की रचनाएं भारतीय संत परंपरा से प्रेरित थीं। उनका हर काव्य, हर उपमा जीवन और प्रकृति के परमात्मा से गहरे जुड़ाव को प्रकट करती है। तीन सौ वॉल्यूम में फैली उनकी रचनाएं विश्व साहित्य के शिखर पर खड़ी हैं, डॉ. विवेका ने कहा। छात्रों ने साझा की टैगोर की छवियाँ–कवि, दार्शनिक, राष्ट्रवक्ता कार्यक्रम में राहुल, सौरभ, स्वेता, शालु निशा, गुनीत, पूनम, रौशन, शिवम्, वर्षा, अंशु, हसीन उल्ला, मोना और अमित सहित अनेक छात्र-छात्राओं ने टैगोर के जीवन, विचार और साहित्य पर प्रभावशाली भाषण दिए। उनके भाषणों में गीतांजलि की आत्मिकता, घरे बाहरे की विचारधारा, और नाटक-नवगीतों की सांस्कृतिक चेतना गूंजती रही। समापन फिर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन भी उसी धुन से हुआ जिससे आरंभ हुआ था–जन गण मन के सम्मानपूर्ण सामूहिक गायन के साथ, जिसने इस आयोजन को राष्ट्रभक्ति, साहित्य और संस्कृति की त्रिवेणी बना दिया।

# गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा, उनके विचार आज भी प्रासंगिकः प्रो. कैलाश यादव

**ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों व शिक्षकों ने टैगोर की शिक्षावादी, मानवतावादी और साहित्यिक दृष्टि को किया स्मरण**



**दैनिक समाज जागरण**
मधेपुरा। ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में बुधवार को नोबेल पुरस्कार विजेता, महान दार्शनिक, कवि एवं शिक्षाशास्त्री गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. कैलाश प्रसाद यादव ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में गुरुदेव को बहुआयामी प्रतिभा के धनी बताते हुए कहा कि रवीन्द्रनाथ टैगोर ने विश्व साहित्य, शिक्षा एवं दर्शन में अमूल्य योगदान दिया। मुख्य अतिथि डॉ. रत्नदीप (अध्यक्ष, शिक्षक संघ) ने टैगोर द्वारा स्थापित शांतिनिकेतन और विश्व भारती विश्वविद्यालय की शैक्षिक दूरदृष्टि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका शिक्षादर्शन आज भी उतना ही प्रासंगिक है। विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने गुरुदेव के अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण और मानवतावादी विचारों की सराहना करते हुए कहा कि टैगोर की रचनाएँ सिर्फ साहित्य नहीं, एक व्यापक वैश्विक दृष्टिकोण का दर्पण हैं। गणित विभागाध्यक्ष ले. गुड्डु कुमार ने विद्यार्थियों से महाविद्यालय की शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की अपील की। कार्यक्रम का संचालन बीएड विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर ले. गुड्डु कुमार ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन दर्शनशास्त्र विभाग के डॉ. मनोज कुमार ठाकुर ने किया। इस अवसर पर डॉ. कुंदन कुमार सिंह, डॉ. आशुतोष झा, शोधार्थी सौरभ कुमार चौहान, शशिकांत कुमार सहित छात्र-छात्राएँ प्रीति, काजल, मुस्कान, स्वाति, निकिता, जूही, पायल, कोमल, प्रिया, नूतन, अंशु, पूजा, साक्षी, कविता, सीमा, आयुष, प्रशांत, शिवम, राजू, रवि, नीलम, सृष्टि, पूजा प्रिया, मोहन आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी ने गुरुदेव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके विचारों को जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा ली।

# भारत-पाक तनाव के बीच पूर्णिया में सिविल डिफेंस प्रशिक्षणः डॉ. अजीत प्रसाद सिंह ने दिया नेतृत्व

**आपात स्थिति में नागरिक सुरक्षा के लिए सहयोग प्रांगण में आयोजित शिविर में 80 से अधिक लोगों ने लिया हिस्सा CPR, प्राथमिक चिकित्सा और सुरक्षा उपायों की दी गई जानकारी**

**दैनिक समाज जागरण पूर्णिया।**
भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव के मद्देनजर पूर्णिया स्थित सहयोग प्रांगण, आकाशवाणी रोड में एक सिविल डिफेंस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सहयोग अध्यक्ष डॉ. अजीत प्रसाद सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में 80 से अधिक प्रतिभागियों, जिनमें एपीएलएल के छात्र, स्थानीय नागरिक और सहयोग सदस्य शामिल थे, ने भाग लिया। शिविर में आपात स्थिति में नागरिकों की भूमिका, सेल्फ डिफेंस, प्राथमिक चिकित्सा, उढफ, आग व गोला-बारूद से बचाव, युद्ध सायरन की स्थिति



में कर्तव्य, और रक्तदान के महत्व पर विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. अजीत ने कहा, "वर्तमान समय युद्ध की आशंका से घिरा है। ऐसे में आम नागरिकों को प्रशिक्षित करना हमारी ज़िम्मेदारी है।" उन्होंने बताया कि युद्ध सायरन बजते ही लोग घर की बत्ती बंद करें, जरूरी कागजात, दवाइयाँ, रेडियो, टॉर्च और राशन जैसे जरूरी सामान एक किट में रखें। प्रशिक्षण को सफल बनाने में डॉ. के. के. चौधरी, डॉ. संजय कुमार, डॉ. इमदाद आलम, और प्रशिक्षक प्रीतम कुमार, सतीश ठाकुर, रूपेश गांधी ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। सहयोग सदस्य राजा कुमार, रेखा कुमारी, नंदनी कुमारी, निखत परवीन, ईशु जायसवाल, रिफत खातून सहित दर्जनों युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और दूसरों को भी प्रशिक्षित करने की शपथ ली। इस आयोजन ने साबित कर दिया कि नागरिक अगर सजग और संगठित हों, तो किसी भी आपदा से निपटना संभव है।

# आज का नया भारत अपने दुश्मनों को घर में घुसकर मारता है- सांसद प्रदीप कुमार सिंह

**बेटियों की सुहाग उजाड़ने वालों को ऑपरेशन सिंदूर से मिला करारा जवाब यह युद्ध नहीं, आतंक के खिलाफ न्याय की कार्रवाई है और पूरी दुनिया भारत के साथ खड़ी है ।ःएमपी**



**दैनिक समाज जागरण नई दिल्ली।**
भारतीय सेना द्वारा मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में स्थित नौ प्रमुख आतंकी ठिकानों को मिसाइल हमलों से ध्वस्त कर दिया गया। इस साहसिक और निर्णायक कार्रवाई पर अररिया से लोकसभा सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने गहरा संतोष और भारतीय सेना के अदम्य पराक्रम के प्रति आभार प्रकट किया। सांसद सिंह ने कहा कि यह कार्यवाही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ नेतृत्व में नए भारत की बदलती सैन्य रणनीति का प्रमाण है। उन्होंने कहा, भारत अब सिर्फ चेतावनी नहीं देता, अब जवाब देता है - वह भी दुश्मन के घर में घुसकर। सांसद ने आगे कहा कि पहलगाम आतंकी हमले में जिन बेटियों ने अपने सुहाग खोए, उनके आंसुओं का बदला देश ने लिया है। ऑपरेशन सिंदूर उन वीरांगनाओं को श्रद्धांजलि है जिनका जीवन आतंक की वजह से उजड़ गया। उन्होंने कहा कि भारत की यह कार्रवाई आतंकवाद के खिलाफ उसके जीरो टॉलरेंस नीति की स्पष्ट अभिव्यक्ति है। आज का भारत न सिर्फ आतंक के ठिकानों को निशाना बना सकता है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपनी नीति और सामर्थ्य से समर्थन प्राप्त कर रहा है। सांसद ने अंत में कहा कि यह युद्ध नहीं, आतंक के खिलाफ न्याय की कार्रवाई है और पूरी दुनिया भारत के साथ खड़ी है।

## अंतरराष्ट्रीय समुद्री रक्षा प्रदर्शनी (आईएमडीईएक्स) - 2025

भारतीय नौसेना का जहाज आईएनएस किल्टान चांगी प्रदर्शनी केंद्र में आईएमडीईएक्स एशिया 2025 में भाग लेने के लिए सिंगापुर पहुंचा। यह यात्रा भारतीय नौसेना की परिचालन तैनाती का हिस्सा है और भारत और सिंगापुर के बीच मजबूत समुद्री साझेदारी को प्रदर्शित करता है। अपने प्रवास के दौरान जहाज के चालक दल द्विपक्षीय/बहुपक्षीय गतिविधियों की श्रृंखला के तहत शामिल हो रहे हैं, जिसमें सिंगापुर की नौसेना और आईएमडीईएक्स एशिया 2025 में भाग लेने वाली अन्य नौसेनाओं के साथ व्यावसायिक आदान-प्रदान शामिल है। इन गतिविधियों का उद्देश्य नौसैनिक सहयोग को मजबूत करना, अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाना और दोनों नौसेनाओं के बीच आपसी समझदारी को बढ़ावा देना है ।समुद्री सुरक्षा और भारत की नौसैनिक विरासत के बारे में अधिक जागरुकता बढ़ाने के लिए स्कूली बच्चों के लिए निर्देशित पर्यटन, भाग लेने वाली नौसेनाओं के साथ क्रॉस डेक दौरे और रक्षा उद्योगों के लिए क्यूरेटेड दौरे की योजना बनाई गई है।

# सांसद मनीष जायसवाल पहुंचे रामगढ़, ऑपरेशन सिंदूर से उत्साहित लोगों ने किया उनका अभिनंदन

**ऑपरेशन सिंदूर का स्वागत, पीएम को धन्यवादः मनीष जायसवाल**

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल बुधवार की सुबह हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ पहुंचे तो सैनी होटल परिसर में स्थानीय भाजपा कार्यकताओं और उनके समर्थकों ने जबरदस्त स्वागत किया। जम्मू- कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद भारतीय सेवा द्वारा पाकिस्तान में घुस-ाकर ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद किया गया जिससे लोगों में खुशी का माहौल देखा गया और सांसद मनीष जायसवाल जी के माध्यम से लोगों



ने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को सलाम किया । मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने पाकिस्तान में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत द्वारा आतंकी शिविरों पर एयर स्ट्राइक किए जाने के बाद रामगढ़ में बुधवार को मीडिया को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश के जवानों को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर ढेरों शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि देश ने उन महिलाओं का बदला चुकाया जिनका सिंदूर आतंकवादियों ने मिटा दिया था। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा यह ऑपरेशन किसी देश या सेना के खिलाफ नहीं था। बल्कि आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई थी। जो यह स्पष्ट संदेश देता है कि भारत आतंकवाद के खिलाफ है। ऑपरेशन सिंदूर चला कर देश का मान सम्मान बढ़ाया है। जो आतंकवादियों को क-ड़ी चुनौती दिया है कि जो भी संगठन भारत की सुरक्षा व्यवस्था को भांग करेगा उसे मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा । मौके पर विशेषरूप से भाजपा जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, हजारीबाग भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजकरण पांडेय, रामगढ़ जिला के सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, हजा-रीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, रामगढ़ विस सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस, रामगढ़ नगर परिषद स-ांसद प्रतिनिधि सह भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज गिरी, गोला भाजपा मंडल सांसद प्रतिनिधि प्रीतम झा, बरलंगा सांसद प्रतिनिधि मंशु बेदिया, दुलमी सांसद प्रतिनिधि विक्की कुमार महतो, अर्जुन वर्मा, नूतन कुमार, सू-रज कुमार , राहुल पासवान, अमर बोदरा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

# ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना की वीरता और राष्ट्र की संप्रभुता की रक्षा का प्रतीक है - श्री भरत सिंह*

**दैनिक समाज जागरण 07.05.2025 जिला संवाददाता चांद कुमार लायेक पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



जमशेदपुर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री भरत सिंह ने आज एक प्रेस बयान जारी करते हुए ऑपरेशन सिंदूर को भारतीय सेना की साहसिक कार्रवाई और आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक संदेश बताया। श्री भरत सिंह ने कहा कि आज का दिन भारतीय सैन्य इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर न केवल जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हुए कायराना आतंकी हमले का करारा जवाब है, बल्कि यह दर्शाता है कि अब भारत आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर अडिग है। मैं भारतीय सेना के पराक्रमी जवानों को शत-शत नमन करता हूँ, जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा हेतु अपने साहस और रणनीतिक कौशल से दुश्मन को स्पष्ट संदेश दिया है। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और रक्षामंत्री श्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में भारत अब आतंकवाद को उसी की भाषा में जवाब देने में सक्षम और संकल्पबद्ध है। श्री सिंह ने यह भी कहा कि,पाकिस्तान की सरजमीं पर पल रहे आतंकी अड्डों को जिस प्रकार से चिन्हित कर समाप्त किया गया है, वह भारत की नई रक्षा नीति की दृढ़ता को दर्शाता है। यह सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि हर भारतवासी की पीड़ा और आक्रोश का जवाब है। साथ ही भरत सिंह ने जानकारी दी कि आज शाम 7 बजे जमशेदपुर में एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया है, जिसका उद्देश्य जनता को आपात स्थितियों में सजग एवं सतर्क रहने का अभ्यास कराना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस अभ्यास में संयम और सहयोग बनाए रखें। अंत में श्री भरत सिंह ने सभी देशवासियों से अपील की कि वे सेना के पराक्रम पर गर्व करें और देश की एकता व अखंडता के लिए एकजुट होकर आतंकवाद के विरुद्ध इस राष्ट्रीय अभियान का समर्थन करें। यह 21वीं सदी का भारत है, यह मोदी के नेतृत्व वाला भारत है, आंख मिलाकर और घर में घुसकर मारेगा।

# डीबीएमएस हाई स्कूल में रक्षासूत्र तोड़ने पर बवाल: हिंदू संगठनों का प्रदर्शन, शिक्षिका पर कार्रवाई की माँग तेज, जाँच कमिटी गठित

**दैनिक समाज जागरण 07.05.2025 जिला संवाददाता चांद कुमार लायेक पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



जमशेदपुर के कदमा स्थित डी.बी.एम.एस. हाई स्कूल में छात्रों के रक्षासूत्र जबरन तोड़ने के मामले ने धार्मिक रंग ले लिया है। आरोप है कि कक्षा 8-डी के छात्र आदित्य ओझा समेत कई बच्चों की कलाई से शिक्षिका शगुफ्ता नाज ने रक्षासूत्र काटकर हटाया और आगे न पहनने की चेतावनी दी। इस घटना को लेकर छात्र के पिता पवन ओझा ने विद्यालय प्रबंधन को लिखित शिकायत दी है। वहीं शिक्षा सत्याग्रह के अध्यक्ष अंकित आनंद ने इसे धार्मिक स्वतंत्रता पर हमला बताते हुए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, उपायुक्त और जिला शिक्षा अधीक्षक को पत्र सौंपकर कार्रवाई की माँग उठाया है। बुधवार को सनातन उत्सव समिति, विश्व हिंदू परिषद, हिंदू पीठ और शिक्षा सत्याग्रह के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से स्कूल गेट के समक्ष प्रदर्शन किया। अजय गुप्ता, चिंटू सिंह, अरुण सिंह, अंकित आनंद, ललित राव, अमित सिंह, कुलदीप सिंह, मीरा सिंह, अमृत सिंह, मनीष सिंह, हर्ष अग्रवाल, शुभम, जैसे प्रमुख नेता प्रदर्शन में शामिल रहे। प्रदर्शनकारियों ने शिक्षिका को बर्खास्त करने, स्कूल से सार्वजनिक माफीनामा जारी करने और घटना की निष्पक्ष जाँच की माँग की। विरोध के दौरान कदमा थाना की पुलिस तैनात रही। शुरूआत में प्रबंधन ने वार्ता से दूरी बनाई, लेकिन बढ़ते दबाव के बीच प्रबंधन ने पीड़ित अभिभावकों और संगठन प्रतिनिधियों से बैठक कर घटना पर अफसोस जताया और पुनरावृत्ति न होने का आश्वासन दिया। वार्ता के दौरान स्कूल प्रबंधन की ओर से बी. चंद्रशेखर, प्रिंसिपल गुरप्रीत भामरा, सतीश सिंह समेत अन्य मौजूद रहें. वहीं प्रदर्शनकारी नेताओं में अरुण सिंह, सतीश गुप्ता, चिंटू सिंह, अंकित आनंद, ललित राव समेत अन्य मौजूद थें। वार्ता के दौरान छात्र आदित्य ओझा, छात्र के पिता पवन ओझा और शिक्षिका शगुफ्ता नाज भी मौजूद रहीं। प्रदर्शन से पहले सनातन उत्सव समिति के सदस्यों ने जिला शिक्षा अधीक्षक से भी मुलाकात किया। जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष पांडेय ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी की अध्यक्षता में जाँच कमिटी बनाई गई है, जो सीसीटीवी फुटेज समेत सभी पक्षों से पूछताछ कर प्रतिवेदन सौंपेगी। उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देश पर शिक्षा विभाग और पुलिस (कदमा थाना) दोनों स्तर पर जाँच जारी है। प्रदर्शनकारियों हिंदूवादी नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे में माफीनामा और कार्रवाई नहीं हुई तो चरणबद्ध आंदोलन होगा।

# अनुपपुर में सामुदायिक समर्थन के साथ एमबी पावर की 1600 मेगावाट विस्तार योजना को मिली गति

**समाज जागरण विजय तिवारी**



जैतहरी 7 मई 2025: एमबी पावर (मध्यप्रदेश) लिमिटेड की प्रस्तावित 1600 मेगावाट विस्तार योजना को अनुपपुर जिले में आयोजित जनसुनवाई के दौरान व्यापक सामुदायिक समर्थन मिला है। यह जनसुनवाई मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा कंपनी के वर्तमान 2630 मेगावाट संयंत्र में 2800 मेगावाट की अतिरिक्त क्षमता के विस्तार हेतु आयोजित की गई थी, जो नियामकीय स्वीकृति के अधीन है। यह जनसुनवाई शासकीय महाविद्यालय, लहरपुर में पर्यावरणीय और जिला अधिकारियों की देखरेख में संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, शहडोल के क्षेत्रीय अधिकारी श्री मुकेश श्रीवास्तव एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अनुपपुर श्री दिलीप पांडे ने की। आसपास के गांवों से आए नागरिकों ने पर्यावरणीय सुरक्षा, जल उपयोग, उत्सर्जन और दीर्घकालिक स्वास्थ्य प्रभाव जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि अब ग्रामीण समुदायों में कॉरपोरेट जवाबदेही के प्रति जागरूकता और अपेक्षाएं बढ़ रही हैं। इन बिंदुओं पर कंपनी के अधिकारियों ने विकास योजनाएं प्रस्तुत कीं तथा प्रदूषण नियंत्रण, वनीकरण और सामुदायिक विकास कार्यक्रमों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कंपनी द्वारा कौशल प्रशिक्षण और आधारभूत संरचना विकास जैसे कार्यों में पूर्व से की गई सहभागिता ने जनविश्वास अर्जित करने में मदद की। समग्र वातावरण सहयोगात्मक रहा, कुछ नागरिकों ने यह अपेक्षा जताई कि उरफ के धन को स्थानीय लोगों की प्राथमिकता के अनुसार व्यय किया जाए। वहीं स्थानीय वरिष्ठ जन प्रतिनिधियों ने मौजूदा 2x630 टह थर्मल पावर प्लांट में 2x800 टह के कोयला आधारित अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट के वृद्धि के लिए अपना पूर्ण रूप से समर्थन दिया, इन प्रतिनिधियों में विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष एवं बीजेपी वरिष्ठ नेता अनिल गुप्ता, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती राठौर, कांग्रेस नेता एवं जिला पंचायत सदस्य, भूपेंद्र सिंह, बीजेपी नेता जय प्रकाश अग्रवाल, पूर्व नगर परिषद जैतहरी अध्यक्ष श्रीमती नवरत्नी शुक्ला, नगर परिषद जैतहरी के उपाध्यक्ष एवं बीजेपी नेता रवि राठौर शामिल रहे। सशर्त सामुदायिक समर्थन के साथ यह जनसुनवाई एमबी पावर की विस्तार योजना की अनुमोदन प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई है, जो यह दशार्ता है कि बड़े औद्योगिक प्रोजेक्टों में निरंतर जनसंपर्क और सहभागिता कितना आवश्यक है।

# बागबेड़ा के स्कूलों में हवाई हमले से सुरक्षा को लेकर मॉक ड्रिल, बच्चों को दिए गए जरूरी सुरक्षा टिप्स

### हवाई हमले के प्रति सजगता के लिए आयोजित हुआ पूर्व नियोजित अभ्यास

**दैनिक समाज जागरण 07.05.2025 जिला संवाददाता चांद कुमार लायेक पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



जमशेदपुर के बागबेड़ा क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल के तहत हवाई हमले से बचाव के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह पूर्व नियोजित अभ्यास श्री कृष्णा इंग्लिश मीडियम पब्लिक स्कूल (रोड नंबर 1) और उत्क्रमित मध्य विद्यालय, नया बस्ती (रोड नंबर 3) में किया गया। इसका उद्देश्य आम जनता और खासकर स्कूली बच्चों को आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मानसिक रूप से तैयार करना था। लोगों को घबराने के बजाय सतर्क रहने का संदेश कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि यदि कभी हवाई हमले जैसी स्थिति उत्पन्न होती है, तो घबराने के बजाय सतर्कता और जागरूकता से ही जान-माल की रक्षा संभव है। इस ड्रिल के दौरान बच्चों को कई महत्वपूर्ण सुरक्षा टिप्स दिए गए, जिससे वे ऐसी किसी भी परिस्थिति में सही निर्णय ले सकें।सायरन बजाकर स्कूली बच्चों को मॉक ड्रिल करवाया गया। स्मार्ट टीवी के माध्यम से भी स्कूली बच्चों को समझाया गया। स्कूल स्टाफ और पंचायत प्रतिनिधियों की रही अहम भूमिका इस मॉक ड्रिल में स्कूल की प्रधानाध्यापिका कृष्णा पांडे, सरोज सिंह, नदीरा खातुन,शिक्षक-शिक्षिकाएं अभिवंदना, शालिनी, सुखनीत कौर, पुनीता गिरी, रेखा लकड़ा, निर्मला देवी, रश्मि कुमारी और पंचायत प्रतिनिधि पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, उप मुखिया मुकेश सिंह, मुखिया गौरी टोप्पो विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को सिखाया कि आपातकालीन सायरन बजते ही तुरंत सुरक्षित स्थान की ओर बढ़ना चाहिए, घरों और स्कूल की खिड़कियां, दरवाजे और लाइटें बंद रखनी चाहिए, और अनावश्यक घबराहट से बचना चाहिए। जरूरी सामग्री तैयार रखना भी सिखाया गया सुरक्षा को लेकर बच्चों को यह भी बताया गया कि हमेशा एक आपातकालीन किट तैयार रखनी चाहिए, जिसमें जरूरी दवाइयां, टॉर्च, पानी, और अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल हों। इस प्रकार की सतर्कता और पूर्व तैयारी आपदा की स्थिति में जीवन रक्षक साबित हो सकती है।

# बंजर में निकला आरोपी का मकान,फरियादी का नव निर्माण वैध

### एसडीएम पिंडरा के निर्देश पर राजस्व टीम पहुंची खड़खड़ी गांव, की पैमाइश

### मामला एसडीएम पिंडरा के बिगड़े बोल की

**दैनिक समाज जागरण अतुल सोनी चोलापुर वाराणसी**

वाराणसी।एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा ने जिस कुसुम पांडे की शिकायत पर लेखपाल नीरज को कार्यवाही का निर्देश दिया था,वे बगैर जमीन की पैमाइश किए ही किशन पांडेय की निजी जमीन को बंजर बताकर सिंधोरा पुलिस को झूठी रिपोर्ट देकर पुलिस से पिटाई करवाने के बाद जबरन निर्माण कार्य रूकवा दिया था,अब उसमें पैमाइश के बाद सच्चाई कुछ और ही निकली। प्रत्यक्षदर्शियों एवं पीड़ित के मुताबिक बुधवार को एसडीएम के निर्देश पर लेखपाल नीरज तीन सदस्यीय टीम के साथ खड़खड़ी गांव में पहुंचकर किशन पांडे के निजी भूमि तथा कुसुम पांडे के बने मकान के जमीन की पैमाइश किया तो पता चला कि किशन पांडे अपने निजी जमीन में नवनिर्मित मकान बनवा रहे हैं,वहीं कुसुम पांडे का पूर्व में बना हुआ मकान बंजर की जमीन में है। पीड़ित पक्ष योगेश पांडे व किशन पांडे ने बताया कि लेखपाल ने मौके पर ही यह बात कही, बशर्ते उन्होंने यह भी कहा कि निर्माण का कार्य अभी नहीं बल्कि एसडीएम साहब के निर्देश पर ही होगा। बहरहाल



पीड़ित पक्ष के बातों की पुष्टि नहीं हो पाई है। इस मामले में एसडीएम प्रतिभा मिश्रा से फोन पर बात करके उनका पक्ष रखने का प्रयास किया गया,परंतु उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। लेखपाल नीरज ने भी इस मामले में कुछ भी बताना मुनासिब नहीं समझा,इसलिए उन्होंने भी कॉल रिसीव नहीं किया। वैसे इस मामले में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार के निर्देश पर एडीएम सप्लाई को एसडीएम प्रतिभा मिश्रा तथा लेखपाल व पुलिस के विरुद्ध जांच सौंपी गई है,इस मामले में अब जांच बाद ही कुछ कह पाना संभव होगा। बताते चले कि एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा द्वारा बीते शुक्रवार को पत्रकारों के समक्ष ही तल्ख तेवर में फरियादी किशन पांडेय के साथ दुर्व्यवहार करने तथा उसे थाने में बंद करवा कर पिटवाए जाने की धमकी देने के साथ ही पत्रकारों को नमक मिर्च लगाकर खबर छापने की बोल इन दिनों जिला हीं नहीं पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मामले में बीते मंगलवार को पत्रकार प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक के नेतृत्व में सैकड़ो पत्रकारों ने मंडलायुक्त एस राजलिंगम तथा जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंप कर एसडीएम के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग किया है। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने पत्रकारों को बताया कि मामले की जांच एडीएम सप्लाई को सौंप दी गई है,जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। एक तरफ जहां मंडलायुक्त ने मामले को गंभीरता से लेकर जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है, तो वहीं जिलाधिकारी ने एसडीएम के विरुद्ध एडीएम सप्लाई को जांच का जिम्मा सौंप दिया है। मंडलायुक्त तथा जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम ने बुधवार को लेखपाल को मौके पर भेज कर पैमाइश करवाई।

# महिला पर्यवेक्षक भर्ती का रिजल्ट जून अंतिम सप्ताह तक जारी, 660 पदों पर होगी भर्ती

### रिक्त पदों का विवरण और वेतनमान


**दैनिक समाज जागरण**




भोपालः महिला पर्यवेक्षक भर्ती की परीक्षाएं 13 अप्रैल 2025 को संपन्न हो चुकी है अब कर्मचारी चयन मंडल द्वारा रिजल्ट बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है 660 पदो के लिए रिजल्ट जून के अंतिम सप्ताह मे जारी हो सकता है जानकारी के अनुसार संचालनालय महिला एवं बाल विकास, मध्यप्रदेश के अंतर्गत पर्यवेक्षक के नियमित पदों पर सीमित सीधी भर्ती एवं खुली सीधी भर्ती हेतु रिक्त पदों का विवरण इस प्रकार से है पद कोड 01 पर्यवेक्षक आंगनवाड़ी कार्यकताओं से सीमित सीधी भर्ती (बैकलॉग) सिर्फ महिला आंगनवाड़ी कार्यकताओं हेतु 10 पदो पर भर्ती की जाएगी पद कोड 02 पर्यवेक्षक - खुली सीधी भर्ती (बैकलॉग) (सिर्फ महिलाओं हेतु ) के लिए 9 पदो पर भर्ती की जाएगी पद कोड 03 पर्यवेक्षक आंगनवाड़ी कार्यकताओं से सीमित सीधी भर्ती (सिर्फ महिला आंगनवाड़ी कार्यकताओं हेतु ) के लिए 321 पदो पर भर्ती की जाएगी पद कोड 04 - पर्यवेक्षक खुली सीधी भर्ती (सिर्फ महिलाओं हेतु) के लिए 288 पद भरे जायेंगे पद कोड 05 पर्यवेक्षक खुली सीधी भर्ती(मात्र पुरुषों हेतु) के लिए 32 पद भरे जायेंगे इन सभी पोस्टों के लिए वेतनमान 25300 से 80500 रहेगा यह भर्ती लंबे समय के अंतराल में आने से फॉर्म भरने वालों की संख्या में वृद्धि हुई है इस बार पुरुष अभ्यर्थियों ने भी फॉर्म भरे है पहले जो भर्ती निकाली गई थी उसमे केवल महिला अभ्यर्थियों के लिए थी इस बार 660 पदो के लिए लगभग 590000 फॉर्म भरे गए थे सूत्रों के अनुसार महिला पर्यवेक्षक भर्ती 2024 का रिजल्ट जून के अंतिम सप्ताह में जारी किया जा सकता है एनीमल हस्बेंड्री एवं डेयरी टेक्नोलॉजी डिप्लोमा इंट्रेंस टेस्ट 2025 सोमवार को कर्मचारी चयन मंडल ने एनीमल हसबेंड्री एवं डेयरी टेक्नोलॉजी डिप्लोमा एंट्रेंस टेस्ट (ADDET) 2025 की नियम पुस्तिका जारी कर दी गई है इसके ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 7 मई से 21 मई 2025 तक लिए जायेंगे आवेदन करने से पहले कर्मचारी चयन मंडल के अधिकारी वेबसाइट से नियम पुस्तिका डाउनलोड कर सकते हैं इसकी परीक्षाएं 12 जून से दो पालियों में होगी

# सिंदूर तो सिर्फ झांकी है,मेंहदी और हल्दी बाकी है

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। भारत जो कहता है वह करके दिखाता है। 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकियों ने पहलगांव में पर्यटकों की निर्मम हत्या जाति पूछकर किया था उससे पूरा देश ही नहीं विश्व भी गमगीन हो उठा था।हर एक के जुबान पर सिर्फ एक ही आवाज थी कि हमें पाकिस्तान से बदला लेना है। भारत की सेना ने कहा था कि धैर्य रखिये इसका हिसाब जल्द ही होगा।और भारत की सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर'के तहत कार्यवाही करके पूरी कर दिया। सातो महुआ हनुमान मंदिर पर हरहुआ मण्डल की ओर से सेना द्वारा जबाबी खुशी में इकठ्ठा होकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। भाजपा वरिष्ठ नेता कपिलनारायन पांडेय ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर तो महज एक झांकी है, मेहदी और हल्दी की बारी तो बाकी है।' भारतीय सेना ने बहावलपुर में जैश के सरगना मसूद अजहर के ठिकाने सहित नौ आतंकी ठिकानों पर वायु व थल सेना ने बमबारी कर 12 आतंकियों को जहन्नुम में पहुंचा दिया। 15वे दिन भारतीय सेना ने पहलगाम के पीड़ितों के साथ देश को न्याय दिलाया। मुजफ्फराबाद की बिलाल मस्जिद में चल रहे लश्कर के कैम्प को भारतीय मिसाइल ने नष्ट किया। अब देश के हित मे सिन्धुजल बहेगा,पहले भारत के हक का पानी भी देश से बाहर जा रहा था अब देश के काम आएगा। युद्ध को लेकर मॉकड्रिल के द्वारा ट्रैफिक जाम, अस्थायी रूप से सड़क बन्द होने,इंटरनेट बन्द होने या ब्लैक आउट सहित कई अहम निर्णयों की कार्यवाही होगी ऐसे में देश के अंदर नागरिकों की सुरक्षा के लिए पूरे देश को पार्टी राजनीति छोड़कर देश की राजनीति का माहौल बनाने में सबके सहयोग की जरूरत होगी। हमें हर कुर्बानियों के लिए सजग और तैयार रहने की जरूरत और शांति बनाए रखने पर बल दिया। इस अवसर पर भाजपा नेता अजय मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य गौतम सिंह, भाजपा नेता विनय सिंह 'हिटलर', अरुणेंद्र सिंह ने बदले की धधकती आग को राहत और भारतीय मृतकों के न्याय पर विचार व्यक्त किया। मुख्य रूप से ओमप्रकाश , रामाश्रय सिंह, बादल, मनोज ,सुजीत ,अनिल पाण्डेय , बिहारी पटेल, आकाश पांडेय ,मायाशंकर पटेल, प्रदीप सिंह,पंकज तिवारी ,विजय वर्मा ,रविन्द्र राय,कैलाश पांडेय,गगन चौबे समेत कई नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के हस्तक्षेप के बाद सोथबी हांगकांग ने पिपरहवा से प्राप्त बौद्ध अवशेषों की नीलामी स्थगित की

केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय को पिपरहवा उत्खनन से प्राप्त पवित्र बौद्ध अवशेषों की अंतर्राष्ट्रीय नीलामीकर्ता कंपनी सोथबी हांगकांग इकाई द्वारा की जाने वाली नीलामी स्थगित कराने में सफलता मिली है। यह नीलामी आज 7 मई, 2025 को निर्धारित थी। पिपरहवा पुरातात्विक खुदाई से प्राप्त अवशेषों में महात्मा बुद्ध की अस्थियों के टुकड़े, सेलखड़ी और स्फटिक से निर्मित ताबूत, बलुआ पत्थर का संदूक और अर्पित किये गये स्वर्ण आभूषण तथा रत्न इत्यादि शामिल हैं। वर्ष 1898 में ब्रिटिश औपनिवेशिक इंजीनियर विलियम क्लैक्सटन पेप्पे द्वारा वहां उत्खनन कराया गया था। एक ताबूत पर ब्राह्मी लिपि में उत्कीर्ण अभिलेख से पुष्टि हुई थी कि ये बुद्ध के अवशेष हैं, जिन्हें शाक्य वंश द्वारा वहां स्थापित किया गया था। इनमें से अधिकांश अवशेषों को 1899 में भारतीय संग्रहालय, कोलकाता में स्थानांतरित कर दिया गया था और भारतीय कानून के अंतर्गत इन्हें 'एए' श्रेणी के पुरावशेषों के रूप में वर्गीकृत किया गया, जिन्हें हटाना या बेचना प्रबंधित किया गया। अस्थि अवशेषों का एक भाग सियाम (वर्तमान थाईलैंड) के नरेश को उपहार में दिया गया था, जबकि डब्ल्यूसी पेप्पे के परपोते क्रिस पेप्पे के पास रहे बुद्ध के अंतिम संस्कार के रत्नों का एक हिस्सा नीलामी के लिए सूचीबद्ध किया गया था। मीडिया रिपोर्टों में नीलामी के बारे में जानकारी मिलने पर संस्कृति मंत्रालय ने तुरंत निम्नलिखित कार्रवाई शुरू की: 2 मई, 2025 को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के महानिदेशक ने हांगकांग के महावाणिज्य दूतावास को पत्र लिखकर नीलामी तत्काल रोकने का अनुरोध किया।

उसी दिन एक द्विपक्षीय बैठक के दौरान, संस्कृति मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने ब्रिटेन की संस्कृति, मीडिया और खेल मंत्री लीसा नैंडी के समक्ष यह मामला उठाया तथा अवशेषों के सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व पर जोर देते हुए तत्काल कार्रवाई का आग्रह किया। 5 मई, 2025 को संस्कृति सचिव ने इस विषय में आगे के कदमों पर चर्चा के लिए एक समीक्षा बैठक बुलाई।

# ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने अपनी भूमि पर हुए हमले का जवाब देने के स्व-अधिकार का इस्तेमाल किया: रक्षा मंत्री

### सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी शिविरों को नष्ट करने में सटीकता, सावधानी और चेतनापूर्ण कार्रवाई कर इतिहास रच दिया

### श्री राजनाथ सिंह ने वर्चुअल माध्यम से सीमा सड़क संगठन की 50 बुनियादी ढांचे परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं

### 1,879 करोड़ रुपये की लागत से आठ सीमावर्ती राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में निर्मित परियोजनाएं, सड़क संपर्क और राष्ट्रीय सुरक्षा सुदृढ़ करने के साथ ही आर्थिक समृद्धि बढ़ाएंगी

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 07 मई, 2025 को दिल्ली कैंट स्थित मानेकशॉ सेंटर में सीमा सड़क संगठन के 66वें स्थापना दिवस समारोह में अपने संबोधन में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर द्वारा भारत ने अपनी भूमि पर हुए हमले का जवाब देने के स्व-अधिकार का इस्तेमाल किया है और सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी प्रशिक्षण केंद्रों और शिविरों को नष्ट करने में सटीकता, सावधानी और चेतनापूर्वक कार्रवाई कर इतिहास रच दिया है। रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि नागरिक आबादी को नुकसान पहुंचाए बिना योजनाबद्ध तरीके से लक्ष्यों का तबाह किया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए उन्होंने सशस्त्र बलों की सराहना की। श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज की हमारे सशस्त्र बलों की कार्रवाई पूरी दुनिया ने देखी है। बहुत योजनाबद्ध और सटीक तरीके से इसे अंजाम दिया गया। हालांकि यह कार्रवाई केवल आतंकवादियों के प्रशिक्षण में इस्तेमाल होने वाले शिविरों और संबंधित बुनियादी ढांचों को नष्ट करने तक सीमित थी, जिसका उद्देश्य खासतौर पर आतंकियों और उनके आकाओं का मनोबल तोड़ना था। रक्षा मंत्री ने कहा कि पूरे देश की ओर से इस अभियान के लिए वे सशस्त्र बलों को बधाई देते हैं। श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को भी बधाई देते हैं, जिन्होंने रक्षा बलों को पूरा समर्थन दिया। आयोजन में रक्षा मंत्री ने आभासी माध्यम से सीमा सड़क संगठन की 50 रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं। इनमें 30 पुल, 17 सड़कें और तीन अन्य अवसंरचना कार्य शामिल हैं। कुल 1,879 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित ये परियोजनाएं छह सीमावर्ती राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों झ जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, अरुणाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, मिजोरम, पश्चिम बंगाल और राजस्थान में व्याप्त हैं और दूरदराज के क्षेत्रों में देश की सुरक्षा, संपर्क और विकास को पोषित करती हैं। सीमा सड़क संगठन ने पिछले दो वर्षों में 5,600 करोड़ रुपये के परिव्यय से 161 बुनियादी ढांचे परियोजनाओं को पूरा किया है, जो एक रिकॉर्ड है। इनमें पिछले वर्ष की 111 परियोजनाएं शामिल हैं। पिछले चार वर्षों में संगठन ने 13,743 करोड़ रुपये की कुल लागत से 456 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को पूरा किया है। श्री राजनाथ सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि आज ई-उद्घाटन की गई परियोजनाएं सड़क संपर्क बढ़ाएंगी, राष्ट्रीय सुरक्षा सुदृढ़ करेंगी और संबंधित क्षेत्रों की आर्थिक समृद्धि में सहायक होंगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि ये परियोजनाएं रक्षा तैयारियों को बढ़ाएंगी तथा परियोजना क्षेत्रों में परिवहन, पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देंगी। श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ये मात्र बुनियादी ढांचे परिसंपत्तियां नहीं, बल्कि उज्जवल भविष्य के मार्ग हैं। रक्षा मंत्री ने सीमा सड़क संगठन के कार्यों को रणनीतिक महत्व का बताते हुए कहा कि आधुनिक रक्षा क्षमता सिर्फ.हथियारों पर ही नहीं, बल्कि उन्हें समर्थन देने वाले बुनियादी ढांचे पर भी निर्भर होती है। उन्होंने कहा कि आपके पास सबसे तेज टैंक या सबसे उन्नत विमान हो सकते हैं, लेकिन अगर वे समय पर जरूरत के मुताबिक नहीं पहुंच पाएं, तो वे अर्थहीन हो जाते हैं। सीमा सड़क संगठन यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है कि हमारी सेना हमेशा तैयार और परिचालन सुविधायुक्त रहे। उन्होंने पर्दे के पीछे रहकर भी राष्ट्र की सुरक्षा में योगदान देने वाले सीमा सड़क संगठन के कर्मयोगियों की भरपूर सराहना की। श्री राजनाथ सिंह ने वर्तमान भू-राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए सशस्त्र बलों के लिए नई पीढ़ी के आधुनिक ढांचे के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सीमा सड़क संगठन को यह सुनिश्चित करना होगा कि इसकी तैयारी युद्ध स्तर पर हो। रक्षा मंत्री ने सीमावर्ती क्षेत्रों में विकास कार्य सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने सेला सुरंग का विशेष उल्लेख किया जो रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संपर्क व्यापक बनाने के संकल्प का प्रतीक बन गई है। उन्होंने सीमावर्ती गांवों के पुनरुद्धार के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण का उल्लेख किया। श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम जैसी पहल के तहत सरकार प्रतिदिन लगभग 35 किलोमीटर सड़क बनाकर संपर्क विस्तारित कर रही है। महानिदेशक सीमा सड़क (डीजीबीआर) लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के बढ़ते राष्ट्रीय महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि यह संगठन सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए केंद्रीय मंत्रालयों की प्रमुख पसंदीदा एजेंसी के रूप में उभरा है। उन्होंने जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स (जीआरईएफ) और वेतनभोगी मजदूरों सहित अपने कार्यबल कर्मियों के कल्याण और सम्मान के प्रति बीआरओ की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।